धनबाद, बुधवार 17.04.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-56 पृष्ठ- 12
चैत्र शुक्ल पक्ष-9
संवत 2080

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर




# पीएम मोदी कराएं शिवकुमार यादव के काला धन से अर्जित की गई संपत्तियों की जांच

## बीसीसीएल के दो बंगलों को बाप-बेटों ने हड़प लिया है जीएम की मिलीभगत से ✪ कालीचरण ड्राईवर की नियुक्ति में हुआ है गड़बड़झाला, सीबीआई एसपी करें जांच












**धनबाद (कासं):** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिलाध्यक्ष रत्नेश कुमार ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पीएमओ कार्यालय एवं ईडी डायरेक्टर सीबीआई डायरेक्टर को बिहार ऑबजर्वर अखबार में छपी गफ्फार अंसारी का बयान को लगाते हुए ट्वीट कर कहा है कि शिवकुमार यादव के अरबों का संपत्ति आय से अधिक है। इसकी जांच करवा कर महाघोटालेबाजों और रंगदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि डीओ धारकों से अरबों रुपये की नगदी कालाधन वसूल कर नामी बेनामी संपत्ति अर्जित किया है। उन्होंने कहा है कि भौंरा के जीएम के बंगले और एक दूसरे बीसीसीएल के बंगले को शिवकुमार यादव और उनके पिता कालीचरण यादव ने जबरन दखल कर लिया है। बीसीसीएल के भौंरा जीएम मित्तल के मिलीभगत होने के कारण बीसीसीएल के बंगले से अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि बीसीसीएल के अधिकारिक दो बंगलों का पानी और बिजली भी बीसीसीएल भौंरा एरिया भरता है और बिजली पानी का उपभोग शिवकुमार यादव और उनके पिता करते हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल के भौंरा एरिया में ड्राईवर की नौकरी से रिटायर होने वाले कालीचरण के बीसीसीएल में नियुक्ति में भी बड़ा घोटाला और जालसाजी हुआ है। उन्होंने कहा कि इसका सारा दस्तावेज उन्हें भौंरा के ईमानदार लोगों ने दिया है। इसकी जांच की मांग सीबीआई एसपी धनबाद और सीएमडी समीरन दत्ता से करेंगे। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर कोयला भौंरा एरिया के भौंरा पीट-३ से अवैध ढंग से बिना माईनिंग चालान और बिना डीओ के कागजता के बिना टपाया जा रहा है। आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों और बीसीसीएल के सेल्स विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के अलावे सीआईएसएफ की मिलीभगत से। उन्होंने कहा है कि डीआईजी विजय काजला भौंरा चेक पोस्ट और रोड सेल-३ और ४ में पदस्थापित सीआईएसएफ जवानों को हटाएं और यहां जमे सीआईएसएफ के अधिकारी को भी दूसरे एरिया भेजें। क्योंकि कोयला लुटेरों और रंगदारों से इनकी सांठगांठ है।

## कोयला व्यापारियों को रंगदारों के रंगदारी से मुक्त करा दूंगा:विधायक सरयू राय



**धनबाद (कासं) :** झारखंड के क्रांतिकारी विधायक सरयू राय ने बिहार ऑबजर्वर अखबार में छपी खबर और भौंरा के क्रांतिकारी एकता दल के अध्यक्ष गफ्फार अंसारी के द्वारा भौंरा क्षेत्र में डीओ धारकों, कोयला व्यापारियों से जबरन रंगदारी वसूले जाने के मामले की वीडियो जारी होनेके बाद उन्होंने कहा कि कोयला व्यापारी अगर उन्हें लिखित शिकायत करते हैं तो धनबाद कोयलांचल के भौंरा और अन्य क्षेत्रों से रंगदारी वसूली को बंद करवा दूंगा और कोयला माफियाओं और रंगदारों के विरुद्ध आंदोलन धनबाद की धरती से शुरू कर दूंगा।

## कांग्रेस ने गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से के एन त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया



**रांची (ससे):** कांग्रेस ने झारखंड से लोकसभा चुनाव के लिए गोड्डा, चतरा और धनबाद जिलों के प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। चतरा से के एन त्रिपाठी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे वहीं धनबाद से अनुपमा सिंह कांग्रेस की प्रत्याशी होंगी। इस संबंध में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से मंगलवार को आदेश जारी हुआ है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन तीनों नाम पर मुहर लगाई है।

# छत्तीसगढ़ में टॉप कमांडर समेत 29 नक्सली एनकाउंटर में ढेर, बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद





**नई दिल्ली (एजेंसी):** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ की खबर है. घटना को लेकर मिली सूचना के अनुसार २९ नक्सली इस घटना में मारे गए हैं. साथ ही मुठभेड़ में भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं. सुरक्षाबलों की तरफ से पूरे क्षेत्र में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है. मुठभेड़ में तीन जवानों के घायल होने की भी सूचना है. घटना छत्तीसगढ़ के कांकेर के थाना छोटेबेटिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में हुई.

मिली जानकारी के अनुसार चार एके-४७ असॉल्ट राइफल भी बरामद किए गए हैं. साथ ही इस मठभेड़ में २५ लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया.

**घटना में तीन जवान हुए घायल**

एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि मुठभेड़ में कई नक्सली मारे गए हैं. अधिकारियों की तरफ से कहा गया है कि घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है. घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं. इसके साथ ही इलाके में अब भी सर्चिंग अभियान जारी है. घटना दोपहर २ बजे की बतायी जा रही है.

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ हाल के दिनों में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं. हाल ही में बस्तर क्षेत्र में एक महिला नक्सली समेत दो इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था तथा सुरक्षाबलों ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था. पुलिस अधिकारियों ने बताया था कि सुकमा जिले में आठ-आठ लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है तथा बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है.

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर सीट के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच ▶▶ 4

## यूपीएससी में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव टॉपर

### सिविल सर्विसेज में 1016 कैंडिडेट सिलेक्ट, इनमें से 180 आईएएस और 200 आईपीएस बनेंगे

**नई दिल्ली (ईएमएस):** संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन- २०२३ का रिजल्ट जारी कर दिया। १०१६ कैंडिडेट्स इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, इंडियन पुलिस सर्विस और इंडियन फॉरेन सर्विस के लिए चुने गए है। इस साल यूपीएससी परीक्षा में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। वहीं दूसरे नंबर अनिमेष प्रधान और तीसरे पर डोनुरु अनन्या रेड्डी रहीं। इनके अलाव टॉप टेन में पीके सिद्धार्थ रामकुमार, रुहानी, सृष्टि डबास, अनमोल राठौड़, आशीष कुमार, नौशीन और ऐश्वर्यम् प्रजापति शामिल है। यूपीएसी में सफलता पाने वाले १०१६ उम्मीदवारों में ३४७ सामान्य वर्ग, ११५ ईडब्ल्यूएस, ३०३ अन्य पिछड़ा वर्ग, १६५ अनुसूचित जाति और ८६ अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।

## बूथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हुए शामिल

### सरना धर्म कोड आदि ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र की मुंह फेरने की नीति अधिक दिनों तक नहीं चलेगी



**सरायकेला खरसावां (ससे):** जिला मुख्यालय सरायकेला के गार्डन इन होटल में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा बूथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल हुए।

उन्होंने सरायकेला नगर एवं प्रखंड क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आगामी १३ मई को सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में मतदान होगा जिसमें भारी से भारी मतों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करना है इसके लिए सभी कार्यकर्ताएं संगठित होकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा- स्वास्थ्य के साथ-साथ लोगों लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक विकास को लेकर कार्य कर रही है आगे भी इस तरह के कार्य किए जाएंगे। हर पंचायत में उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए स्कूल महिया कराई गई है तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इसी प्रकार की पहल की गई है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का विकास किया जा सके।

उन्होंने कहा कि खतियान नीति ओबीसी को २७% आरक्षण सरना धर्म कोड आदि कई ज्वलंत मुद्दे हैं, जिसमें केंद्र सरकार सीधा तौर पर मुंह फेर लिया है परंतु अधिक दिनों तक यह नहीं चलेगी, यह आम लोगों की लड़ाई है और लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक लोगों को उनका हक अधिकार नहीं मिल जाता है। बूथ संवाद कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवेंदु महतो, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष छायाकांत गोराई ने भी संबोधित किया।

## 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ तेज होगी मोदी सरकार की कार्रवाई: नड्डा




**रामनाथपुरम (ईएमएस):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम के समर्थन में रोड शो किया। दरअसल अन्नाद्रमुक से निष्कासित पन्नीरसेल्वम भाजपा नीत राजग के तहत निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रामनाथपुरम से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। तमिलनाडु में १९ अप्रैल को मतदान होगा।

राज्य की स्टालिन सरकार पर निशाना साधते हुए नड्डा ने इस पार्टी के लोगों पर 'बालू घोटाले में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि द्रमुक का मतलब, डी यानी डायनेस्टी (वंशवाद), एम यानी मनी स्विंडलिंग (पैसे की हेराफेरी) और के यानी कट्टापंचायत (कंगारू अदालत) है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नडडा ने कहा कि चार जून के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी जाएगी और ''ये सभी लोग जेल में होंगे या जमानत पर होंगे। देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने के बाद चार जून को मतगणना होगी। नड्डा ने विशेष रूप से तैयार किये गये एक खुले वाहन में सवार होकर रोड शो किया।

उन्होंने पन्नीरसेल्वम की तारीफ कर उन्हें ऐसा ''वरिष्ठ नेता बताया जो अनुभवी एवं परिपक्व हैं तथा जिन्होंने तमिलनाडु की खातिर संघर्ष किया है।''नडडा ने कहा कि मोदी ने कोष आवंटन में इस दक्षिणी राज्य के साथ 'विशेष बर्ताव' किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ''तमिल संस्कृति एवं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि राजग के पिछले एक दशक ▶▶ 4

## पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट में बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने कहा

### हमसे हुई गलती, हम सार्वजनिक माफी मांगने को तैयार




**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को पतंजलि के विज्ञापन मामले में योग गुरु स्वामी रामदेव के माफीनामे पर सुनवाई हुई। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण भी सुप्रीम कोर्ट में मौजूद रहे। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत तौर पर सुप्रीम कोर्ट माफी मांगी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि पतंजलि की माफी अभी स्वीकार नहीं की गई है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा, ये भूल अज्ञानता में हुई है, हमारे पास सबूत हैं। जस्टिस अमानुल्ला ने कहा कि आप एलोपैथी पे उंगुली नहीं उठा पाएंगे, ये सही नहीं है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा कि हमने उत्साह में आकर ये कर दिया है। हम आगे सजग रहेंगे। हम एलोपैथी के बारे में कुछ नहीं बोलेंगे। हमसे हुई गलती, हम सार्वजनिक माफी मांगने को तैयार हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने स्वामी रामदेव से पूछा कि आपने कहा था कि कुछ और भी दाखिल करना चाहते हैं, कुछ अतिरिक्त दाखिल किया गया? इस पर रामदेव के लिए मुकुल रोहतगी ने कहा कि हमने अभी कुछ फाइल नहीं किया है, ▶▶ 4

## सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग मामलों में की गई कार्रवाई पर राज्यों से 6 हफ्ते में जवाब मांगा

### मॉब लिंचिंग को धर्म से जोडक़र देखना गलत



**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मॉब लिंचिंग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि घटनाओं को धर्म के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। दरअसल, कोर्ट के पूछने पर याचिकाकर्ता ने बताया था कि याचिका में उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड का जिक्र नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सिलेक्टिव मत बनिए, क्योंकि यह मामला सभी राज्यों से जुड़ा है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कई राज्यों से मॉब लिंचिंग मामलों में उनकी कार्रवाई पर ६ हफ्ते में जवाब भी मांगा है। अगली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की गर्मियों की छुट्टियों के बाद होगी।

मॉब लिंचिंग को लेकर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमन ने पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका में अल्पसंख्यकों के खिलाफ भीड़ की हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी पर चिंता जताई गई थी। साथ ही मॉब लिंचिंग में जान गंवाने वाले पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग की गई थी। वकील निजाम पाशा ने कोर्ट में याचिकाकर्ता का पक्ष रखा। ▶▶ 4

# बस्ताकोला आउटसोर्सिंग से कोयला लूट की जांच रिपोर्ट पुलिस ने डीएमओ से मांगा

## जीएम राय, कुईयां और राजापुर के एजेंट भी संदेह के घेरे में ✪ करोड़ों का कोयला घोटाला बिना चालान का होने का हुआ है पर्दाफाश







**धनबाद (कासं) :** बिना चालान के कोयला का ट्रांसपोटिंग करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बोर्रागढ़ पुलिस ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्र लिखकर जानकारी मांगा है। जिसका ज्ञापक संख्या ३२४/२४ है।

बस्ताकोला एरिया के राजापुर परियोजना पदाधिकारी और कुईयां परियोजना पदाधिकारी ने बोर्रागढ़ पुलिस को पत्र लिखकर बताया कि कोयला प्रोजेक्ट का है और बोर्रागढ़ साइर्डिंग जाता है। दोनों पदाधिकारियों ने पत्र में बताया कि कोयला वैध है मगर चालान नहीं दिया गया था जबकि कोलियरी रजिस्टर में दोनों हाईवा का कोयला जाने का अंकित किया गया है।

राजापुर परियोजना चेकपोस्ट से बस्ताकोला राजापुर बस्ती, दोबारी, कुईयां कोलियरी, होते कोयला लोड होकर कोयला जाता है। इस मामले में राजापुर परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र सिंह इस मामले में कुछ नहीं बता रहे हैं। ज्ञात हो कि बोर्रागढ़ ओपी पुलिस ने बिना चालान के कोयला लोड दो वाहनों को रविवार दोपहर में करीब ११.३० बजे छापेमारी कर पकड़ा था।

कोयला से लदे दो हाईवा क्रमशः जेएच १० सीके-६२१६ और जेएच १० सीएल-०३८४ को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस को सूचना मिली है कि बस्ताकोला क्षेत्र से कोयला बिना कागजात का ट्रांसपोर्टिंग बोर्रागढ़ साइर्डिंग में चल रहा है। पुलिस ने वाहनों के चालक एवं मालिकों से कागजात की मांग किया जिसके बाद कोई कागजात नहीं दिखाया गया।

पुलिस ने दोनों कोयला हाईवा को थाना परिसर में खड़ा कर दिया है। पुलिस के इस अभियान से कोयला अधिकारियों, ट्रांसपोर्टर, गाड़ी मालिकों और धंधे से जुड़े माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बताते हैं कि बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर व कुईयां से कोयला का ट्रांसपोर्टिंग होता है। कोयला बोर्रागढ़ रेलवे साइर्डिंग में गिराया जाता है और साइर्डिंग से रेलवे रैक के माध्यम से पावर प्लांट और बाहर इंडस्ट्रीज में जाता है।

पुलिस को कागजात चालकों द्वारा नहीं दिखाया गया। पुलिस को शक हुआ और तीनों वाहनों को जप्त कर उच्च अधिकारियों को सूचना दी है। हाइवा को छुड़ाने के लिए पैरवीकार थाना के पास जुटे हुए थे। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि हाईवा पर लोड कोयला का कागजात मिलने के बाद ही वाहन को छोड़ा जाएगा।

जिसकी जांच के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दी गई है। आउटसोर्सिंग से कोयला घोटाला में आउटसोर्सिंग के पेटी कॉन्ट्रेक्टर डेको और बस्ताकोला एरिया के जीएम राय का कोयला लूट और घोटाले में क्या भूमिका है इसकी जांच सीबीआई से करने की मांग झारखंड संघर्ष समिति के प्रवीण कुमार ने किया है।

# मॉक पोल से लेकर पोलिंग पार्टी के निकलने तक का माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिया प्रशिक्षण






धनबाद (कासं) : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को न्यू टाउन हॉल में लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वरों को चुनाव के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी के निकलने तक, उनके दायित्व का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वरों को उनका दायित्व समझाते हुए उपायुक्त ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर अपने मतदान केंद्रों में समय से मॉक पोल करेंगे। पहली बार प्रत्येक उम्मीदवार के लिए तीनतीन मॉक पोल करेंगे। वहीं मतदान के दौरान यदि कंट्रोल यूनिट को रिप्लेस करने की स्थिति आती है, तब उसे रिप्लेस करके प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एकएक मॉक पोल करेंगे। मॉक पोल हो जाने पर कंट्रोल यूनिट से मॉक पोल के डाटा को क्लियर कर, वीवीपैट से सभी स्लिप निकाल कर लिफाफे में सीलबंद कर, ईवीएम को जीरो पर सेट करेंगे।

उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के निर्देशानुसार समय पर मतदान शुरू कराएंगे। बूथ पर प्रत्येक उम्मीदवार के एकएक एजेंट को मौजूद रहने की अनुमति देंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे की मतदान की गोपनीयता बनी रहे। वहीं एब्सेंटी वोटर के मतदान की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि एब्सेंटी वोटर जब मतदान करने आते हैं तो उनके अंगूठे का निशान अवश्य लेना है। साथ ही आयोग द्वारा प्रमाणित जो भी पहचान पत्र मतदाता प्रस्तुत करें, उसका नंबर नोट करना है।

उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम को क्लोज करते ही समय अंकित हो जाएगा। इसलिए सभी मतदान केंद्रों पर आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि से पहले मतदान की प्रक्रिया को बंद नहीं करना है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत् निगरानी की जाएगी। इसलिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पदाधिकारी अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री दिलीप कुमार कर्ण एवं श्री राजकुमार वर्मा ने चुनाव के दिन माइक्रो ऑब्जर्वरों के विशेष १८ दायित्व पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित थे।

# गर्मी के मौसम में आग की रोकथाम के लिए डीडीएमए ने जारी की एडवाइजरी

धनबाद (कासं) : गर्मी के मौसम में अस्पतालों, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में आग की रोकथाम के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से एडवाइजरी जारी की है।

इस संबंध में अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद विनोद कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में अस्पतालों, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा एवं रोकथाम के लिए भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। जिसका अनुपालन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि एडवाइजरी में सभी अस्पताल, नर्सिंग होम सहित अन्य प्रतिष्ठानों में सक्रिय अग्निसुरक्षा उपकरणों का ठीक से काम करना, उसका नियमित रख-रखाव व परीक्षण करना, डॉक्टरों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित ब्रीफिंग और अस्पताल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना, बेसमेंट में दहनशील पदार्थ, बैटरी बैंक आदि का स्टोरेज नहीं करना, आपातकालीन निकासी मार्गों को आपातकाल में उपयोग के लिए खाली रखना, नियमित रूप से आपातकालीन निकासी और मॉक फायर ड्रील करना, इलेक्ट्रीकल लोड के इनपुट-आउटपुट लोड को संतुलित रखना और इलेक्ट्रीकल ऑडिट कराने के साथसाथ मल्टी-प्लग, ओवरलोडिंग पावर स्रोतों आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी गई है।

अपर समाहर्ता ने एडवाइजरी का पालन कराने के लिए सिविल सर्जन एवं जिला अग्निशमन पदाधिकारी को सभी अस्पताल, नर्सिंग होम व अन्य प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा और रोकथाम से संबंधित किए गए उपायों की जांच करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

# सेल टासरा ओपन कास्ट माइंस में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम



धनबाद (कासं) : मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार धनबाद जिला अंतर्गत सेल टासरा ओपन कास्ट माइंस में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत माइंस के अधिकारी एवं कर्मियों के बीच मतदाता प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अचून्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया। मौके पर टासरा ओपन कास्ट माइंस के पदाधिकारी, वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी, समेत ओपन कास्ट माइंस में कार्यरत सभी कर्मी मौजूद रहे।

# रामनवमी को लेकर अलर्ट मोड़ में पुलिस, निकाली गई फ्लैग मार्च



धनबाद (कासं) : रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। सभी थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गयी। इसी कड़ी में मंगलवार को समाहरणालय से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व सिटी एसपी अजित कुमार एवं ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी कर रहे थे। फ्लैग मार्च समाहरणालय से निकलकर बरवाअड्डा, गोविंदपुर, स्टील गेट, रणधीर वर्मा चौक, स्टेशन रोड, पूजा टॉकीज, बैंकमोड़ एवं झरिया होते हुए वापस धनबाद आकर खत्म हुई।

सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि रामनवमी के मौके पर धनबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है, फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी मनाने की अपील की जा रही है।

उन्होंने बताया त्योहार के दौरान किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने असामाजिक तत्वों को आगाह किया है कि वह किसी भी तरीके से धनबाद को डिस्टर्ब करने का प्रयास न करें अन्यथा उनसे बहुत कड़ाई से निपटा जाएगा।

बताया जाता है कि राम नवमी के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष १६ अप्रैल के दोपहर २ बजे से १८ अप्रैल के सुबह ६ बजे तक कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या ०३२६ - २३११२१७ व १०० है।

# बीडीओ ने अबुआ आवास व मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की



बलियापुर (ससे) : उपायुक्त धनबाद के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा बलियापुर प्रखंड सभागार में मनरेगा के तहत योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी सहित अन्य योजनाओं के कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। आधार आधारित भुगतान और रिजेक्ट ट्रांजैक्शन को अबिलंब सुधार करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी लाभुकों के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान कुछ पंचायत सचिवों ने बताया कि कुछ लाभुक ऐसे हैं जिनको बारबार कहने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं। ऐसे लोगों की सूची मांगा गया है ताकि उन्हें नोटिस निर्गत किया जा सके। इसके अतिरिक्त १५वीं वित्त आयोग योजना अंतर्गत अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार एवं पूजा वर्मा, प्रखंड आवास समन्वयक और १५वीं वित्त आयोग, सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# सीआईएसएफ ने छापामारी कर जब्त किया वाहन समेत लौह सामग्री



जोड़ापोखर (ससे) : बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के भूलन बरारी कोलियरी क्षेत्र में बढ़ते लोहा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर सीआईएसएफ की टीम पिछले एक सप्ताह से चोरों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। छापामारी के क्रम में ही मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम ने एएसआई आर पी सिंह के नेतृत्व में भूलन बरारी बंद रोपवे स्टोर के समीप छापामारी कर स्टोर से चोरी कर ले जा रहे लगभग चार टन लौह सामग्री से लदी एक मालवाहक टेम्पो, एक ठेला एवं एक साईकिल को जब्त कर जोड़ापोखर पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। छापामारी को पहुंचे सीआईएसएफ जवानों को देख सभी चोर भागने में सफल रहे हैं। मालूम हो कि भूलन बरारी में रोपवे का एक बड़ा स्टोर और वर्कशॉप है जिसमें लाखों की लौह सामग्री, मोटर पार्ट्स सहित आधा दर्जन उच्च क्षमता की मशीनें व लेद मशीनें सहित एक दर्जन ड्रम में हाईड्रोलिक तेल थी जिसकी सुरक्षा का दारोमदार सीआईएसएफ के कंधों पर थी। ६ माह पहले प्रबंधन के निर्देश पर अचानक स्टोर व वर्कशॉप से सीआईएसएफ की सुरक्षा ड्यूटी को हटा दिया गया। सीआईएसएफ की सुरक्षा ड्यूटी हटते ही क्षेत्र के लोहा चोरों की पोबारह हो गयी।

कई गुटों में चोर सक्रिय होकर बानियांहीर, फुलारीबाग एवं चासनाला के अवैध लोहा गोदामों के चोरों ने दिन रात स्टोर में लोहा चोरी की घटना को अंजाम देकर लौह सामग्री को लूटकर खुलेआम वाहनों पर लादकर ले जाने की घटना को अंजाम देने में लगे रहे। सामानों की चोरी को लेकर कई बार चोरों के गुटों में आपस में मारपीट व फायरिंग की घटना भी हुई।

मगर पुलिस को सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस सिर्फ लकीर पर ही डंडा पीटती रही है। इधर क्षेत्र में नए जीएम और थाना प्रभारी के आने के बाद भूलन बरारी में लोहा चोरी की घटना को रोकने को सीआईएसएफ एवं पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। पिछले सप्ताह ही पम्पु तालाब के समीप रात्रि में छापामारी कर लगभग ५ टन लोहा जब्त किया गया था।

# रामनवमी में निकलने वाले जुलूस को लेकर, ट्रैफिक रुट में किया गया बदलाव

धनबाद (कासं) : रामनवमी के अवसर पर बुधवार को शहर में शोभा यात्राएं निकाली जाएगी और अखाड़ों का जुटान होगा। इसे देखते हुए उस दिन जिले के विभिन्न हिस्सों में ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि ऑटो और यात्री बसों के परिचालन के लिए समय-सीमा तय की गई है। ७ रास्तों को वाहनों के लिए बंद रखा जाएगा। ९ जगहों पर ड्रॉपगेट के जरिए वाहनों को नियंत्रित किया जाएगा। दोपहर १ बजे के बाद मुख्य शहर में यात्री बसें नहीं चलेंगी। ऑटोटोटो का परिचालन भी विभिन्न रूटों पर शाम ४ बजे से जुलूस की समाप्ति तक बंद रहेगा। बसों व भारी वाहनों का मार्ग भी बदला गया है। ९ लाइसेंसी अखाड़ा दलों ने बैंक मोड़ से होकर जुलूस निकालने की घोषणा की है। वहीं, पुराना बाजार पानी टंकी के पास धनसार थाना क्षेत्र के १४ में से ११ अखाड़ों का शाम ६ से ८ बजे के बीच महाजुटान होगा।

# संस्कृति को बचाने के लिए समस्त बांग्ला भाषियों को एक मंच पर आना होगा : बेंगू ठाकुर



गोविंदपुर (ससे) : झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने गोविंदपुर गांव भीतर दुर्गा मंदिर प्रांगण में मंगलवार को बांग्ला नववर्ष मनाया। समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत ऐशो हे वैशाख गीत पर नृत्य के साथ हुई। श्री ठाकुर ने कहा कि कार्यक्रम आरंभ हुआ तथा सभी वक्ता ने कहा कि संस्कृति को बचाने के लिए समस्त बांग्ला भाषियों को एक मंच पर आना होगा। झरिया कोलफील्ड संस्था की पिनाकी राय तथा छोटेछोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक बांग्ला नृत्य तथा गीत प्रस्तुत किये। पूर्व मुखिया नीलू मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई। पंचायत समिति सदस्य बुबाई दत्ता तथा बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के जिला उपाध्यक्ष भवानी बनर्जी को उन्नयन समिति का प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाया गया। दोनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल, सुमिता दास, फाल्गुनी रुज, लड्डू दास, माणिक रतन दत्ता, सुमित दत्ता, पल्लव राय, अमर चंद्रा, सपन चंद्रा, सुभाष घाटी, कार्तिक चंद्रा, कृटि भूषण रुज, राजेश पॉल, रतन चंद्रा, गोपी दत्ता, बीरबल चंद्रा, मौसमी राय आदि शामिल थे।

# बीडीओ बलियापुर की उपस्थिति में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




धनबाद/बलियापुर (कासं) : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार मंगलवार को आसन्न लोकसभा आम चुनाव २०२४ के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर की ईएलसी सदस्य छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय से प्रारंभ होकर कुम्हार टोला पहुंची वहां से मस्जिद ओला होते हुए लगभग ३ किलोमीटर की दूरी तय की। यह रैली बलियापुर पश्चिम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या ३१५, ३१६ एवं ३१७ क्षेत्र के मतदाताओं को जागरुक करते हुए आगामी २५ में को मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निकल गई।

छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं स्वाइप प्रचार सामग्रियों से मतदान करने का संदेश दिया गया। साथ ही स्वीप के अन्य कार्यक्रम बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी में भी छात्रछात्राओं द्वारा जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन किया गया। सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या ३९३, ३९४ एवं ३९६ डोमगढ़ में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सभी शिक्षकगण सहित क्षेत्र के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

# कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के वोटरों को दिलाई गई मतदाता शपथ



धनबाद (कासं) : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार मंगलवार को आसन्न लोकसभा आम चुनाव के निमित्त नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन ने कम मतदान प्रतिशत वाले झरिया के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया।

साथ ही स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा ऑन द स्पॉट कई लोगों का फॉर्म ६ भी भरा गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया।

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विनीता कुमारी समेत बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइज़र एवं अन्य मौजूद रहें।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# आज लोगों के तन सुंदर है परंतु मन नहीं : स्वामी बालकानंद





**गोविंदपुर (ससे) :** आनंद पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि महाराज ने कौआबांध स्थित राजविलास रिसोर्ट में देवी भागवत करते हुए मंगलवार को कहा कि परिवार की शांति, सुख, समृद्धि एवं विकास के लिए भजन और भोजन साथ में होना चाहिए। यदि प्रतिदिन साथ बैठकर पूजन, भजन या हवन नहीं कर पाते हैं तो सप्ताह में एक दिन यह कार्य एक साथ मिलकर अवश्य करें। दिन में संभव नहीं हो तो रात का भोजन सभी मिलकर एक साथ करें।

उन्होंने कहा कि इससे परिवार में बिखराव नहीं होगा। श्री महाराज ने कहा कि आज के दौर में परिवार को बांधकर रखना और संयुक्त परिवार चलाना एक तपस्या है हम विकास तो कर रहे हैं परंतु अपनापन समाप्त होता जा रहा है। वर्षो पूर्व एक दूसरे से जो भाईचारा और प्रेम था अब नहीं रहा। अपनापन की जगह आज लोगों में कमर्शियल रिलेशन पैदा हुआ है। अब खून के रिश्ता से ज्यादा मजबूत व्यावसायिक रिश्ता हो रहा है। कोलकाता से आए देवी भागवत मर्मज्ञ श्रीकांत शर्मा ने महागौरी पूजन के फल को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सुंदरता ईश्वर का वरदान है। तन और मन दोनों सुंदर होना चाहिए। आज लोगों के तन सुंदर है परंतु मन सुंदर नहीं है।

उन्होंने कहा कि सुकरात कुरूप थे। इस कारण वह गले में दर्पण लटका कर रखते थे और बारबार अपना चेहरा देखते रहते थे। जब लोग उनसे पूछते थे तो वह कहते थे बाहर से कुरूप हो और अंदर से कुरूप ना हो जाऊं इसी के लिए दर्पण लटका कर रखता हूं और बार-बार देखता रहता हूं उन्होंने कहा कि नवरात्र नया होने का संदेश देता है आज भारत में विभिन्न तरह के लोग अलगअलग समय नया साल मनाते हैं परंतु पुराने किसी से पीते विचारों पर ही चलते हैं हमें नए साल में नए विचारों पर चलना चाहिए कथा आयोजक शंभूनाथ अग्रवाल, नंदलाल अग्रवाल व बलराम अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। कथा श्रवण में अमितेश सहाय, राजकुमार चौधरी, सुशील सिंह, केदारनाथ मित्तल, जयप्रकाश देवरालिया, हरिप्रकाश लाटा, श्यामसुंदर केजरीवाल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग पहुंचे थे।

# जीनियस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न



**गोविंदपुर (ससे) :** जीनियस पब्लिक स्कूल बागसुमा का ८वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि रामकृष्ण आश्रम रांची के सचिव स्वामी भावेशानंद जी महाराज ने बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि विदेशी शिक्षा का विरोध नहीं है परंतु उसमें भारतीय संस्कार होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शैलेंद्र, प्रो. नीलम मिश्रा, प्राचार्य डॉ डीके दीक्षित, अंजू शुक्ला, गोपाल भट्टाचार्य व नवल किशोर सिंह चौधरी ने बागसुमा जैसे ग्रामीण इलाके में अंग्रेजी माध्यम का अत्याधुनिक स्कूल संचालित करने के प्रबंधन का आभार जताया। उन्होंने योग एवं शारीरिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया। संचालक साधन चक्रवर्ती एवं श्यामा पद मंडल ने कहां की विद्यालय संचालन का कोई व्यावसायिक उद्देश्य नहीं है। इसी परिसर में उपासना केंद्र के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं को सिलाई कढ़ाई एवं कौशल विकास की शिक्षा दी जा रही है। प्रभारी प्राचार्या सुनीता गिरि ने शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यहां किताबी ज्ञान के अलावा गैर शैक्षणिक गतिविधियां भी संचालित की जा रही है। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर मनजीत सिंह, धीरेन कुमार, श्यामापद कुमार, विश्वनाथ पाल, सुबल दास, चतुरानंद राय, विष्णुपद कुंभकार, विकाश मंडल, मो. अफजल, सोहिनी बनर्जी, मम्पी चक्रवर्ती, मीता, ज्योत्सना, अर्चना ठाकुर, श्वेता प्रियंका, रुहिदा, ऋचा, नीलम आदि मौजूद थे।

# रामनवमी आज, तैयारियां पूरी

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर में श्रीरामनवमी की जोरदार तैयारी की गई है। यहां १२ लाइसेंसी एवं ५ गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियां द्वारा बुधवार को जुलूस निकल जाएंगे।

इस दौरान खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक करतब दिखाए जाएंगे। सभी अखाड़ा दलों ने पूजा की तैयारी कर ली है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कोई भी श्री रामनवमी जुलूस किसी मस्जिद मजार या इमामबाड़ा के आगे से नहीं गुजरेगा। इस कारण प्रशासन को बहुत माथापच्ची करनी नहीं पड़ेगी। गोविंदपुर वाणी मंदिर, बीच बाजार ठाकुरबाड़ी, ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर, बीच बाजार हनुमान मंदिर, गांव भीतर दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर आमाघाटा, हनुमान मंदिर गोसाईंडीह, बस्तीपुर अखाड़ा दल, बागसुमा अखाड़ा दल, रतनपुर अखाड़ा दल, खिलकनाली अखाड़ा, कुसुमाटांड़-कुम्हारडीह अखाड़ा दल, बाउरी कुल्ही, हरिलाजोड़ी शंकर मठ, गायडहरा बाद हनुमान मंदिर व हिंद नगर हनुमान मंदिर से रामनवमी अखाड़ा निकाला जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती एवं पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने क्षेत्र का दौरा किया।

उन्होंने सभी अखाड़ा दलों से आदर्श आचार संहिता को लेकर शांतिपूर्ण जुलूस निकालने और निर्धारित रूट पर ही चलने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि सभी अखाड़ा दलों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस एवं दंडाधिकारी की प्रति नियुक्ति की गई है। श्री रामनवमी को लेकर पुलिस पूरे क्षेत्र में चौकस है तथा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

# डैफोडिलस बचपन व एकाडेमी में पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**पुटकी (ससे) :** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिलस बचपन एवं डैफोडिल्स एकाडेमी में धूमधाम से पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर सह पुटकी थाना प्रभारी मनोहर करमाली को प्राचार्य तापस बनर्जी ने माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

प्रभारी श्री करमाली ने विद्यालय प्राचार्य तापस बनर्जी एवं शिक्षकशिक्षिकाओं की भूरिभूरि प्रशंसा करते हुए छात्रछात्राओं को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामाएं दी।



इंस्पेक्टर सह पुटकी थाना प्रभारी मनोहर करमाली व प्राचार्य तापस बनर्जी ने सत्र २०२३२०२४ में वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं प्रत्येक वर्ग में सबसे ज्यादा उपस्थिति रहने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय छात्रछात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इसके पूर्व पुटकी उच्च विद्यालय सह विद्यालय के संस्थापक स्व. चंडी चरण बनर्जी को याद करने के पश्चात स्कूल के छात्रछात्राओं के द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम को सफलता में देवाशीष मुखर्जी, प्रमोद सिन्हा, चंदन पासवान, जयंत घटक, प्रभाकर मिश्रा, अनिल सिंह, एस.आर कर, कविता दत्ता, झूमा दत्ता, संजय दत्ता, उषा, शशि गुप्ता, करुणा चंदा, डोली सिंह, सहर, आरजु, शिल्पा, ईकवाल, रंजीत घोष, अरिंदम, बनमाली, सुमन सिंह, उमेश मिश्रा, प्रीति व अन्य मौजूद थे।

# पेट्रोल हेराफेरी के आरोप में 2 गया जेल

**पुटकी (ससे) :** धनबादबोकारो मेन रोड पर चीरूडीह स्थित बिनोद पेट्रोल पंप पर वर्ष २०२३ में पेट्रोल टैंकर से पेट्रोल टंकी में अनलोड करने के दौरान १७० लीटर पेट्रोल की हेरा फेरी करने के आरोप में पुटकी पुलिस ने दोनों आरोपी युवक को जेल भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप मालिक बिनोद दास द्वारा दोनों युवक प्रीतम कुमार डीवीसी कॉलोनी एवं आकाश कुमार साउथ बलिहारी के युवक उस समय पेट्रोल पंप पर काम करते थे। टैंकर चालक से मिली भगत कर १७०लीटर पेट्रोल की हेरा फेरी की थी जिसके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। जिसके आलोक में मंगलवार को पुटकी पुलिस ने गिरफ्तार कर दोनों युवक को जेल भेजा गया।

# कांग्रेस लोस प्रत्याशी को टिकट मिलने पर बधाई

**केन्दुआ (ससे) :** बेरमो विधायक अनूप सिंह की धर्मपत्नी राजपूत समाज की महिला नेत्री अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा टिकट मिलने पर आलाकमान के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुए अग्रिम जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया गया। जिसमे जितेश कुमार सिंह, जिला कांग्रेस महासचिव सह बीस सूत्री अध्यक्ष धनबाद प्रखंड साथ में अमिताभ सिंह, महावीर महतो, विनोद सिंह, प्रीतम त्रिवेदी, राजेंद्र नोनिया, यशपाल सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

# एफएसएल रिपोर्ट पेश नहीं होने पर क्या मिल सकती है आरोपी को डिफॉल्ट जमानत

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के मामले में क्या किसी आरोपी को तब डिफॉल्ट जमानत मिल सकती है, जब चार्जशीट के साथ फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) रिपोर्ट पेश न किया गया हो? सुप्रीम कोर्ट ने इस कानूनी मसले को लार्जर बेंच को रेफर किया है। अब बड़ी बेंच इस कानूनी सवाल का परीक्षण करेगी।

सुप्रीम कोर्ट में मादक पदार्थ निरोधक कानून से संबंधित मामला सुनवाई के लिए आया, तभी सुनवाई के दौरान यह कानूनी सवाल उठाया गया कि क्या एफएसएल की रिपोर्ट के बिना तय समय सीमा में चार्जशीट दाखिल करने पर आरोपी को डिफॉल्ट जमानत मिल सकती है? सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस की बेंच ने इस कानूनी सवाल को बड़ी बेंच को भेज दिया है। इसके पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी की अर्जी खारिज कर दी थी। आरोपी ने तय समय सीमा में चार्जशीट के साथ एसएफएल रिपोर्ट पेश नहीं होने पर जमानत की मांग की थी। हाई कोर्ट से अर्जी खारिज होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इससे संबंधित कई मामले पेंडिंग हैं और कई मामलों में अंतरिम आदेश भी है। कई मत अलग-अलग बेंच के हैं और इसके बाद हमारा मत है कि इस मामले में जो कानूनी सवाल है उसे लार्जर बेंच को भेजा जाना चाहिए। इसी के साथ मामले को लार्जर बेंच को रेफर कर दिया गया है।

क्यों खास है यह मामला? सीआरपीसी की धारा१६७(२) के तहत गिरफ्तारी के बाद तय समय सीमा में चार्जशीट दाखिल नहीं करने पर डिफॉल्ट बेल देने का प्रावधान है। चाहे मामला बेहद गंभीर ही क्यों न हो मगर समय पर अगर पुलिस चार्जशीट दाखिल नहीं करती है, तब आरोपी को जमानत मिल जाती है। १० साल या उससे ज्यादा सजा के प्रावधान वाले मामले में गिरफ्तारी के ९० दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करना जरूरी है। वहीं १० साल कैद से कम सजा वाले मामले में ६० दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करनी होती है। मौजूदा मामले में चार्जशीट के साथ साथ एफएसएल रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई और इसी आधार पर जमानत की मांग की गई है।

## रूपाला ने उम्मीदवारी वापस नहीं ली तो 20 अप्रैल से आंदोलन पार्ट2 का आगाज : पीटी जाडेजा

**अहमदाबाद (ईएमएस) :** क्षत्रिय समाज के आक्रोश के बीच राजकोट सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रूपाला ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। दूसरी ओर क्षत्रिय समाज ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर १९ अप्रैल तक रूपाला अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं लेते तो २० अप्रैल से आंदोलन का पार्ट२ का आगाज होगा।

गुजरात राजपूत युवा संघ के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख पीटी जाडेजा ने कहा कि कल उनकी सरकार के साथ बैठक हुई थी और हमसे कहा गया कि रूपाला ने तीन दफा माफी मांग ली है, इसलिए अब उन्हें माफ किया जाना चाहिए। हांलाकि हम अपनी मांग पर अडिग हैं और क्षत्रिय समाज जो कहेगा वही करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज अब माफी नहीं बल्कि रूपाला की उम्मीदवार वापस लेने की मांग पर अडिग है। अगर रूपाला ने उम्मीदवारी वापस नहीं ली तो २० अप्रैल से आंदोलन का पार्ट२ शुरू होगा। उन्होंने कहा कि रूपाला के विवादित बयान को लेकर क्षत्रिय समाज में स्वैच्छिक आक्रोश है, उन्हें कोई भड़का नहीं रहा। दूसरी ओर राज्य सरकार भी क्षत्रिय समाज को मनाने की हरसंभव प्रयास कर रही है। बीती रात मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील की उपस्थिति में क्षत्रिय समाज के अग्रणियों के साथ बैठक हुई। हांलाकि इस बैठक में रूपाला विवाद का कोई समाधान नहीं हुआ। जानकारी है कि दो दिन बाद सरकार फिर एक बार क्षत्रिय समाज के अग्रणियों के साथ बैठक करेगी।


स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी, 827001,झारखण्ड,इंडिया

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी के जुलूस के आलोक में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सम्पूर्ण बोकारो स्टील सिटी टाउनशिप क्षेत्र में अपराह्न 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

आदेशानुसार
नगर प्रशासन (विद्युत् अनुरक्षण)

पंजीकृत कार्यालयः इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली 110 003
हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल


# मुंबई, ठाणे ऊपुणे हुआ गर्म

**मुंबई, (ईएमएस) :** कहते हैं प्रकृति पर किसी का नियंत्रण नहीं है. लेकिन अगर हम प्रकृति के संतुलन में छेड़छाड़ करेंगे तो इसके दुष्परिणाम हमें झेलने तो पड़ेंगे ही. जी हाँ, इन दिनों मुंबई, ठाणे और पुणे समेत समूचे महाराष्ट्र में गर्मी का भयंकर प्रकोप है. नदी, समंदर को पाटना, जंगलों को काटना तथा कंक्रीट के अत्यधिक इस्तेमाल के चलते प्रकृति का संतुलन शायद बिगड़ गया है और यही वजह है कि हमें भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है. दरअसल प्रदेश में पारा तेजी से बढ़ रहा है और हर जिले में लू का असर देखने को मिल रहा है. राज्य में सोमवार का दिन सबसे गर्म रहा। नांदेड़ में लू लगने से ३२ साल के एक युवक की मौत हो गई. वहीं मंगलवार को भी गर्मी का यही सितम रहा. खबर है कि मुंबई से सटे पालघर जिले में लू लगने से १४ साल की एक लड़की की मौत हो गई. बीते एक मार्च से अब तक राज्य में लू के ७८ मामले सामने आ चुके हैं. इसी तरह मंगलवार को भी प्रदेश में सबसे गर्म दिन के रूप में देखा जा रहा है. मंगलवार को मुंबई से सटे कल्याण-डोंबिवली और अंबरनाथ क्षेत्र में सबसे अधिक तापमान ४२ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बहरहाल मौसम विभाग ने कहा है कि पूरे राज्य में भीषण गर्मी फैल गई है और यह स्थिति अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है। इसी तरह अगर आप दोपहर १ से ३ बजे के बीच घर से बाहर निकलने वाले हैं तो अपना ख्याल रखें। धूप से बचने के लिए छाते का प्रयोग करें। अगर आपको प्यास नहीं भी लगता है तो भी समयसमय पर पानी पीते रहे।

# बीएसपी के विधायकों ने बदला पाला

**सादुलपुर (ईएमएस) :** राजस्थान में बीएसपी को बड़ा झटका लगा है। प्रदेश में पार्टी के दो विधायक शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं मुंबई में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आज सादुलपुर से विधायक मनोज न्यांगली और बाड़ी से जसवंत सिंह गुर्जर ने बीएसपी छोड़कर शिवसेना (शिवसेना) जॉइन कर ली। दोनों विधायकों के शिवसेना (शिंदे) में शामिल होने के बाद राजस्थान विधानसभा में अब बीएसपी विधायकों की संख्या जीरो हो गई है। नवंबरदिसंबर, २०२३ में हुए राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीएसपी ने दो सीट जीती थीं। सादुलपुर सीट पर मनोज न्यांगली ने कांग्रेस की कृष्णा पूनिया को २४७५ वोट से शिकस्त दी थी। बाड़ी में जसंवत सिंह गुर्जर ने तीन बार के विधायक और बीजेपी प्रत्याशी गिर्राज सिंह मलिंगा को २७,४२४ वोटों से हराया था।

## दिल्ली आबकारी नीति मामले में एक व गिरफ्तार

नई दिल्ली (ईएमएस) : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर "प्रबंधन किया था। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि ईडी की जांच "राजनीति से प्रेरित" है और एजेंसी इस मामले में एक भी रुपया बरामद करने या सबूत ढूंढने में असमर्थ है। आप सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत १२ अप्रैल को गिरफ्तार कर अगले दिन एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। सूत्रों ने बताया कि अदालत ने सिंह को १८ अप्रैल तक ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी द्वारा इस मामले में यह १७वीं गिरफ्तारी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस मामले में पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था और वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सिंह को पहले इसी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भी गिरफ्तार किया था। धन शोधन का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है।

ईडी ने अदालत को सूचित किया है कि सिंह ने २०२२ के गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आप के प्रचार के लिए नकद भुगतान का "प्रबंधन" किया था और उनका पार्टी के साथ "जुड़ाव" है।


# रामनवमी आज, तैयारियां पूरी

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर में श्रीरामनवमी की जोरदार तैयारी की गई है। यहां १२ लाइसेंसी एवं ५ गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियां द्वारा बुधवार को जुलूस निकल जाएंगे।

इस दौरान खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक करतब दिखाए जाएंगे। सभी अखाड़ा दलों ने पूजा की तैयारी कर ली है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कोई भी श्री रामनवमी जुलूस किसी मस्जिद मजार या इमामबाड़ा के आगे से नहीं गुजरेगा। इस कारण प्रशासन को बहुत माथापच्ची करनी नहीं पड़ेगी।

गोविंदपुर वाणी मंदिर, बीच बाजार ठाकुरबाड़ी, ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर, बीच बाजार हनुमान मंदिर, गांव भीतर दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर आमाघाटा, हनुमान मंदिर गोसाईंडीह, बस्तीपुर अखाड़ा दल, बागसुमा अखाड़ा दल, रतनपुर अखाड़ा दल, खिलकनाली अखाड़ा, कुसुमाटांड़-कुम्हारडीह अखाड़ा दल, बाउरी कुल्ही, हरिलाजोड़ी शंकर मठ, गायडहरा बाद हनुमान मंदिर व हिंद नगर हनुमान मंदिर से रामनवमी अखाड़ा निकाला जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती एवं पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने क्षेत्र का दौरा किया।

उन्होंने सभी अखाड़ा दलों से आदर्श आचार संहिता को लेकर शांतिपूर्ण जुलूस निकालने और निर्धारित रूट पर ही चलने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि सभी अखाड़ा दलों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस एवं दंडाधिकारी की प्रति नियुक्ति की गई है। श्री रामनवमी को लेकर पुलिस पूरे क्षेत्र में चौकस है तथा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।


# भाई अजब है, मौसम का मिजाज, शिमला में सर्दी दिल्ली में गर्मी

**शिमला (ईएमएस) :** पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में अप्रैल का आधा महीना बीत चुका है, लेकिन अब तक गर्मी से राहत है। प्रदेश में मौसम ठंडा है, और अब भी शिमला, मनाली, लाहौल स्पीति सहित अन्य इलाकों में ठंड पड़ रही है। आलम यह है कि बारिश और बर्फबारी के कारण लाहौल घाटी में पारा ० डिग्री तक लुढ़क गया है। वहीं, बीते १२ घंटे में प्रदेश के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, हिमाचल में आने वाले दिनों में बारिश और बर्फबारी का दौर जारी रहेगा।

शिमला मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बीते १२ घंटे में मनाली, मंडी, चंबा, कांगड़ा और लाहौल घाटी में झमाझम बारिश हुई है। मनाली के कोठी में ६३ एमएम, मनाली शहर में ३५.०, चंबा के जोत में ३०.८, चंबा शहर में ४१, डलहौजी में २८.०, लाहौल के केलांग में २२.०, कुल्लू के कसोल में १९.० और कांगड़ा में १७.२ एमएम बारिश रात को हुई है। इस तरह, मंडी के कई इलाकों में रात को बरसात हुई है। शिमला, कुफरी, नारकंडा और मंडी में हल्की बारिश दर्ज की गई है।

वहीं मैदानी इलाकों में गर्मियों ने दस्तक दे दी है। हरियाणा के कई जिलों में पारा ३५ डिग्री से ऊपर है। दिल्ली का भी यही हाल है। इसके बाद हिमाचल घूमने आ रहे सैलानी अपने साथ गर्म कपड़े जरूर लाएं। क्योंकि हिमाचल में मौसम खराब है। दिन में धूप खिलने से राहत जरूर है, लेकिन सुबह शाम ठंड पड़ रही है। शिमला के संजौली में रहने वाले एक स्थानीय निवासी कहते हैं, कि अभी भी यहां ठंड पड़ रही है। अप्रैल का महीना आधा हो गया है, लेकिन मौसम अजब गजब रंग दिखा रहा है। लाहौल स्पीति के केलांग में रहने वाले निवासी बताते हैं कि यहां पर ताजा हिमपात हुआ है और काफी ठंड है।

हिमाचल में आने वाले दिनों में मौसम कूलकूल रहेगा। इसी तरह १७ अप्रैल को मौसम ड्राई रहेगा, लेकिन १८ अप्रैल को येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस तरह १९ अप्रैल को ऑरेंज अलर्ट रहेगा। २० अप्रैल को येलो अलर्ट के चलते बारिश के आसार हैं। इस बार देशभर में १०६ फीसदी तक बारिश मॉनसून के दौरान होगी।

# रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें : उपायुक्त



**कोडरमा (ससे):** कोडरमा उपयुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलावासियों से रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रामनवमी त्यौहार आस्था का त्योहार है, इस पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें।

उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर संयुक्त जिला आदेश जारी किया गया है। सभी स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है । साथ ही दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। त्यौहार के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई किया जायेगा। जुलूस के दौरान कोई भी घातक हथियार नहीं ले जाएंगे। सभी अखाड़ों की वीडियोग्राफी होगी और सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी। त्यौहार के दौरान किसी भी तरह के आपत्तिजनक और अश्लील गानों के बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सुबह ६ बजे से लेकर रात १० बजे तक लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति है। जिला नियंत्रण कक्ष २४□७ कार्यरत हैं, किसी भी आकस्मिकता अथवा जानकारी के लिए जिला कंट्रोल कक्ष के संपर्क नं ०६५३४२५२६८५ पर संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त की ओर सभी से जिलावासियों से अपील की गई है कि वे शांतिपूर्ण और सौंदर्यपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें।

## उत्पाद विभाग ने की अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी

**बोकारो (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यविक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बोकारो थर्मल पुलिस के सहयोग से बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत बोड़ियाबस्ती में कोनार नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी अभियान चलाया। मौके से उत्पाद टीम ने ९,८०० केजी जावा महुआ शराब एवं ३६५ लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया।

छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

## डीपीएस चास के दक्षेष बने सिल्वर जोन ओलंपियाड टॉपर



**चास (ससे):** डीपीएस चास के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय तथा राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। सिल्वर जोन द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में इस विद्यालय की कक्षा षष्ठ का छात्र दक्षेष गोस्वामी ने ओलंपियाड टॉपर बनकर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता प्राप्त की है। इसके साथ ही कक्षा नौवीं के राज आर्यन तथा दसवीं के उत्पल कुमार स्टेट टॉपर रहे। दक्षेष गोस्वामी को सिल्वर जोन ओलंपियाड संस्था द्वारा मेडल तथा पाँच हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय में रामनवमी की पूर्व संध्या पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने तीनों विद्यार्थयों को मंच पर सम्मानित किया। विशेष प्रार्थना सभा में संगीत शिक्षक की निगरानी में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति दी । इसके साथ ही 'राम आएँगे तो अँगना सजाऊँगी' गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बच्चों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन पूर्वक कठिन परिश्रम व लगन से निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी बच्चों की इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए भविष्य की चुनौतियों पर सफलता हासिल करने हेतु प्रेरित किया।

## दुर्गा मंडपों में हुई महाअष्टमी की पूजा अर्चना



**डुमरी(ससे):** प्रखंड के वनांचल चौक समीप स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर,इसरीबाजार हटियाटांड़ स्थित स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर सहित अन्य स्थानों पर स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिरों मे मंगलवार को मां दुर्गा के ८वें रूप महागौरी की पूजा अर्चना सुयोग्य ब्राह्मणों के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक किया गया।

सुबह से ही विभिन्न दुर्गा मंडपों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गे व अन्य देवी देवताओं की पूजा आराधना की।वही १७ अप्रैल को नवमी पूजा होगी।जबकि १८ अप्रैल को प्रतिमा की भव्य शोभयात्रा के प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। वनांचल चौक समीप स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंडप में नवरात्र अनुष्ठान पत्रकार रमेश पत्रकार के द्वारा किया जाता रहा है। जिन जिन स्थानों पर वासंतीय नवरात्र हो रहा है उन दुर्गा मंडपों एवं आसपास आकर्षक प्रकाश, सजावट एवं साउंड की व्यवस्था की गयी है जबकि हर सुबह और संध्या को होने वाले आरती व महिलाओं के द्वारा गाये जाने वाले लोकगीतों से पूरा वातावरण दुर्गा मय हो जाता है।

## अग्निशमन सेवा विभाग में नए फायर टेंडर हुए शामिल



**बोकारो (ससे):** राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए १४ से २० अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बी एस एल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य अग्निशमन विभाग में १० नए वाटर सह फोम टेंडर को औपचारिक रूप से शामिल किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पी के बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) बी के सरतापे , मुख्य महा प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) वी के सिंह, कमांडेंट (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) नितिन त्यागी के साथ अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे.

अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि अग्निशमन विभाग में १० नए वाटर सह फोम टेंडर के शामिल होने से बोकारो स्टील प्लांट के अलावा बोकारो स्टील सिटी की अग्निशमन क्षमता सुदृढ़ होगी. उन्होंने अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए १४ से २० अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अग्निशमन शाखा को बधाई देते हुए आनेवाले गर्मी के मौसम में और सजग रहने के लिए कहा.

कार्यक्रम का संचालन सहायकमहाप्रबंधक (अग्निशमन सेवा) कुमार रजनीश और सहायक कमांडेंट (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) मनोज चौहान ने किया.

## मां गांडेय की आजादी के लिए जंग लड़ेगा किसान जनता पार्टी : अवधेश सिंह

**गिरिडीह (ससे):** बाहरी नेताओं के चंगुल से गांडेय विधान सभा क्षेत्र को आजादी दिलाने हेतु रणनीति बनाने को लेकर मंगलवार को किसान जनता पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक गंगाधर यादव की अध्यक्षता में न्यू बरगंडा गिरिडीह कार्यालय में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि विगत १५ वर्षों से गाडेय विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व बाहरी लोगों के हाथों में है।

कुछ राजनैतिक दल वाले पैसा पर बिकने वाले दलालों को अपने पार्टी का कार्यकर्ता बनाकर उसके माध्यम से गाडेय विधान सभा के लोगों को हिंदू मुस्लिम, अगड़ा पिछड़ा, आदिवासी गैर आदिवासी में भेद भाव करवाकर बाहरी लोगों को चुनाव जिताने में कामयाब हो जा रहे हैं जो चिंता का विषय है।

किसान जनता पार्टी के संयोजक संचित गुप्ता ने कहा कि पैसा के प्रलोभन में आकर गांडेय विधान सभा क्षेत्र के जितना लोग बाहरी लोगों के हाथों में गाडेय विधान सभा क्षेत्र को बेचने पर आमदा है उससे कई गुना ज्यादा लोग मां गांडेय की आजादी चाहते हैं सिर्फ उन्हें जगाने की जरूरत है। किसान जनता पार्टी के सचिव देवचंद्र यादव ने कहा कि भाजपा और झामुमो को गांडेय विधायक सभा के सभी लोगों को नकारा और नालायक समझ लिया है इसका करारा जवाब मां गांडेय के धरती पुत्रों को देना ही होगा नहीं तो मां गांडेय हम लोगों को माफ नही करेगी।

बैठक में किसान जनता पार्टी के संरक्षक सूकुल नारायण देव, कार्यालय सचिव विजय कुमार, बेंगाबाद अंचल अध्यक्ष नबी अंसारी, गाडेय प्रभारी बासुदेव महतो, गिरिडीह मुफ्फसिल प्रभारी सह जिला महासचिव भागीरथ राय, किजपा के दिशोम गुरु दासो मुर्मू, अधिवक्ता अंकित कुमार दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सैलून में हत्याकांड का खुलासा, 3 गिरफ्तार
### यूपी से शूटर बुला कर कराई गयी हत्या

**लोहरदगा (ससे):** सैलून में हत्याकांड का लोहरदगा पुलिस ने खुलासा कर लिया है। लोहरदगा अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु में ८ अप्रैल को दीपक ठाकुर के सैलून में नरेश कुमार साहू उर्फ़ शिबू साहू पिता स्वर्गीय राम मोहन साहू सोबरन टोली कॉलेज रोड लोहरदगा निवासी को तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । इस संबंध में सेन्हा थाना में कांड संख्या २४/२४ धारा ३०२, ३४, २७ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था । हत्या में शामिल अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । एसपी हरीश बिन जमा ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में कांड के मुख्य अभियुक्त २२ वर्षीय अमरेश मिश्रा पिता सत्यदेव मिश्रा उत्तर प्रदेश को गोंडा जिला के कोतवाली नगर के अलावा ४२ वर्षीय मनौवर अंसारी पिता जहूर अंसारी सेरेंगहातु निवासी, ६० वर्षीय मुस्तकीम अंसारी पिता स्वर्गीय सुभान अंसारी सेरेंगहातु तथा ५२ वर्षीय सरवर कुरैशी पिता स्वर्गीय हुसैन कुरैशी लापर कुडु निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । एसपी हरिस बिन जमा ने बताया कि घटना के बाद एसआईटी का गठन कर अपराधियों के घर पकड़ के लिए पांच टीम बनाई गयी थी । तीन टीम झारखंड के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही थी तथा दो टीम को उत्तर प्रदेश भेजा गया ।

## मूल निवासी परिसंघ ने मनायी अंबेडकर जयन्ती



**डुमरी (ससे):** झारखंड मूल निवासी परिसंघ डुमरी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को डुमरी फुसरो रोड स्थित करिहारी पहाड़ी के तलहटी में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की १३३वीं जयन्ती मनायी गयी।

झारखंड मूल निवासी परिसंघ के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर रविदास के नेतृत्व में आयोजित जयन्ती समारोह में आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो पूर्व जिप अध्यक्ष राकेश महतो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो जिला सचिव सरफराज अहमद गुड्डु,रमजान अंसारी आदि मुख्य रुप से उपस्थित हुए।उपस्थित सभी अतिथियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।वक्ताओं ने बाबा साहेब अंबेडकर की संघर्ष व चुनौतीपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी ने उनके विचारों को आत्मसात करने व शिक्षा पर जोर देने की अपील की।कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पीएगा वह उतना दहाड़ेगा इसलिए सभी अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलायें।ताकि अपने हक अधिकार

को जान सके।इस दौरान परिसंघ से जुड़े सभी सदस्यों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने,अपने बच्चो को गुणवत्तपूर्ण शिक्षा देने व संगठित रहने का संकल्प लिया।इस दौरान जगदीश रजक,सरयू रविदास, अनिल पासवान, लालो रविदास, जितेन्द्र दास, रमजान अंसारी, जयकुमार मेहता, संतोष महतो, ना रायण दास, वृहस्पति रविदास,पंकज दास,अमृत रविदास, सुरेशचन्द्र रजक आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कल्पना सोरेन ने छोटकी दुर्गा मंडप में की पूजा अर्चना

**गिरिडीह(ससे):** चैती नवरात्रा में मां दुर्गे के नौ रूपों के उपासना में पूरा गिरिडीह डूबा हुआ है मंगलवार को नवरात्र के अष्टमी पूजा को लेकर भी मां दुर्गे की पूजा धूमधाम से की गई इस दौरान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में दुर्गा मंडपों में भक्तों की भीड़ उमड़ी और मां का आह्वान की इसी क्रम में उपचुनाव प्रचार के लिए गांडेय के बेंगाबाद जाने के क्रम में इंडी की प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शहर के गांधी चौक के छोटकी दुर्गा मंडप पहुंची इस दौरान उनके साथ सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद अभय सिंह राकेश सिंह गौरव कुमार मौजूद थे कल्पना सोरेन ने मंदिर में उमड़ी भक्तों के के बीच पूजा-अर्चना की मां को चुनरी अर्पित किया और प्रसाद के भोग लगाए.

हालांकि कल्पना सोरेन पूजा अर्चना के दौरान सुरक्षा के लिहाजे से कुछ पल के लिए मंदिर में भक्तों की पूजा अर्चना को रोक दिया गया था इस दौरान दुर्गा मंडप में उनकी एक झलक देखने के लिए भक्तों की भीड़ खास तौर पर महिलाएं और युवतियां भी जुटी रही बाद में श्रीमती कल्पना सोरेन ने शहर के बडा चौक मंदिर पहुंचकर संकट मोचन हनुमान मंदिर में मत्था टेकी और पूजा अर्चना किया.

## भाजपा बूथ स्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को दिये गए टिप्स

**कोडरमा (ससे):** कोडरमा के सतगावां प्रखंड के बासोडीह में मंगलवार को भाजपा का बूथ स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

जहां कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और विधायक डॉक्टर नीरा यादव के अलावे लोकसभा प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद मौजूद थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सतगावां प्रखंड के सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इसके अलावा सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी हिस्सा लिया। सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों से अपना बूथ सबसे मजबूत की दावेदारी पेश करते हुए भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी को ज्यादा से ज्यादा मत दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। सम्मेलन के दौरान बूथ अध्यक्षों को मतदाताओं को गोलबंद करने की टिप्स भी दिए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉक्टर नीरा यादव ने कहा कि पिछले १० सालों में मोदी सरकार ने विकास के जो कार्य किए हैं।

वह किसी से अछूता नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लिए सांसद अन्नपूर्णा देवी ने भी कई ऐसे कार्य किए हैं, जिसके लिए उन्हें फिर से मौका मिलना चाहिए। वही अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हर प्रखंड में बूथ स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है और लोगों ने मोदी सरकार को एक बार फिर मौका देते हुए ४०० से अधिक सीटों पर विजय बनाने का मन बना लिया है और नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावे आम मतदाता में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### छत्तीसगढ़ में टॉप कमांडर समेत---

मंगलवार को कई हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदानकर्मियों को ले जाने की क्वायद शुरू कर दी गई. इस सीट पर १९ अप्रैल को मतदान होगा. राज्य में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर और सुकमा जिलों के संवेदनशील इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और मतदान दलों को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. बस्तर लोकसभा क्षेत्र के दक्षिणी भाग में स्थित दोनों जिलों में पूर्व में चुनाव के दौरान सुरक्षाबलों पर नक्सली हमलों की कई घटनाएं हुई हैं. बीजापुर के जिलाधिकारी अनुराग पांडेय ने बताया कि जिले में आम चुनाव के लिए कुल २४५ मतदान केंद्र बनाए गए हैं. इनमें से अंदरूनी क्षेत्रों के ९९ मतदान केंद्रों को (सुरक्षित स्थानों पर) स्थानांतरित कर दिया गया है.

२६ नक्सलियों ने किया सरेंडर

सुरक्षाबलों की प्रखर कार्रवाई से नक्सली खेमे में हड़कंप मचा हुआ है. दंतेवाड़ा में एक या दो नहीं, बल्कि २६ नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया. सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक इनामी नक्सली भी शामिल था. उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था. सरेंडर करने वाले नक्सलियों के बारे में एसपी गौरव राय ने बताया कि यह सभी शरारती गतिविधियों में संलिप्त थे, जिसमें पोस्टर लगाना, बैनर लगाना, रसद एकत्रित करना, आगजनी करना, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाना शामिल है.

### 4 जून के बाद---

के शासनकाल में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में तेज छलांग लगाई है तथा २५ करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया है।

### पतंजलि भ्रामक विज्ञापन---

लेकिन हम सार्वजनिक माफी मांगना चाहते हैं। रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के उल्लंघन के लिए अखबार में सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने की पेशकश की।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बाबा और आचार्य बालकृष्ण से बातचीत की। जस्टिस कोहली ने स्वामी रामदेव से कहा कि आप मशहूर हैं। योग के क्षेत्र में आपने काफी काम किया है। आप बिजनेस भी करने लगे। तभी सुप्रीम कोर्ट के वीडियो का प्रसारण बाधित हो गया। तीन मिनट बाद सिर्फ ऑडियो आया। जस्टिस कोहली ने कहा कि ये बाधा सिर्फ संयोग है, हमारी ओर से कोई सेंशरशिप नहीं है।कोर्ट ने बाबा रामदेव से सीधा सवाल किया कि आपको माफी क्यों दी जाय? स्वामी रामदेव ने कोर्ट से कहा कि मैं आगे से जागरूक रहूंगा, मैं जानता हूं कि करोड़ों लोग मुझसे जुड़े हुए हैं। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि आपने हमारे आदेश के बाद ये सब कुछ किया। आपको पता है कि लाइलाज बीमारियों का आप विज्ञापन नहीं कर सकते हैं। कानून सबके लिए समान है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा कि हमने बहुत टेस्ट किए हैं जिस पर जस्टिस कोहली ने उन्हें टोका और कहा कि आपकी तरफ से ये गैर जिम्मेदार रवैया है।

जस्टिस कोहली ने कहा कि इतने इनोसेंस कोर्ट में नहीं चलते हैं कि आज आप माफी मांग रहे हैं, ऐसा नहीं चलता है। इस पर स्वामी रामदेव ने कहा कि इस तरह की गलती दोबारा नहीं होनी चाहिए। इसके बाद जस्टिस कोहली ने कहा कि आपका पिछला इतिहास खराब है, हम इस पर विचार करेंगे कि आपकी माफी स्वीकार की जाए या नहीं। आपने लगातार उल्लंघन किया हैं। वहीं जस्टिस अमानुल्ला ने कहा कि आप दिल से माफी नहीं मांग रहे हैं। यह ठीक नहीं है। रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के उल्लंघन के लिए अखबार में सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने की पेशकश की। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण दोनों को सुनवाई की अगली तारीख यानि २३ अप्रैल को उपस्थित रहने को कहा।

### सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग ---

सुनवाई के दौरान पाशा ने कहा कि मध्य प्रदेश में मॉब लिंचिंग की घटना हुई थी, लेकिन पीड़ितों के खिलाफ गोहत्या की एफआईआर दर्ज की गई थी। अगर राज्य सरकार मॉब लिंचिंग की घटना से ऐसे ही इनकार करती रही, तो २०१८के तहसीन पूनावाला मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन कैसे होगा। पूनावाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को भीड़ खासकर गौरक्षकों द्वारा हत्या की घटनाओं की जांच करने के लिए कई निर्देश जारी किए थे। कोर्ट ने आदेश में राज्य सरकार को पीड़ितों को १ महीने के अंदर मुआवजा देने का निर्देश दिया था।

# खूंटी में नामांकन को मेगा इवेंट बनाने की तैयारी



**खूंटी (ससे):** खूंटी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की तारीख नजदीक पहुँचने से राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की सरगर्मी बढ़ गयी है। बड़े दल नामांकन को मेगा इवेंट बनाने की तैयारी में हैं । भाजपा ने खूंटी लोकसभा के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को प्रत्याशी बनाया है वहीं राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने कालीचरण मुंडा को एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है।

दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता नामांकन को लेकर व्यापक तैयारी में जुटे हैं। भाजपा और कांग्रेस के चुनावी कार्यालयों में गहमागहमी देखी जा रही है। खूंटी तोरपा, तमाड़, कोलेबीरा, सिमडेगा और खरसांवा से भी बड़ी संख्या में नामांकन के दिन २३ अप्रैल को राजनीतिक दलों के कार्यकर्त्ताओं के जुटने की उम्मीद है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने बताया कि २३ अप्रैल को नामांकन की तिथि निश्चित की गई है लेकिन नामांकन के वक्त कांग्रेस समर्थक कहां जुटेंगे और पैदल मार्च करेंगे यह अभी तय नहीं किया गया है। नामांकन के वक्त पूरे लोकसभा के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्त्ता खूंटी पहुँचेंगे।

उधर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के नामांकन की तिथि भी २३ अप्रैल को निर्धारित की गई है। सभी जिलों से कार्यकर्त्ता खूंटी आएंगे और नामांकन में शामिल होंगे। पूरे लोकसभा में उत्साह का माहौल है कार्यकर्त्ता जोर शोर से तैयारी में जुटे हैं। नामांकन अभूतपूर्व होगा। पैदल मार्च की योजना बनाई जा रही है प्रदेश स्तर के भाजपा के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

जिला प्रशासन से अनुमति मिलने पर सभा का आयोजन भी किया जाएगा और राष्ट्रीय स्तर के नेता संबोधित करेंगे। अभी सभा स्थल का चयन नहीं किया गया है। नामांकन के बाद लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के हाथ को कैसे मजबूत बनाएंगे इसकी रणनीति तय की जाएगी। नामांकन के दूसरे दिन से ही चुनावी दौरा का आगाज होगा और आमजनता से भाजपा को जीत दिलाने की अपील की जाएगी।

# मंदिर प्रांगण को कराया जाएगा अतिक्रमण मुक्त

**देवघर (ससे):** देवघर उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर ने बाबा मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने अतिक्रमण की वजह श्रद्धालुओं को हो रही असुविधा एवं अव्यवस्था को देखते हुए बाबा मंदिर को जोड़ने वाले सभी सम्पर्क पथों को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश संबंधित दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया।इसके अलावे उपायुक्त विशाल सागर ने बाबा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ श्रद्धालुओं को हो रही कठिनाईयों के साथ आपातकालीन वाहनों के आगमन को सुनिश्चित करने के उदेश्य से मंदिर जाने वाले सभी सम्पर्क पथों को अतिक्रमण मुक्त रखें।

आगे मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया चौबीसों घंटे मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई सुनिश्चित कराए और सफाई कर्मचारियों के पहचान हेतु उन्हें ड्रेस कोड लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही मंदिर प्रांगण के टूटे हुए फर्श को बदलने के अलावा बढ़ती गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ, प्रांगण में जल का छिड़काव, पेयजल सुविधा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।इस दौरान उपरोक्त के अलावे प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, बाबा मंदिर मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त, बाबा मंदिर थाना प्रभारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व मंदिर कर्मी आदि उपस्थित थे।

# संकटमोचन हनुमान मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**बोकारो (ससे):** नवनिर्मित संकटमोचन हनुमान मंदिर (धर्मस्थान, सेक्टर ४ जी मोड़) में सोमवार को हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यह एकदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर की गई। इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में पडित अशोक पांडेय शास्त्री, मुख्य यजमान मधुसूदन यादव, आरती यादव, कलश स्थापना राजेश चौधरी, अर्चना चौधरी सहित स्वरूप शेखर पांडेय, अनुराग कुमार उर्फ भज्जु, रजनी कांत पाठक, सरोज कुमार मिश्रा, अरुण पाठक, मुन्ना, डेजी, सरयू चौधरी, लक्ष्मी सिन्हा, पवन, नागेन्द्र सिंह आदि की प्रशंसनीय भूमिका रही।

मंदिर के लिए हनुमान जी की मूर्ति दान रजनी कांत पाठक ने किया। आयोजन के दौरान भक्ति गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।आयोजन में आस पास के श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रशंसनीय रही।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**गिरिडीह (ससे):** रामनवमी को लेकर गिरिडीह समाहरणालय में मंगलवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता ज़िले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने की। बैठक में डीसी ने सबों से जिले में रामनवमी शांति से मनाने की अपील की। बैठक के बाद डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है । सभी अखाडा समितियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं ।

अधिकारियों को लोगों की सुविधा के लिए तैनात रहने के निर्देश हैं । पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात हैं। उपद्रवियों पर पैनी नज़र रखी जा रही है और साथ ही सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की खास नजर है । उपद्रव करने वाले किसी भी सूरत में बक्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने शहर वासियों को शांति और उल्लास से रामनवमी मनाने की अपील की।जिले में डीजे बजाने पर रोक लगा दी गई है। जुलूस जमा होने वाले स्थानों के आसपास के सभी छतों की ड्रोन से फोटोग्राफी की जा रही है।

# वाहन चेकिंग के दौरान 9.95 लाख जब्त

**गिरिडीह (ससे):** गिरिडीह जिले की सरिया थाना पुलिस ने क्षेत्र से सोमवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान ९,९५,००० रु ज़ब्त किया है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया ये राशि एफ एस टी टीम के द्वारा ज़ब्त की गई हैं।

एस पी ने बताया कि अब तक मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट लगने के बाद गिरिडीह जिला से एक करोड़ ७७ लाख ३३ हजार ३४० रु ज़ब्त किए जा चुके है।साथ ही १३०० लीटर अवैध शराब ज़ब्त की गई है। करीब २९ किलो गांजा बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि ज़ब्त की गई नगद राशि शराब गांजा महुआ एवं अन्य पदार्थों का मूल्य अब तक लगभग २ करोड़ १७ लख रुपए है।

# कालिस्थाना से भव्य मंगला जुलूस निकाला गया

**गढ़वा (ससे):** रामनवमी के मद्देनजर गढ़वा के कालिस्थाना से भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में काफी संख्या में महिला और पुरुष भक्तो ने शामिल होकर जय श्री राम के घोष के साथ शहर के संकट मोचन मंदिर होते हुए रामलला मंदिर के प्रांगण जुलूस की समाप्ति की।इस मौके पर तरह तरह के वाद और ड्रोन के साथ हनुमान जी को उड़ने का दृश्य देखने के लिए काफी संख्या में भक्त उपस्थित थे।पूजा समिति जनरल के अध्यक्ष दौलत सोनी ने बताया की यह मंगला जुलूस की परंपरा काफी पुरानी है। इस के माध्यम से हम सभी सनातनी अपने जिला,राज्य और देश में सुख समृद्धि और वैभव की कामना करते है। वहीं पूजा समिति की महिला अध्यक्ष ने कहा की बिना राम और बिना हनुमान का दुनिया नही चल सकती है। मंगला जुलूस में हमेशा महिलाओं की उपस्थिति पूर्व से ही रही है। राम भक्ति में लीन अध्यक्ष ने सभी महिलाओं से लोकसभा चुनाव में मतदान की भी अपील भी की ।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**लातेहार (ससे):** लातेहार जिले के बालूमाथ-चंदवा रोड पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के मिशन स्कूल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृत युवक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया पंचायत अंतर्गत पाहन टोला निवासी जगतलाल गंझू के इकलौते पुत्र जितेंद्र गंझू के रूप में की गयी है। जबकि घायलों में उसी टोले के निवासी चलितर गंझू का पुत्र धनराज गंझू और कालेश्वर गुंझू का पुत्र अर्जुन गंझू शामिल हैं। दोनों घायलों का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में किया जा रहा है। हालांकि मृतक जितेंद्र गंझू को घायल अवस्था में थाना पुलिस द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# रजरप्पा सिद्ध पीठ में महा अष्टमी की विशेष पूजा संपन्न



**रामगढ (ससे):** रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके सिद्ध पीठ में चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंगलवार को महा अष्टमी के स्वरूप की विशेष पूजा हुई । इसे लेकर पड़ोस के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा । मां छिन्नमस्तिके पूरे मंदिर परिसर को कोलकाता से आए कारीगरों के द्वारा विशेष फूल से सजाया गया था जिसकी अद्भुत छटा देखते ही बनी ।

इस विशेष अवसर पर दस महाविद्या पूजन के विशेषज्ञ पुजारी पंडित पंकज मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि में भगवती की विशेष पूजा अर्चना चलती है भोग भी विशेष होता है जो प्रतिदिन अलग-अलग होता है, माता सभी भक्त पर अपनी कृपा बनाए रखती हैं आप जिस-जिस कामनाओं का चिंतन करते हैं वह आवश्यक पूर्ण होती है केवल प्रतीक्षा की आवश्यकता है, माता नवरात्रि में दस महाविद्या के स्वरूपों से भक्तों का विशेष कल्याण करती हैं। महा अष्टमी के विशेष तिथि पर मंदिर न्यास समिति के पुजारी सुजीत पंडा ने बताया कि यह सिद्ध पीठ रजरप्पा दस महाविद्या स्वरूप में एक मां छिन्नमस्तिके यहां बिराजमान हैं, यहां नवरात्र के समय हर दिन एक विशेष पूजा होती है यहां पर हर पड़ोसी राज्य के भक्तजन आकर पूजन करते हैं जगत कल्याण के लिए हर भक्त मां से आशीर्वाद लेते हैं और मां के यहां पर मनोकामना सिद्ध होती मनोकामना का जगह नीचे है जहां पर शीला बंधन और संकल्प होता है, अष्टमी और नवमी के बीच में एक संधी पूजा होती है उसका एक विशेष समय होता है जो बहुत ही कम समय के लिए आता है उसका एक विशेष महत्व होता है जिसका भक्त साल भर इंतजार करते हैं ।

# केजरीवाल को जेल में वे सुविधाएं भी नहीं जो कट्टर अपराधियों को मिलती हैं : सीएम मान

**नई दिल्ली (ईएमएस):** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में आप पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने केजरीवाल से ग्लास सेपरेशन के जरिए मुलाकात की और उनकी आधे घंटे लंबी मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि यह देखकर बहुत दुख हुआ कि उन्हें वे सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं जो कट्टर अपराधियों को मिलती हैं। उसकी गलती क्या है? आप उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानो आपने देश के सबसे बड़े आतंकवादियों में से एक को पकड़ लिया हो।

सीएम मान ने कहा कि पारदर्शिता की राजनीति शुरू करने वाले और भाजपा की राजनीति खत्म करने वाले कटर ईमानदार अरविंद केजरीवाल के साथ ऐसा ही



व्यवहार किया जा रहा है। जब मैंने पूछा कि वह कैसे हैं तो उन्होंने कहा कि मेरे बारे में भूल जाओ मुझे यह बताओ कि पंजाब में चीजें कैसी चल रही हैं? क्योंकि हम काम की राजनीति करते हैं। वहीं आप नेता संदीप पाठक ने कहा कि हम सभी ने अरविंद केजरीवालजी से पूछा कि वह कैसे हैं।

उन्होंने कहा मेरे बारे में चिंता करना बंद करो मुझे बताओ कि लोग कैसे हैं। क्या उन्हें मुफ्त बिजली मिल रही है? उन्होंने बिजली कटौती के बारे में भी पूछा।

उन्होंने पूछा कि जो दवाएँ पहले उपलब्ध थीं वे अब भी उपलब्ध हैं या नहीं? पाठक ने कहा कि हमने उसे सब कुछ बता दिया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से वह चल रहे कार्यों की समीक्षा के लिए एक समय में २ मंत्रियों को यहां बुलाएंगे। उन्होंने मुझसे यह भी कहा कि मैं हर विधायक से मिलूं और उनसे कहूं कि हर गली में जाकर देखूं कि लोगों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए और हम जितना करते थे उससे १० गुना ज्यादा लोगों की सेवा करनी है।

# जामताड़ा से तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

**जामताड़ा (ससे):** जामताड़ा से ३ साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। जामताड़ा साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि जिले के कर्माटांड़ थाना अंतर्गत खुटाबांध एवं हेठभिठरा गांव से साइबर अपराध लिप्त २ जबकी जामताड़ा थाना अंतर्गत नावाडीह गांव से १ कुल ३ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। इनके पास से १२ मोबाइल सेट, १६ फर्जी सिम कार्ड एवं १ पासबुक १ आधार कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं ।

गिरफ्तार साइबर अपराधियों को मेडिकल जांच के बाद न्यायालय के समस्त प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया । जामताड़ा साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि जिले में लगातार साइबर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान पुलिस को सफलता भी मिल रही है।उन्होंने कहा कि जामताड़ा जिले में साइबर अपराध पर विराम लगाने को लेकर पुलिस हर स्तर पर काम कर रही है जिसका सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

# घोषणा पत्र में किए वादे को ससमय पूरा किया जाएगा : जेबी तुबिद

**चाईबासा (ससे):** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चुनावी घोषणापत्र गारंटी ही नहीं बल्कि गारंटी की गारंटी है।चाईबासा में मीडिया से बातें करते हुए श्री तुबिद ने कहा कि घोषणा पत्र में जो भी वादे किए गए हैं उन्हें ससमय पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न वर्गों से प्राप्त सुझावों के आधार पर घोषणापत्र को तैयार किया गया है जिसमें सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है।

# गीता कोड़ा मामले के सिलसिले में रांची जोन आईजी गम्हरिया थाना पहुंचे

**सरायकेला-खरसावां (ससे):** बीते रविवार को सिंहभूम सीट से भाजपा लोकसभा चुनाव की प्रत्याशी और सांसद गीता कोड़ा के कथित तौर पर चुनावी अभियान को रोके जाने, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट मामले के गंभीरता को देखते हुए रांची जोन आईजी अखिलेश झा मंगलवार को गम्हरिया थाना पहुंचे। आईजी अखिलेश झा ने गम्हरिया थाना में मोहनपुर गांव में घटित हुई घटना के विस्तृत जानकारी प्राप्त की । इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बताया कि मामले की जांच चल रही है ,जिस पर अभी कुछ बताया नहीं जा सकता। गौरतलब है कि रविवार को मोहनपुर गांव में भाजपा सांसद गीता कोड़ा ने मोहनपुर गांव में झामुमो कार्यकर्ताओं पर मारपीट और बंधक बनाने संबंधित गंभीर आरोप लगाते हुए ५ ग्रामीण समेत ५० अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है ,वहीं झामुमो जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो द्वारा गीता कोड़ा के आरोपों का खंडन किया गया है। इधर मोहनपुर गांव के लोगों द्वारा गीता कोड़ा समेत भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध गम्हरिया थाना में एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला भी दर्ज कर दिया गया है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत साईकिल रैली निकाली गई



**लोहरदगा (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन, २०२४ अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साईकिल रैली को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर निर्धारित रूट के लिए रवाना किया गया। इससे पूर्व उपायुक्त द्वारा सभी प्रतिभागियों, भविष्य के मतदाताओं और उपस्थित आमजनों को मतदाता शपथ दिलायी गई। साथ ही बताया गया कि लोहरदगा जिला में दिनांक १३.०५.२०२४ को मतदान की तिथि है।

जिनका नाम मतदाता सूची में जुड़ चुका है वे अवश्य उक्त तिथि को अपना मतदान करें। साईकिल रैली की शुरूआत नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा प्रांगण से की गई जो समाहरणालय, कचहरी होते हुए लोहरदगा रेलवे स्टेशन, समाहरणालय, मैना बगीचा के बाद वापस नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में संपन्न हुई।इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला खेल पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

# प्रियंका गांधी ने गौरव गोगोई के समर्थन में रोड शो किया

**तिताबोर (ईएमएस):** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जोरहाट में पार्टी उम्मीदवार गौरव गोगोई के समर्थन में मंगलवार को रोडशो किया। तिताबोर, जोरहाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक विधानसभा क्षेत्र है। पूर्व मुख्यमंत्री और गौरव गोगोई के पिता तरूण गोगोई ने इसी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा, कांग्रेस महासचिव और असम प्रभारी जितेंद्र सिंह, असम विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रियंका ने गोगोई के समर्थन में अपना रोड शो किया।

प्रियंका गांधी ने रोड शो से पहले एक पोस्ट में कहा, "पूर्वोत्तर के राज्यों की अपनी एक अनूठी संस्कृति है, ऐतिहासिक विरासत है। मोदी सरकार ने असम की इस विरासत पर अपने कायदे थोपे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी ने जनता का जीना दुश्वार कर दिया है। प्रियंका ने कहा, कांग्रेस की पांच न्याय की गारंटी न सिर्फ जनता को राहत पहुंचाएगी, बल्कि युवाओं का और देश का भविष्य मजबूत करेगी। जोरहाट लोकसभा सीट पर गोगोई का मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद तपन कुमार गोगोई से होगा। जोरहाट सीट पर मतदान लोकसभा चुनाव के पहले चरण में १९ अप्रैल को होगा। कांग्रेस की मीडिया समन्वयक (असम) महिमा सिंह ने कहा कि रोडशो शहर के भीतर तिताबोर तिनियाली तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

# पुरुषोत्तम रूपाला को देश की सभी बेटियों से माफी मांगनी चाहिए : शक्तिसिंह गोहिल

**अहमदाबाद (ईएमएस):** गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि देश और संस्कृति की सुरक्षा में सभी जाति के राजा-महाराजाओं का योगदान था।

किसी भी राजा-महाराजा ने अंग्रेजों को साथ रोटी-बेटी का व्यवहार नहीं किया। इसके बावजूद भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रूपाला ने राजघरानों पर अंग्रेजों के साथ रोटी-बेटी का व्यवहार करने का आरोप लगाकर किसी एक जाति की नहीं बल्कि देश की सभी बेटियों का अपमान किया है। इस विवादित बयान के लिए पुरुषोत्तम रूपाला को देश की सभी बेटियों से माफी मांगना चाहिए।

राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रूपाला के एक विवादित बयान से समूचे क्षत्रिय समाज में जबर्दस्त आक्रोश है। क्षत्रिय



समाज और रूपाला विवाद में फिलहाल जिसे सबसे अधिक फायदा हो रहा है वह कांग्रेस। भाजपा की इस आपदा को कांग्रेस अपने लिए अवसर में बदलने का कोई मौका नहीं छोड़ रही। गुजरात कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने रूपाला विवाद की आग में घी डालने का प्रयास करते हुए कहा कि अगर कोई अपराध करता है और अहंकार से माफी की नौटंकी करता है तो उस माफ नहीं किया जा सकता।

पुरुषोत्तम रूपाला ने जिस प्रकार माफी मांगी है, वह उचित नहीं है और उन्हें माफ भी नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अपनी गलती के लिए दिल से माफी मांगता है तो समाज उसे माफ कर सकता है। रूपाला ने जिस प्रकार से माफी मांगी है वह मंजूर नहीं की जा सकती। रूपाला ने एक तो देश के राजघरानों को लेकर विवादित बयान दिया और बाद में यह कहते हुए माफी मांग ली कि मेरी वजह से पार्टी को नुकसान हो रहा था। रूपाला ने कहा था कि मैं जो बोलता हूं उसके लिए कभी माफी नहीं मांगता, लेकिन मेरे कारण पार्टी को नुकसान होता है तो उसके लिए माफी मांगता हूं।

शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि क्या इसे माफी मांगना कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस समाज के कार्यक्रम में गए थे उसे लेकर भी रूपाला ने कह दिया कि उस समाज कार्यक्रम काम का नहीं था और इसे कहकर उन्होंने दलित समाज का भी अपमान किया। गोहिल ने कहा कि राजनीतिक दलों की कुछ जिम्मेदारियां होती हैं। रूपाला ने देश की मां, बहन और बेटियों का अपमान किया है और इस गंभीर गलती के लिए भाजपा को चाहिए था उनका टिकट रद्द कर दे। लेकिन सत्ता के मद में चूर भाजपा ने समाज को तोड़ने और बंटवारा करने का काम किया। जबकि विवादित बयान के लिए रूपाला और भाजपा दोनों को ही माफी मांगनी चाहिए थी।

जब कोई आंदोलन होता है तो सरकार को समझदारी से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर रूपाला का टिकट रद्द कर दिया होता तो एक राजनीतिक दल के रूप में भाजपा प्रशंसा की पात्र होती, परंतु भाजपा ने यह अवसर गंवा दिया है। सांप निकलने के बाद अबलकीर पीटने से कुछ हासिल नहीं होगा।

# लेम्बोर्गिनी को लगा दी आग, वीडियो हुआ वायरल

**हैदराबाद (ईएमएस):** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के पहाड़ी इलाके में १३ अप्रैल को लेम्बोर्गिनी कार को आग लगा दी। २००९ मॉडल की इस स्पोर्ट्स कार की कीमत करीब १ करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस घटना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें पीले रंग की लैंबॉर्गिनी सड़क पर धूं-धूंकर जलती दिख रही है। पुलिस के मुताबिक कार मालिक ने इसे बेचने के इरादे से दोस्तों को खरीदार ढूंढने के लिए कहा था। जांच में पता चला कि यह शख्स सेकंड हैंड कार की बिक्री करता है। उसकी अपने मालिक के साथ झगड़ा हो गया था जिसके बाद उसने कुछ साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि इस घटना का प्राथमिक संदिग्ध जो मालिक के एक दोस्त की जान-पहचान का था ने उससे कार लाने के लिए कहा था। पुलिस ने बताया कि जब १३ अप्रैल की शाम को यह लैम्बॉर्गिनी कार हैदराबाद के बाहरी इलाके में ममीदिपल्ली रोड पर लाई गई तो उस शख्स ने दूसरे लोगों के साथ मिलकर इस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी।

# पीएम मोदी ने गया में चुनावी रैली में भरी हुंकार



**गया (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को चुनावी सभा को संबोधित करने बिहार पहुंचे हुए हैं। गया में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे पीएम मोदी ने विपक्ष का निशाने पर लिया और कहा कि आरजेडी और कांग्रेस ने अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा, जबकि पिछड़ों को सम्मानजनक जीवन तो एनडीए ने दिया है। इस रैली के कुछ देर बाद ही पीएम मोदी पूर्णिया में भी विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुंच रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ही गया में बनाए गए मंच पर पहुंचे वहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने गमछा देकर पीएम मोदी का स्वागत किया। इसके बाद जैसे ही अश्विनी चौबे स्वागत करने आगे आए तो पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई और फिर उन्हें अपने पास बिठाकर बात कुछ बातचीत भी की। यहां उपस्थित जन को संबोधित करने जैसे ही पीएम मोदी ने कहा वैसे ही लोग उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी करने लगे। लोगों के उत्साह को देख पीएम मोदी कुछ देर रुके और फिर कहा कि यह ऊर्जा ५ जून के लिए भी बचाकर रखें।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा, 'आरजेडी और कांग्रेस ने अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा, जबकि पिछड़ों को सम्मानजनक जीवन एनडीए ने दिया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों के लिए मोदी का गारंटी कार्ड फिक्स हो गया है। गरीबों के लिए ३ करोड़ घर बनाए जाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। आगे उन्होंने कहा कि ७० साल से ज्यादा के लोगों को मुफ्त इलाज भी मोदी की गारंटी है। किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रखी जाएगी यह मोदी की गारंटी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी के घोषणा पत्र में विकास का रोडमैप है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तो महिला स्वयं सहायता समूहों को १५० करोड़ रुपये से भी कम की मदद दी जाती थी। एनडीए सरकार ने १० साल में इन्हीं महिला समूहों को ४० हजार करोड़ रुपये से ज्यादा दिए हैं। इन सालों में देश में ऐसी क्रांति आई है, जिसकी उतनी चर्चा नहीं होती। उन्होंने कहा कि यह क्रांति देश के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लाई गई है। पिछले १० सालों में १० करोड़ महिलाएं एसएचजीएस से जुड़ी हैं। यहां बिहार में ही सवा करोड़ बहनें इन समूहों से जुड़ी हैं।' उन्होंने कहा, कि अब अगले ५ वर्षों के लिए मोदी का गारंटी कार्ड अपडेट हो चुका है। गरीबों के लिए ३ करोड़ पक्के मकान बनाए जाएंगे। यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को मुफ्त राशन मिलेगा, ७० वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को ५ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा और किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी, यह सभी मोदी की गारंटी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि '२५ करोड़ देशवासियों को आपके इस सेवक ने ही गरीबी से बाहर निकाला है। कांग्रेस और उनके साथियों ने तो दशकों तक गरीबों को रोटी, मकान के सपने दिखाए थे, जबकि ४ करोड़ गरीबों को पक्के घर एनडीए सरकार ने दिए। उन्होंने कहा, कि मोदी को देश के संविधान ने यह पद दिया है। डॉ. राजेंद्र बाबू और बाबा साहेब आंबेडकर का दिया हुआ यह संविधान यदि न होता, तो कभी भी ऐसे पिछड़े परिवार में पैदा हुआ गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री नहीं बन पाता।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां रामनवमी का जिक्र करते हुए रामलला को याद किया और कहा कि कल रामनवमी का पावन पर्व है। सूर्य की किरणें कल अयोध्या में रामलला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेंगी। लेकिन, घमंडिया गठबंधन के लोगों को तो राम मंदिर से भी परेशानी है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले कभी भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, आज वो राम मंदिर पर कैसी-कैसी बातें बोल रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में बिहार के चारा घोटाले को भी रेखांकित किया और सीधे लालू व उनकी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कि बिहार की बर्बादी के लिए सबसे बड़ी गुनहगार आरजेडी है। चारा चोरी की गुनहगार आरजेडी है। उन्होंने कहा कि बिहार को आरजेडी ने महज दो ही चीजें दी हैं, एक जंगलराज और दूसरा भ्रष्टाचार।

# देश में 110 करोड़ हिंदू इसलिए भारत को बनाएं हिंदू राष्ट्र : मोदी समर्थक

**गया (ईएमएस):** बिहार के गया में पीएम मोदी के समर्थकों में काफी जोश उमंग दिखा। हजारों-हजारो की संख्या में समर्थक पहुंचे हैं। कुछ युवाओं ने हाथों में तख्ती बैनर पोस्टर लेकर आए हैं। पूरे गांधी मैदान में भारी संख्या में लोग दिखाई दे रहे थे। प्रधानमंत्री की गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होने वाली रैली में कुछ समर्थक हिंदू राष्ट्र बनाने मांग लेकर पहुंचे।

गया में आयोजित रैली में मोदी समर्थक अबकी बार ४०० पार, और जय श्री राम के नारे के उद्घोष के साथ आवाज बुलंद करते दिखे। गया में स्टेडियम निर्माण और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के साथ हाथों में बैनर पोस्टर लिए उत्साहित दिखे समर्थक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी के समर्थन में वोट मांगने के लिए गया पहुंचे थे। गया संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। गया लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति के ३३ फीसदी वोट हैं, जो दोनों प्रत्याशियों के बीच जाने का अनुमान है। पिछले चुनाव में जेडीयू के विजय कुमार मांझी यहां से जीते थे। इस लोकसभा चुनाव में मुफ्त अनाज, आयुष्मान कार्ड जैसे मुद्दे प्रभावी नजर आ रहे हैं।

रैली स्थल पर पहुंचे एक समर्थक ने कहा कि जैसा कि मैं पीएम मोदी से मांग करुंगा कि आप जैसे ही चुनाव जीतें सबसे पहले हिंदू राष्ट्र की घोषणा करें। ताकि हम ११० करोड़ लोग अच्छे से रहे सकेंगे। हिंदू राष्ट्र बनते ही हम ११० करोड़ लोग पूरी ताकत के साथ देश को आगे ले जाने का काम करेंगे। मोदी समर्थक ने कहा कि यहां ११० करोड़ हिंदू हैं इसलिए वह हिंदू राष्ट्र की मांग कर रहे हैं। क्या मैं पाकिस्तान और श्रीलंका में हिंदू राष्ट्र की मांग करूं? मैं मोदी से हिंदू राष्ट्र की मांग इसलिए कर रहा हूं कि क्योंकि वह जो कहते हैं वह करते हैं। पीएम मोदी की रैली के लिए जबरदस्त तैयारी की गई थी। काफी संख्या में युवा रैली में पहुंचे। युवा हाथो में बैनर पोस्टर लिए उत्साहित दिखे।

# अयोध्या राम मंदिर में आज 50 लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने की संभावना

**मिर्जापुर (ईएमएस):** रामनवमी को देखते हुए अयोध्या ही नहीं, देश भर के श्रद्धालुओं में उत्साह है। इस अवसर पर अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में कल ५० लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के लिए मिर्जापुर से १,११,१११ किलो लड्डू भेजे जा रहे हैं। प्रसाद शहर के देवरहा हंस बाबा ट्रस्ट द्वारा भेजा जा रहा है। इन लड्डुओं को तैयार करने के बाद इसी टिफिन में पैक किया जा रहा है। सनातन धर्म में प्रभु श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम की उपाधि दी गई है। यही कारण है कि हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले रामनवमी का पर्व हिंदू धर्म के लोगों के लिए बेहद खास माना जाता है। इस वर्ष रामनवमी १७ अप्रैल को मनाई जा रही है।

# मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है : तेज प्रताप यादव



**पटना (एजेंसी):** लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार में लालू परिवार सुर्खियों में है. राजद अध्यक्ष लालू यादव ने इस बार अपनी दो बेटियों को चुनावी मैदान में उतारा है. लालू-राबड़ी के साथ उनके दो बेटे पहले से सक्रिय राजनीति में हैं. चुनाव की पूरी बागडोर छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव संभाल रहे हैं. बड़े तेज प्रताप यादव को प्रचार की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है, इसलिए वह ज्यादा सक्रिय नहीं दिखाई दे रहे हैं.

इस बीच तेज प्रताप यादव का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें उन्होंने लिखा है कि उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है. उनकी सिर्फ एक ही पार्टी है- राष्ट्रीय जनता दल. सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर उनका ट्वीट काफी तेजी से वायरल हो रहा है. लोग सोच रहे हैं कि कौन उनकी छवि खराब कर रहा है और उन्हें अपनी पार्टी बताने की क्यों जरूरत पड़ी?

दरअसल, लोकसभा चुनाव से ठीक पहले तेज प्रताप यादव के दो करीबियों ने नया दल बना लिया है. इसका नाम जनशक्ति जनता दल रखा गया है. यह नया दल बिहार में २० सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ने की तैयारी में है. इसकी अंदरूनी तैयारी खूब तेजी से चल रही है.

इस दल के ज्यादातर सदस्य तेज प्रताप यादव के काफी करीबी रह चुके हैं. इस नई पार्टी में राजद की छात्र यूनिट छात्र जनशक्ति परिषद से जुड़े कार्यकर्ता है. इस संगठन को तेज प्रताप यादव ने खड़ा किया था. लोगों के बीच में भ्रम की स्थिति को खत्म करने के लिए तेज प्रताप यादव को ऐसा ट्वीट करना पड़ा है.

तेज प्रताप यादव ने एक्स पर लिखा कि कुछ असामाजिक तत्व और कुछ एक चाटुकारों ने मेरी छवि को धूमिल करने का जो षड्यंत्र रच रहे हैं. वो कभी भी फलीभूत नहीं होगा, मेरी एक ही पार्टी है और वो है राष्ट्रीय जनता दल.

जय राजद तय राजद. बता दें कि तेज प्रताप यादव हमेशा सुर्खियों में रहते हैं. सोशल मीडिया पर कई मुद्दों पर अपनी राय बेबाकी से रखते हैं और उनका एक खास अंदाज है. इससे पहले तेज प्रताप यादव आरजेडी में कुछ लोगों के खिलाफ आरोप लगा चुके हैं और उनके खिलाफ बगावती सुर भी अपना लिए थे.

# बीजेपी के लोग कर रहे संविधान बदलने की बात : तेजस्वी यादव



**जमुई (एजेंसी):** लोकसभा चुनाव २०२४ को लेकर प्रथम फेज में चार लोकसभा सीट पर मतदान होने हैं. जिसमें जमुई लोकसभा सीट काफी हॉट सीट बना हुआ है. क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल ने जमुई की स्थानीय जमुई की बेटी अर्चना रविदास को मैदान में उतारा है. वहीं दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन की ओर से लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने बहनोई अरुण भारती को मैदान में उतार दिया है.

दोनों गठबंधन के तरफ से वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार रैलियां की जा रही है जिसके तहत तेजस्वी यादव जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र के नुमर गांव के राजकीय बुनियादी विद्यालय मैदान में तेजस्वी प्रसाद यादव ने विशाल जनसभा को संबोधित किया.

वही तेजस्वी यादव ने सभा के दौरान केंद्र की मोदी सरकार और बिहार के मुख्य नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि चाचा कहा करते थे नौकरी अपने आप के घर से लाएगा और मैं उन्हीं के हाथों से १७ महीने में ५ लाख लोगों को नियुक्ति पत्र वितरण कर दिया. वही मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन के लोगों ने मेनिफेस्टो जारी किया है. जिसमें बिहार के बारे में कोई चर्चा नहीं की गई है. ना ही युवाओं के भविष्य के सवाल पर ना बेरोजगारी ना किसान ना बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात की गई. हमारी सरकार को बताया जब मैं एक राज्य में उपमुख्यमंत्री रहते १७ महीने में ५ लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे सकता हूं तो अगर केंद्र में मेरी सरकार बनी तो एक करोड़ युवाओं को नौकरी देने का काम करेंगे.

इसके अलावा उन्होंने कहा कि अभी ३० लाख वैकेंसी खाली है ७० लाख वैकेंसी को इंक्रीमेंट करना पड़ेगा. जब केंद्र में मोदी की सरकार नहीं थी तो महंगाई को लेकर गाना गाते थे कि महंगाई डायन खाय जात है. अभी इन लोगों को महंगाई महबूबा लगने लगी महंगाई और बेरोजगारी पर कोई चर्चा ही नहीं करते हैं. वहीं कार्यक्रम के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि खुलेआम संविधान को बदलने की बात की जा रही है. बीजेपी के लोगों के द्वारा मोदी जी मोन हैं कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं. कुछ लोगों के माध्यम से नैरेटिव सेट करने के लिए एजेंडा चलाया जा रहा है. वो नहीं चलेगा दस साल लोगों ने देख लिया है.

# बसपा ने मुस्लिम कैंडिडेट उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया



**वाराणसी (ईएमएस):** न मुझे किसी ने भेजा है, न मैं यहां पर आया हूं, मुझे मां गंगा ने बुलाया है...१० साल पहले २०१४ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी इन बातों से बनारस वालों का दिल जीत लिया था। २०१४ और २०१९ में लगातार रिकॉर्ड मतों से जीतकर संसद पहुंचे नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी वाराणसी से चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस के यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हैं।

इस बीच, बसपा ने सीट से मुस्लिम कैंडिडेट उतारकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। मायावती ने अतहर जमाल लारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। लारी दो बार लोकसभा और तीन बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वे लंबे समय तक मुख्तार अंसारी की पार्टी कौमी एकता दल से जुड़े रहे। फिर समाजवादी पार्टी का दामन थामा और अब बसपा के साथ हैं।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बहनजी ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर कांग्रेस-सपा गठबंधन के लिए संकट पैदा कर दिया है। लारी के चुनावी मैदान में आने से मुस्लिम वोटों के बिखरने की आशंका है। अगर ऐसा होता है, तब प्रधानमंत्री मोदी की जीत का अंतर और बढ़ सकता है। २०१९ में मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट ४.७५ लाख मतों के अंतर से जीता था। मोदी को कुल ६ लाख ६९ हजार ६०२ वोट हासिल किए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा-बसपा गठबंधन की शालिनी यादव को १,९३,८४८ और कांग्रेस के अजय राय को १,५१,८०० मत मिले थे। मोदी को सबसे अधिक ६३.५९ प्रतिशत मत मिले थे।

पहली बार बनारस से चुनाव लड़ने आए मोदी को काशी की जनता ने खूब स्नेह दिया। मोदी ने यहां ३.३७ लाख मतों से जीत दर्ज की थी। वाराणसी सीट पर मोदी के खड़े होने के कारण यहां प्रत्याशियों की बाढ़ आ गई थी। कुल २७ प्रत्याशियों ने चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई थी। २०२४ लोकसभा चुनाव में अगर सपा-कांग्रेस और बसपा के बीच मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो जाएगा, तब मोदी २०१९ की तुलना में कहीं ज्यादा वोटों से चुनाव जीत सकते हैं।

बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी के पास कुल १ करोड़ २८ लाख से ज्यादा की संपत्ति है। ४३ हजार रुपये कैश और १ लाख से ज्यादा बैंक में जमा हैं। उनके पास १४ लाख कीमत के दो वाहन हैं।

# पटना में भीषण सड़क हादसा, 7 की मौत

**पटना (एजेंसी):** बिहार में सड़क हादसो की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं. आए दिन सड़क दुर्घटना के मामले बढ़ते जा रहे हैं. ताजा मामला राजधानी पटना से सामने आया है. जहां तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला. इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है. राजधानी पटना के न्यू बायपास स्थित राम लखन पथ छह ३० पर बड़ा हादसा हुआ है.

जानकारी के अनुसार मंगलवार १६ अप्रैल की सुबह एक टेंपो पर सवार कुल ८ लोग हाइड्रा क्रेन की चपेट में आ गए. जिसमें ७ लोगों की मौके पर मौत हो गई. २ बच्चों सहित कई युवक और महिलाओं की मौत हो गई. घटना राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ की है.

जानकारी के अनुसार, राजधानी पटना मेट्रो का काम कर रहे है जेसीबी में एक अनियंत्रित ऑटो ने सीधी टक्कर मार दी. ये हादसा इतना भीषण था कि ७ लोगों की मौत मौके पर हो गई. वहीं इस हादसे में एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया. उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतकों की संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं. इस हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है और मामले की जांच में जुटी है. राजधानी पटना में हुए सड़क हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ की है जो कि मंगलवार की सुबह हुई.

पुलिस के मुताबिक, बताया जाता है कि ऑटो में सवार होकर सभी रेलवे स्टेशन से बस पकड़ने के लिए रवाना हुए थे.

# देश चाहता है कि मैं सक्रिय राजनीति में रहूं : रॉबर्ट वाड्रा



**अमेठी (ईएमएस):** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने कहा है कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि वे उनका प्रतिनिधित्व करें और लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनने का फैसला सही समय पर लिया जाएगा। प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर वृन्दावन का दौरा कर भगवान बांके बिहारी के दर्शन किए। उन्होंने ठाकुरजी की शृंगार आरती देखकर कहा कि अयोध्या हो या मथुरा, वे हर जगह को एक ही नजर से देखते हैं।

सक्रिय राजनीति में उनकी भूमिका के बारे में पूछने पर वाड्रा ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को लगेगा कि मैं बदलाव ला सकता हूं, तब मैं सक्रिय राजनीति में आऊंगा। यह जरूरी नहीं है कि मैं अमेठी से चुनाव लड़ंग, मैं मुरादाबाद और हरियाणा से भी चुनाव लड़ सकता हूं। उन्होंने कहा कि मेरी सोच है कि हमें धर्मनिरपेक्ष रहना चाहिए और धर्म की राजनीति से दूर रहना चाहिए। पीएम मोदी को लोगों के मुद्दों को उठाना चाहिए और सोचना चाहिए कि हम कैसे प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। मेरा परिवार धर्मनिरपेक्ष है और वह हमेशा एक धर्मनिरपेक्ष देश के बारे में सोचता है। जहां सक्रिय राजनीति में मेरी भूमिका का सवाल है, जब मैंने लोगों के लिए काम किया है, तब उन्होंने मुझे हमेशा मजबूत किया है...देश चाहता है कि मैं सक्रिय राजनीति में रहूं।

रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि मैं राजनीति से दूर रहा हूं, लेकिन विभिन्न दल मुझे राजनीति में खींचना चाहते थे और मुझे परेशान करने के लिए हथकंडे अपनाते थे। गांधी परिवार से जुड़े होने के कारण मुझे हमेशा एक राजनीतिक उपकरण और एक आसान लक्ष्य के रूप में माना जाता है।

# यूपी के दूसरे चरण में एक चौथाई उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

**लखनऊ (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर लड़ने वाले करीब एक चौथाई प्रत्याशी किसी न किसी आपराधिक मामले में लिप्त हैं। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार आठ सीटों से नामांकन दाखिल करने वाले ९१ प्रत्याशियों में से २१ ने खुद पर आपराधिक मामले घोषित किये हैं जिनमें १८ फीसदी गंभीर आपराधिक वारदातों में संलिप्त हैं।

अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे सभी ९१ उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों में से सपा के चार में से चार यानी शत प्रतिशत, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के आठ में से तीन यानी ३८ प्रतिशत, भाजपा के सात में से दो यानी २९ प्रतिशत, कांग्रेस के चार में से दो यानी ५९ प्रतिशत, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के तीन में से दो यानी ६७ प्रतिशत शामिल हैं। गंभीर आपराधिक मामलों में बसपा के २५ प्रतिशत, भाजपा के २९ प्रतिशत,सपा के ५० प्रतिशत,कांग्रेस के ५० प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। अलीगढ से निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशवदेव गौतम पर सबसे ज्यादा पांच आपराधिक मामले दर्ज है दूसरे नम्बर पर बागपत में सपा के उम्मीदवार अमरपाल नौ आपराधिक मामले में वांछित है।

तीसरे नंबर पर हाजी अफ़ज़ल जो मेरठ से सबसे अच्छी पार्टी के उम्मीदवार है जिनके ऊपर दो आपराधिक मामले पंजीकृत है। करोड़पति उम्मीदवारों की बात करे तो ९१ में से ४२ यानी ४६ प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। बसपा, कांग्रेस और भाजपा के सभी उम्मीदवार करोड़ों के मालिक है जबकि कांग्रेस के ७५ फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव २०२४ के दूसरे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति १०.०५ करोड़ है। मुख्य दलों में बहुजन समाज पार्टी के ८ उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग १०.७५ करोड़ है। भाजपा के सात उम्मीदवारों की औसत संपत्ति ९१.२३करोड़ है समाजवादी पार्टी के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति १७.३४ करोड़ है वही कांग्रेस के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति ३.५६ करोड़ है।

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रत्याशियों में मथुरा से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रही हेमा मालिनी की संपत्ति लगभग २७८ करोड़ है इसी तरह से सतीश कुमार गौतम, अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति १६ करोड़ है वही मेरठ लोकसभा सीट से देववर्त, बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति ५ करोड के आसपास हैं। लोकसभा चुनाव के दुसरे चरण में ९१ में से ३३ (३६ प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता पांचवीं और १२वीं के बीच घोषित की है. जबकि ५२ (५७ प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित की हैं। दो उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की है। दो उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और दो उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय बोकारो
(उत्पाद शाखा)

-: आदेश :-

एतद् द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या–01/नि0वि0–22–23 (पार्ट–1)/2020/1186 दिनांक–18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या–05/मु0स्था0–15–01/2019–814 दिनांक–12.04.2024 के द्वारा निहित निदेशों एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा 135(C) के आलोक मे झारखण्ड उत्पाद अधिनियम 1915 की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं **जाधव विजया नारायण राव (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, बोकारो** इस जिला मे लोक सभा निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत स्वतंत्र, निश्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के उद्देश्य से दिनांक–25.05.2024 को पूर्वा0 07:00 बजे से 05:00 अप0 तक अधिसूचित है, के 48 घंटे पूर्व अर्थात् दिनांक–23.05.2024 के अप0 05:00 बजे से दिनांक–25.05.2024 को मतदान की तिथि के समाप्ति अर्थात 05:00 बजे अप0 तक बोकारो जिलान्तर्गत शुश्क दिवस (ड्राई डे) घोशित करती हूँ।

2. शुष्क दिवस (Dry Day) कि उक्त वर्णित अवधि में जिला अन्तर्गत अवस्थित किसी होटल, भोजनालय, पाकशाला, दुकान अथवा किसी अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान में कोई भी स्प्रीट् युक्त, किन्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य कोई पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा और न ही वितरित किया जायेगा।

3. शुष्क दिवस (Dry Day) उक्त अवधि में मदिरा की बिक्री के लिए खुदरा देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट शराब दुकान, ब्रिवरी प्लांट (B.D.P.L.), बोकारो डिस्टीलरी, होटल, रेस्तरॉ, बार एवं क्लब इत्यादि सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्तियॉ पूर्णतः बन्द रहेगी एवं मदिरा का विक्रय/परोसा जाना प्रतिबंधित रहेगा।

4. शुष्क दिवस की उक्त अवधि में Unlicensed Premises में मादक पदार्थो के भण्डारण के लिए उत्पाद प्रावधानों के अन्तर्गत लगाये गये प्रतिबंधों का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा तथा इस आदेश की अवहेलना के लिए दोषी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा 135(C) एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत दण्डित किया जाएगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, बोकारो

PR 323855 Excise (24-25)_D



## पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं ELS_401_Trans_23-24_11 हेतु खुला ई. निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। 1. कार्य का नाम तथा स्थान : रेलवे के मटेरियल/उपकरण के परिवहन हेतु विद्युत लोको शेड, गोमो से आवागमन हेतु परिवहन कार्यकलाप को अपयुक्त ट्रक से 2 साल के लिए किराये पर लेना। स्थान : विद्युत लोको शेड, गोमो। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,35,45,086.00 रू. (एक करोड़ पैंतीस लाख पैंतालीस हजार छियासी रूपये मात्र)। 3. अग्रधन राशि : ₹2,17,700.00 रू. (दो लाख सत्रह हजार सात सौ रूपये मात्र)। 4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय : 20.04.2024 से 04.05.2024 को 11:30 बजे निविदा बंद होने तक। 5. वेबसाईट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है : आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in। निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति : विद्युत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता/टी.आर.एस./पूमरे/गोमो

पीआर/00081/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/24–25/40

# फैमिली वोटिंग के संदेश वाली लघु फिल्म उड़ चली.. समेत विविध जागरूकता सामग्रियों का हुआ लोकार्पण




रांची (ससे): मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन सभागार से लोकसभा निर्वाचन के सिलसिले में लघु फ़िल्म उड़ चली.. समेत विविध जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि इस बार राज्य में दिन भर मतदान की व्यवस्था की गई है। मतदान की अवधि पूर्वाह्न ७.०० बजे से अपराह्न ५.०० बजे तक है। जो भी मतदाता अपराह्न ५.०० बजे से पहले अपने मतदान केन्द्र पर पंक्तिबद्ध रहेंगे वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग जो आवश्यक सेवाओं से जुड़े हैं तथा मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनके मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है। वैसी सेवाओं को 'आवश्यक सेवा' के रूप में अधिसूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ४० प्रतिशत से अधिक दिव्यांग एवं ८५ वर्ष से अधिक वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के जरिये होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं इस ध्येय से निर्वाचन आयोग कार्य कर रहा है। झारखण्ड के हर वर्ग तक निर्वाचन की अहमियत पहुँचे, लोग जागरूक बनें और मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लें इसके लिए जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण किया जा रहा है।

**इन सामग्रियों का हुआ लोकार्पण**

**लघु फिल्म उड़ चली-** इस अवसर पर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त बनाई गई लघु फ़िल्म उड़ चली को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रिलीज किया गया। जिसका निर्देशन झारखण्ड के सैकत चटर्जी द्वारा किया गया है। इस फ़िल्म के माध्यम से लोगों के बीच निर्वाचन और एक-एक वोट के महत्व को बताया गया है। साथ ही परिवार गढ़ने से पहले देश गढ़ने की बात कही गयी है। इस फ़िल्म में निर्वाचन को उत्सव की भांति मनाने एवं पूरे परिवार के साथ मतदान में भाग लेने जैसी बातों पर बल दिया गया है।

**झारखण्ड की ८ स्थानीय भाषाओं में 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' स्लोगन के डिजाइन का हुआ लोकार्पण**

भारत निर्वाचन आयोग का इस लोक सभा निर्वाचन का नारा है चुनाव का पर्व, देश का गर्व इस नारे को झारखण्ड की ८ भाषाओं, यथा, नागपुरी, कुड़ुख, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, मुंडारी एवं संताली में रूपांतरित कर पोस्टर बैनर के माध्यम से संबंधी भाषाई क्षेत्र के लोगों के बीच प्रसारित किया जाना है जिससे उन क्षेत्रीय भाषाओं वाले मतदाताओं तक भी भारत निर्वाचन आयोग का यह संदेश पहुँच सके।

**चुनाव कर परब, देस कर गरब नागपुरी गीत**

स्तानीय कलाकारों द्वारा निर्मित नागपुरी भाषा के वीडियो सॉन्ग चुनाव कर परब, देस कर गरब को भी रिलीज किया गया। यह गीत किसान, बुजुर्ग, युवा, दिव्यांग हर वर्ग के लोगों को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए इसमें उत्साहित होकर भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्वाचन संबंधी कॉलर ट्यून एवं रिंगटोन**

इस अवसर पर निर्वाचन हेतु जागरूकता के लिए उड़ चली लघु फ़िल्म के एक गीत को लिया गया है। जिसमे सभी वर्ग के मतदाताओं को अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर मतदान करने के संदेश को बताया गया है साथ ही इस बार दिन भर मतदान सुबह ७ बजे से शाम ५ बजे तक के निर्वाचन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाता है।

**कॉफी टेबल बुक का अनावरण**

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आड्रे हॉउस में आयोजित कला महोत्सव में कलाकारों द्वारा बनाये गए कलाकृतियों का फोटोग्राफ्स कॉफी टेबल बुक के रूप में बनाया गया है। जिसका विमोचन किया गया।

**इस बार दिन भर मतदान स्लोगन**

झारखण्ड में इस बार सुबह ७ बजे से शाम ५ बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस बात को जन-जन तक पहुंचाने के ध्येय से मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस बार दिन भर मतदान, सुबह सात से पाँच बजे शाम नारे का भी लोकार्पण हुआ। मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा वीडियो ट्यूटोरियल आई-भाई के जरिये लोगों को चुनाव से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का विस्तृत जानकारी देने वाले वीडियो सीरीज में ८५ वर्ष से अधिक के अथवा ४० प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जन जो मतदान केंद्र आने में असक्षम हैं उनके लिए घर से ही मतदान किस प्रकार करना है इसके बारे में बताया गया साथ ही मीडिया के प्रतिनिधि जो मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहेंगें वे किस प्रकार पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल करें इसकी भी जानकारी दी गयी।

लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के प्रभारी पदाधिकारी देव दास दत्ता ने किया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओ एस डी गीता चौबे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निदेशक जन-सम्पर्क आनंद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उड़ चली लघु फ़िल्म के निर्देशक सैकत चटर्जी, नागपुरी गीत के गीतकार एवं गायक सुनील कुमार एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही।

## स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी वैन रवाना



रांची (ससे): आगामी लोकसभा आम चुनाव २०२४ को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिनहा द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी, रांची विधानसभा उत्कर्ष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाडेय एवं अन्य उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

**25 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं नाम**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची के सामान्य निवासी जिनकी उम्र १ अप्रैल २०२४ को १८ वर्ष हो गई है, वो अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें फॉर्म-६ भरकर बीएलओ को देना होगा या वो वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी फॉर्म-६ भरकर आवेदन दे सकते हैं।

## रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की हुई बैठक , लोकसभा चुनाव और उलगुलान न्याय महारैली पर हुई चर्चा




रांची (ससे): रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान की अध्यक्षता में मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची में आगामी लोकसभा चुनाव-२०२४ की तैयारी एवं २१ अप्रैल को इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित उलगुलान न्याय महारैली को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई (ससे): इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए।बैठक में महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने में अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कोई कसर नहीं छोड़ना होगा।

पूरी तन-मन के साथ ईमानदारी पूर्वक चुनाव में कार्य करें। साथ ही २१ अप्रैल को आयोजित इंडिया गठबंधन महारैली में भारी से भारी संख्या में शामिल हों तथा आमजनों को भी शामिल होने हेतु प्रेरित की जाए। उन्होंने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी जी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देश की जनता को जागरूक हुए हैं। भाजपा के गलत नीति के कारण देश में महंगाई अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है। जनता त्रस्त हो गए है। इस बार लोकसभा चुनाव में जनता इंडिया गठबंधन के पक्ष अपना व्यापक समर्थन देंगे।

हुसैन खान ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से भाजपा पूरे देश के लोगों को अलग-अलग मुद्दों में उलझा कर भी देश की मूल समस्याओं बेरोजगारी और महंगाई से लोगों का ध्यान नहीं भटका सकी है और जनता प्रधानमंत्री मोदी से अपनी बदहाली के हिसाब मांग रही है।

## युवा राजद की बैठक में उलगुलान महारैली को सफल बनाने पर हुई चर्चा

रांची (ससे): मंगलवार को झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष रंजन कुमार की अध्यक्षता में युवा राजद प्रदेश पदाधिकारियों की अहम बैठक रांची स्थित राजद प्रदेश कार्यालय में हुई । बैठक में विशेष रूप से आगामी २१ अप्रैल २०२४ को इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई।युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि महारैली ऐतिहासिक रहेंगी एवं हजारों की संख्या में राजद कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी।इसे सुनिश्चित करने के लिए एवं रैली में शामिल होने के लिए विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों से आने वाले राजद कार्यकर्ताओं को खाने पीने तथा अन्य कोई असुविधा ना हो। इसको लेकर समिति का गठन किया गया जिसमें युवा राजद के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है।स्वागत समिति एवं सभी जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के की जिम्मेदारी फिरोज अंसारी, शौकत अंसारी, उज्ज्वल सिंह को दी गई।प्रचार प्रसार एवं मीडिया से समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी मंतोष यादव,रवि जायसवाल, क्षितिज मिश्रा और कुछ अन्य को दी गयी है।

## यूपीएससी में झारखंड के अभ्यर्थियों का शानदार प्रदर्शन, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर ने 89वां रैंक हासिल किया

गढ़वा/रांची (ससे): यूपीएससी की परीक्षा में झारखंड के अभ्यर्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर ने यूपीएससी परीक्षा में ८९वां रैंक हासिल किया है। २४ वर्षीय साक्षी जमुआर का यह तीसरा प्रयास था । वह साल २०२१ से लगातार यूपीएससी की परीक्षा दे रही थी।

पिछले दो परीक्षाओं में उसे असफलता प्राप्त हुयी थी लेकिन अपने तीसरे प्रयास में उसने ऑल ओवर इंडिया ८९वां रैंक प्राप्त किया है। साक्षी गढ़वा में ही उपायुक्त आवास पर अपने माता-पिता के साथ रहती है। यूपीएससी के रिजल्ट की घोषणा होने के बाद उपायुक्त शेखर जमुआर एवं साक्षी जमुआर को बधाई देनेवालों का तांता लग गया। गढ़वा के प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य चाहनेवालों ने उपायुक्त को फोन कर एवं मिलकर उनके पुत्री की इस सफलता के लिये उन्हें बधाई दी। साक्षी ने बताया कि उसकी प्राथमिक शिक्षा डीपीएस रांची में हुयी है। इसके बाद उसने डीबीएम श्यामली से ह्यूमनिटी विषय से १२वीं तक की पढ़ायी की। इसके बाद उसने साल २०२१ में एनएलयू रांची से लॉ पूरा किया है। साक्षी ने बीपीएससी में भी सफलता प्राप्त किया है। इसी साल जनवरी में आये रिजल्ट में उसे ४८वां रैंक प्राप्त हुआ है और प्रोबेशनल ऑफिसर के रूप में उसे जेल में ज्वाईन करने को कहा गया है लेकिन उसने यूपीएससी का रिजल्ट आने तक इसे ज्वाईन नहीं करने का फैसला लिया था।

साक्षी का एक बड़ा भाई भी है, जो डेटा साईंस से आईआईटी कर रहा है। अपनी सफलता के बारे में साक्षी जमुआर ने बताया कि जब वह १०वीं में थी, तभी उसने यह निर्णय कर लिया था कि उसे यूपीएससी की तैयारी करनी है। वह तभी इस लक्ष्य को तय कर तैयारी करने में लग गयी थी. उसने कहा कि वह प्रतिदिन चार से पांच घंटे तक पढ़ाई करती थी।

परीक्षा के दिनों में पढ़ायी के घंटे १० से १२ हो जाते थे। उसने कहा कि जो भी विद्यार्थी यूपीएससी की तैयारी में लगे हुये हैं, वे सिलेबस को अच्छी तरह से परख लें, उसके अलावे दायें-बायें नहीं देखें। इसके अलावे प्रैक्टिस पर ध्यान दें।

उन्होने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा के लिये उसने ऑनलाईन पढ़ाई कर तैयारी की है। उसे बैडमिंटन खेलना, पेंटिंग बनाना एवं डायरी लिखने का शौख है।

उन्होने उसने बताया कि वह अधिकारी बनकर ग्रास रूट पर काम करना पसंद करेगी। इधर रांची सीसीएल दरभंगा हाउस में पदास्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के पुत्र वैभव कुमार को १५१वां स्थान प्राप्त हुआ है।

## आर्म्स लाइसेंसधारियों को आगामी 48 घंटे के भीतर शस्त्र जमा करने का आदेश

रांची (ससे): वैसे आर्म्स लाइसेंसधारी जिनका लाइसेंस रांची जिला से निर्गत है और वर्तमान में वो अन्य जिला या राज्य में रह रहे हैं, उन्हें शस्त्र जमा करने का आदेश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लोकसभा (आम) निर्वाचन २०२४ को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु ये आदेश दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा उक्त शस्त्र लाइसेंसधारियों को आगामी ४८ घंटे के भीतर अपने नजदीकी थाना/ओपी अथवा वैध शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकानों में शस्त्र जमा करने का आदेश दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने रांची जिला में रह रहे दूसरे राज्य/जिलों के आर्म्स लाइसेंसधारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि वो अपना हथियार रांची जिला में रजिस्टर्ड करायें और अपने नजदीकी थाना में जल्द से जल्द जमा करायें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि आदेश का अनुपालन नहीं करने पर शस्त्र लाइसेंसधारियों (रांची जिला एवं अन्य राज्यों/जिलों से निर्गत) के विरुद्ध शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

रांची जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना/ओपी अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में दिनांक १३.०४.२०२४ तक जमा करने का आदेश पूर्व में ही निर्गत किया जा चुका है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला के सभी थानों से प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है, सभी थानों को शस्त्र जमा करनेवालों और नहीं जमा करनेवालों की सूची उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है, इसके बाद शस्त्र जमा नहीं करनेवालों के खिलाफ नोटिस जारी कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

## ईडी ने जमीन घोटाला मामले में कई ठिकानों पर दी दबिश

रांची (ससे): ईडी ने जमीन घोटाला मामले में मंगलवार को रांची सहित कई ठिकानों पर छापामारी की । रिमांड पर लिए गए सद्दाम से पूछताछ में मिले इनपुट पर ईडी ने मंगलवार की सुबह छह बजे से रेड शुरू की । झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की के बरियातू आवास पर भी छापेमारी हुई है।

## महाअष्टमी पर आकर्षक झांकी निकली, रामनवमी पर आज निकाली जायेगी शोभायात्रा

रांची (ससे): राजधानी रांची सहित राज्यभर में मंगलवार को महाअष्टमी के मौके पर भव्य और आकर्षक झांकी निकाली गई। इस दौरान सड़कों पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। रांची भी राममय नज़र आई। आज राज्यभर में रामनवमी की मुख्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसको लेकर राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। रांची में विधि व्यवस्था के मद्देनजर दो हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। सुरक्षा को लेकर जवानों ने मंगलवार को रांची में अल्बर्ट एक्का चौक से एकरा मस्जिद चौक तक फ्लैग मार्च किया।

## उत्तर पश्चिमी और पश्चिमी शुष्क हवा तथा तेज धूप के कारण बढ़ेगा गर्मी का सितम

रांची (ससे): राज्य में सूर्य की तपिश से पारा तेजी से ऊपर चढ़ रहा है। अधिकांश जिलों में एक बार फिर गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने विशेष बुलेटिन जारी कर कहा है कि राज्य में उत्तर पश्चिमी और पश्चिमी शुष्क हवा तथा तेज धूप के कारण राज्य के कई जिलों में दिन का तापमान अगले ५ दिनों के दौरान धीरे-धीरे दो डिग्री सेल्सियस से ३ डिग्री सेल्सियस तक बढ़ाने की संभावना है। परिणाम स्वरूप दिन का तापमान ४० डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहने के आसार हैं। इस अवधि में राज्य के कई जिलों में तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस ऊपर रहने की संभावना है । बढ़ती गर्मी के प्रभाव से बचने के लिए मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने लोगों को सवेरे ११ से दोपहर बाद ३:०० बजे के बीच धूप में बाहर न जाने जैसे कई परामर्श दिए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के मुताबिक राज्य में २० अप्रैल तक आकाश मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क बने रहने की रहने के आसार हैं। २१ और २२ अप्रैल को आकाश में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं हालांकि इस दौरान मौसम के शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान है।

## रामनवमी के मद्देनजर आज राँची जिला में ड्राई डे

राँची (ससे): रामनवमी के मद्देनजर आज राँची जिला में ड्राई डे रहेगा। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची के निदेशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद, रांची द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। १७ अप्रैल २०२४ को जिला में सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं क्लब सहित, थोक बिक्री परिसर, सभी देशी/विदेशी शराब के विनिर्माणशाला तथा सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्ति परिसर बन्द रहेंगे तथा किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति करना प्रतिबंधित रहेगा।निरीक्षक उत्पाद/सभी अवर निरीक्षक उत्पाद एवं मानव प्रदाता कम्पनी, राँची को अपने-अपने क्षेत्र/अंचल स्थित सभी खुदरा उत्पाद दुकानों को सीलबन्द सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

## भाजपा ने पीएम के खिलाफ झामुमो नेता के कथित आपत्तिजनक बयान पर आक्रोश जताया, पुलिस की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

रांची (ससे): लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक वरिष्ठ नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने मंगलवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कमिटी के सदस्य ने सोमवार को साहिबगंज जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। सार्वजनिक रूप से बयान दिन दिए जाने के २४ घंटे गुजर जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले को लेकर पार्टी इलेक्शन कमीशन से शिकायत करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में स्थितियां पूरी तरह से अराजक हो गई हैं। हाल ही में पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा को ३ घंटे तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने घेराव किया था। इससे पहले कोडरमा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। प्रतुलनाथ शाहदेव ने कहा कि इस तरह की घटनाएं राज्य में आम बात हो गई हैं लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं हो रही है।

## जे.वी.एम, श्यामली में कक्षा दसवीं के अभिभावकों के लिए संवाद-सेतु कार्यक्रम आयोजित

रांची (ससे): जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में कक्षा दसवीं के छात्रों के अभिभावकों के लिए संवाद-सेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता विद्यालय काउंसेलर श्रीलेखा मेनन के व्याख्यान का मुख्य विषय था - दसवीं के छात्रों का पैरेंटिंग कैसे करें ? इन्होंने ऑडियो-वीडियो क्लिप और स्लाइड के जरिये बच्चों के मनोविज्ञान, उनकी आदतों व स्वभाव से अभिभावकों को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचान कर, उसे सही दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करें। उस पर अपनी इच्छा या कमी को न थोपें। आगे उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की उचित देखभाल की सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में छात्र-छात्राएँ अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं इसलिए उनपर से निगाहें हटानी नहीं चाहिए। उनके भविष्य संवारने में शिक्षकों के साथ अभिभावकों का पूरा सहयोग भी महत्त्वपूर्ण होता है। अतः समय-समय पर विद्यालय आकर बच्चे के प्रोग्रेस की जानकारी लेते रहें।



प्राचार्य समरजीत जाना ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कहा कि बच्चे अपने स्क्रीन टाइम को कम करें और पढ़ने के समय अभिभावक उनके पास बैठें। बच्चों को कोचिंग के भरोसे ना छोड़े और यह देखें कि बच्चों को सेल्फ स्टडी का कितना समय मिल पा रहा है। पाँच-छः घंटे की सेल्फ स्टडी उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी। विद्यालय की कार्यकम समन्वयिका सुष्मिता मिश्रा ने पूर्ववर्ती छात्रों का उदाहरण देते हुए कहा की जिन छात्रों को उनके रुचि के अनुसार विषय को पढ़ने का अवसर प्रदान किया गया वे आज उच्च से उच्चतम शिखर पर विराजमान है। विद्यालय का एक बच्चा जो होटल मैनेजमेंट करना चाहता था, उसके पिता ने यह कहकर उसे मना कर दिया कि तुम्हें वेटर बनना है, परिणामतः वह कक्षा ११वीं में फेल कर गया। साइंस पढ़ने के बाद पुनः उस बच्चे को आर्ट्स पढ़ने का अवसर दिया गया और वह आज प्रख्यात होटल मैनेजमेंट में डायरेक्टर है। माता-पिता का सहयोग और समर्थन बच्चे के भविष्य सुनिश्चित करती है अतःअभिभावक का यह दायित्व है कि वे बच्चों को समय दें और उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे पल्लवित होने का अवसर प्रदान करें। दयानंद प्रेक्षागृह में उपस्थित अभिभावकों ने बेटे-बेटियों के भविष्य संवारने में शिक्षकों की भूमिका की प्रशंसा की।

अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई उपाय भी सुझाए। उन्होंने माना कि बच्चों की तरक्की का रास्ता संवाद-सेतु से ही निकलेगा।मौके पर माध्यमिक विभाग के प्रभाग-प्रभारी शीलेश्वर झा 'सुशील', लिपिका कर्मकार सहित शिक्षक गण मौजूद थे।

# संपादकीय

# महंगाई पर नियंत्रण करने का प्रयास

मार्च महीने में खुदरा महंगाई का रुख कुछ नरमी लिए दर्ज हुआ। निस्संदेह यह राहत की बात है। फरवरी में खुदरा महंगाई की दर 5.09 फीसद थी, जो मार्च में घट कर 4.85 फीसद पर आ गई। यह पिछले दस महीनों का सबसे निचला स्तर है।

हालांकि रिजर्व बैंक लगातार दावा करता रहा है कि वह महंगाई पर बहुत जल्दी काबू पा लेगा और इसे चार फीसद पर स्थिर कर सकेगा। स्वाभाविक ही ताजा आंकड़े से रिजर्व बैंक ने कुछ राहत की सांस ली होगी। मगर दावा करना मुश्किल है कि आगे भी महंगाई का रुख नीचे की तरफ ही बना रहेगा।खुदरा महंगाई की दर में आई ताजा कमी की बड़ी वजह तेल, गैस और बिजली की कीमतों का घटना है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिस तरह कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आ रहा है, उसमें महंगाई को लेकर कोई अंतिम दावा करना कठिन है। खुदरा महंगाई में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कोई खास अंतर दर्ज नहीं हुआ है। फरवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई 7.8 फीसद दर्ज हुई थी, जो मार्च में घट कर 7.7 हो गई। सबसे चिंता की बात है कि रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले मोटे अनाज, दूध, अंडे वगैरह की कीमतों में कोई कमी दर्ज नहीं हुई है। आखिर आम लोगों का वास्ता तो इन्हीं चीजों से होता है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई का अंतर भी चिंता की एक बड़ी वजह है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 5.45 फीसद है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 4.14 फीसद है। यह 1.31 फीसद का अंतर पिछले तेईस महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। यानी ग्रामीण लोगों पर महंगाई की मार शहरी लोगों की अपेक्षा अधिक पड़ रही है, जबकि क्रयशक्ति की




दृष्टि से ग्रामीण लोगों की क्षमता शहरी लोगों की अपेक्षा कम होती है। उत्पादन के मामले में तेईस प्रमुख विनिर्माण उद्योगों में से दस का उत्पादन घटा है। रिजर्व बैंक अपनी रेपो दर को यथावत बनाए रख कर महंगाई के मोर्चे पर कामयाबी हासिल करने का प्रयास कर रहा है, मगर जिस तरह अनेक स्तरों पर विसंगतियां और असंतुलन नजर आ रहा है, उसमें महंगाई पर काबू पाना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। एक तरफ बड़ी कारों और भवनों की बिक्री में तेजी दर्ज हो रही है, तो दूसरी तरफ औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन में कमी देखी जा रही है। जिस मौसम में अनाज, फल और सब्जियों की बाजार में आवक तेज होती है, उसमें भी उनकी कीमतें ऊपर बनी रहती हैं। महंगाई दरअसल, अर्थव्यवस्था में असंतुलन का संकेतक होती है। भले विकास दर के सात फीसद पर रहने के अनुमान और भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के आंकड़ों से देश में समृद्धि के संकेत मिलते हों, पर हकीकत यह है कि खुद सरकार के मुताबिक करीब बयासी करोड़ लोग मुफ्त के राशन पर निर्भर हैं। रोजगार के मामले में स्थिति निरंतर भयावह होती जा रही है।

सामान्य बोध यही है कि रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं तो लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है और उससे बाजार में पूंजी का प्रवाह तेज होता है। मगर इस दिशा में कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाए जा पा रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर ईंधन की कीमतों में कमी करने से महंगाई का रुख जरूर कुछ नीचे की तरफ हो गया है, पर यह स्थायी और व्यावहारिक समाधान नहीं है। बुनियादी कमजोरियों को दूर किए बिना शायद ही जमीन पर बेहतरी नजर आए।

## सोशल मीडिया से...



कांग्रेस ने भारत की छवि कमजोर देश की बना दी थी। भाजपा सरकार ने भारत को मजबूत देश बनाया है। आज जब कोई भारतीय गल्फ देशों में जाता है तो उसे सम्मान से देखा जाता है। पिछले 10 साल में देश में जो हुआ वह सिर्फ ट्रेलर है। अभी बहुत कुछ करना है। हमें केरल को आगे लेकर जाना है।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

कांग्रेस के पास अब कोई चेहरा नहीं है। कांग्रेस को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि किसे चुनावी मैदान में उतारा जाए, तो वो अब सभी रिजेक्टेड लोगों को टिकट दे रही है, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कह देना चाहता हूं कि मनोज तिवारी को दुनिया की कोई भी ताकत परास्त नहीं कर सकती है।

**गिरीराज सिंह**, केंद्रीय मंत्री





इस चुनाव में जो लोग 40 दिनों के भ्रमण पर आए हैं, वह लोग आएंगे तो हमारे क्षेत्र में 14,600 करोड़ का जो कार्य हुआ है, उसे देखेंगे। वैसे टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेतृत्व करने वाले लोग दिल्ली वालों के प्रति कितने जिम्मेदार हो सकते हैं, जो देश या सेना का सम्मान नहीं कर सकते हैं?

**मनोज तिवारी**, भाजपा नेता

'मैं उन्हें देखकर भावुक हो गया। उनके साथ एक कट्टर अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी गलती क्या है? क्या यह उनकी गलती है कि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए? केजरीवाल ने उन्हें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों पर जाने के लिए कहा है।

**भगवंत मान**, सीएम पंजाब



## आज का कार्टून




# भाजपा की एकला चलो रणनीति से तीन और राज्यों में कामयाबी का रास्ता

> 2019 में द्रमुक कांग्रेस का फिर गठबंधन हुआ, द्रमुक 20 और कांग्रेस 8 सीटें जीती। भाजपा अन्ना द्रमुक के साथ गठबंधन में थी, जिसमें उसने 5 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन 2014 में जीती हुई एक सीट भी हार गई। अन्नाद्रमुक भी सिर्फ एक सीट जीत पाई।2021 के विधानसभा चुनाव में चार सीटें जीतने के बाद भाजपा ने 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का मन बना लिया था। भाजपा को अन्नामलाई जैसा जुझारू नेता मिल गया, जिसने प्रदेश भर में यात्राएं कर के भाजपा को अन्नाद्रमुक के विकल्प के रूप में खड़ा करना शुरू कर दिया था। तमिलनाडु में अन्नामलाई की लोकप्रियता वैसी ही हो गई है, जैसी यूपी में योगी आदित्यनाथ की। उन्हें लोग तमिलनाडु का मोदी भी कह रहे हैं। अन्नामलाई ने गैर द्रविड़ वोटरों को एकजुट करने का अद्भुत काम किया है, बिलकुल वैसे ही जैसे 2014 में भाजपा ने गैर जाट जातियों को एकजुट करके हरियाणा का चुनाव जीता था।

**अजय सेतिया**

भारतीय जनता पार्टी ने 2014 में पहली बार तमिलनाडु, हरियाणा और बिहार में अकेले चुनाव लड़ा था। उससे पहले इन तीनों ही राज्यों में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ा करती थी। बिहार में वह जेडीयू की जूनियर पार्टनर थी, हरियाणा में ओम प्रकाश चौटाला की इंडियन नेशनल लोकदल की जूनियर पार्टनर थी और तमिलनाडु में कभी अन्नाद्रमुक और कभी द्रमुक की जूनियर पार्टनर बन कर चुनाव लडती थी।

2014 में भाजपा ने ओम प्रकाश चौटाला की इनलो से गठबंधन तोड़ कर हरियाणा जनहित कांग्रेस के साथ मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ा था। जिससे भाजपा तो दस में से सात सीटें जीत गई, लेकिन इनलो दो सीटों पर रूक गई। 2019 में भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ा और सभी 10 सीटें जीत गईं। बिहार में भाजपा ने 2014 में जेडीयू के बिना अकेले चुनाव लड़कर 22 सीटें जीती थीं। लेकिन 2017 में जेडीयू दुबारा भाजपा के साथ आ गया तो गठबंधन के कारण भाजपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ी और सभी 17 जीती। 2009 तक भाजपा उड़ीसा में भी बीजू जनता दल की जूनियर पार्टनर थी। 2009 में उड़ीसा में भाजपा पहली बार अकेले चुनाव लड़ी थी, तब से वह अपनी ताकत बढ़ाती रही है। पिछले लोकसभा चुनावों में बीजू जनता दल को 21 में से 12 और भाजपा को 8 सीटें मिलीं थी। इस बार उसके बीजू जनता दल से आगे निकल जाने के पूरे आसार लग रहे हैं।

भाजपा हरियाणा जैसा प्रयोग इस बार तमिलनाडु और पंजाब में भी दोहरा रही है। ये दोनों ही ऐसे अहिन्दी भाषी राज्य हैं, जहां भाजपा के पांव कभी नहीं जमे। तमिलनाडु में तो भाजपा पहले भी एक बार 2014 में अकेले चुनाव लड़ चुकी है, लेकिन पंजाब में लंबे समय से अकाली दल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही थी।

पंजाब में भाजपा 1998 तक किसी चुनाव में कोई सीट हासिल नहीं कर सकी थी। 1998 में पहली बार अकाली दल के साथ गठबंधन में अमृतसर, गुरदासपुर और होशियारपुर सीटें जीती, जबकि आठ सीटें अकाली दल और एक सीट जनता दल जीती थी। 1999 में जब वाजपेयी ने दूसरी बार केंद्र में सरकार बनाई, भाजपा की सीट पंजाब में तीन से घट कर एक रह गई थी। 2004 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी, तो भाजपा पंजाब में फिर तीन सीटें जीत गई। 2009 में सिर्फ एक सीट जीती, जबकि 2014 और 2019 में दो-दो सीटें ही जीती।

भाजपा का अकाली दल के साथ लोकसभा की तीन और विधानसभा की 23 सीटों पर गठबंधन हुआ था। जिस कारण भाजपा उन्हीं सीटों पर सिमट कर रह गई थी। इस बार पहली बार भाजपा अकेले चुनाव लड़ रही है, तो उसने अब तक छह उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। भाजपा और अकाली दल के अलग अलग लड़ने तथा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के भी अलग अलग लड़ने से पंजाब का चुनाव चौकोना हो गया है।

जिस आम आदमी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में रिकार्ड सीटें जीती थीं, उसे पंजाब में उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे। आम आदमी पार्टी ने अपने पांच मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस भी अपने पांच विधायकों को चुनाव लड़ाने का मन बना चुकी है। देश के बाकी हिस्सों की तरह पंजाब में भी बड़े पैमाने पर दलबदल हो रहा है। आम आदमी पार्टी का



जालन्धर का एक उम्मीदवार भाजपा में शामिल हो गया है। आम आदमी पार्टी के पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों कांग्रेसियों को अपनी पार्टी में शामिल करवा कर उन्हें उम्मीदवार बना रही है। भाजपा ने जालन्धर में आम आदमी पार्टी के सांसद को टिकट दिया है, तो पटियाला और लुधियाना में कांग्रेस के सांसद को टिकट दिया है। ये तीनों सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा कभी नहीं जीती। इसके अलावा अमृतसर, गुरदासपुर और होशियारपुर भाजपा की जीतने वाली सीटें हैं। फरीदकोट में भाजपा ने अपने दिल्ली के सांसद हंस राज हंस को मैदान में उतारा है। नरेंद्र मोदी के चेहरे और चौकोने मुकाबले में भाजपा 13 में से छह सात सीटें आसानी से जीत सकती है।

इसी तरह तमिलनाडु में भाजपा 2014 को छोड़कर पिछले 25 साल से द्रमुक या अन्ना द्रमुक के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ती रही है। 1999 में जब सोनिया गांधी ने जयललिता के साथ सांठगांठ करके एक वोट से वाजपेयी सरकार गिराई थी, तो कांग्रेस ने अन्ना द्रमुक के साथ मिल कर चुनाव लड़ा था। क्योंकि अन्ना द्रमुक कांग्रेस के साथ चली गई तो उसकी प्रतिद्वन्दी द्रमुक भाजपा के साथ आ गई थी।

वाजपेयी की सरकार गिराने के कारण तमिलनाडु में जयललिता के खिलाफ जबर्दस्त गुस्सा था, जिसका भाजपा के साथ साथ द्रमुक को भी फायदा हुआ। भाजपा नीलगिरी, कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, नागरकोईल चार सीटें जीत गई थी, दो सीटों पर भाजपा दूसरे नंबर पर रही। इनमें एक सीट शिवगंगा कांग्रेस से 23 हजार वोट से हारी थी, और दूसरी सीट तेनकाशी अन्नाद्रमुक से सिर्फ 883 वोटों से हारी थी।

करीब पांच साल द्रमुक वाजपेयी सरकार में भाजपा के साथ एनडीए में रही। 2004 के चुनावों से पहले द्रमुक भाजपा का साथ छोड़ गई, तो अन्नाद्रमुक साथ आ गई। यह आश्चर्यजनक चुनाव था, जिसमें द्रमुक 16 और कांग्रेस दस सीटें जीत गई थी। अन्नाद्रमुक के साथ भाजपा को भी कुछ नहीं मिला।

2009 में भी यही गठबंधन रहा। अन्नाद्रमुक तो 39 में से 12 सीटें जीत गई थी, लेकिन भाजपा एक भी सीट नहीं जीत पाई। 2014 में वह टर्निंग प्वाईंट आया, जब देश में मोदी लहर चल रही थी, भाजपा ने द्रमुक या अन्ना द्रमुक के साथ गठबंधन नहीं किया था। भाजपा ने छोटे छोटे सात दलों के साथ मिल कर अपना मोर्चा बनाया और तीसरी ताकत के रूप में उभरने की कोशिश की। वह कन्याकुमारी की एक सीट जीत गई, उसके सहयोगी पीएमके ने भी एक सीट जीती। भाजपा के गठबंधन को 18.80 प्रतिशत वोट मिले, बाकी सारी 37 सीटें अन्नाद्रमुक जीत गई।

इसका कारण था यूपीए सरकार में द्रमुक के मंत्रियों का अंधाधुंध भ्रष्टाचार। जिसमें ए. राजा और कनिमोई को जेल जाना पड़ा था और जिसके बाद द्रमुक और कांग्रेस का गठबंधन भी टूट गया था। ये दोनों भी अलग अलग लड़े थे, भाजपा तो एक सीट जीत गई थी, लेकिन कांग्रेस 39 सीटें लड़ कर एक भी नहीं जीत पाई थी।

2019 में द्रमुक कांग्रेस का फिर गठबंधन हुआ, द्रमुक 20 और कांग्रेस 8 सीटें जीती। भाजपा अन्ना द्रमुक के साथ गठबंधन में थी, जिसमें उसने 5 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन 2014 में जीती हुई एक सीट भी हार गई। अन्नाद्रमुक भी सिर्फ एक सीट जीत पाई।2021 के विधानसभा चुनाव में चार सीटें जीतने के बाद भाजपा ने 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का मन बना लिया था। भाजपा को अन्नामलाई जैसा जुझारू नेता मिल गया, जिसने प्रदेश भर में यात्राएं कर के भाजपा को अन्नाद्रमुक के विकल्प के रूप में खड़ा करना शुरू कर दिया था। तमिलनाडु में अन्नामलाई की लोकप्रियता वैसी ही हो गई है, जैसी यूपी में योगी आदित्यनाथ की। उन्हें लोग तमिलनाडु का मोदी भी कह रहे हैं। अन्नामलाई ने गैर द्रविड़ वोटरों को एकजुट करने का अद्भुत काम किया है, बिलकुल वैसे ही जैसे 2014 में भाजपा ने गैर जाट जातियों को एकजुट करके हरियाणा का चुनाव जीता था।

जब अन्नाद्रमुक को भी यह महसूस हो गया कि भाजपा उसका स्थान लेने की कोशिश कर रही है, तो उसने फरवरी में भाजपा से नाता तोड़ लिया। भाजपा लोकसभा का यह चुनाव 2014 वाली रणनीति पर लड़ रही है, उसने छोटी छोटी पार्टियों के साथ मिलकर तीसरा मोर्चा बनाया है। अन्नामलाई की दिन रात की मेहनत ने चुनाव पूर्व के सर्वेक्षणों में भाजपा को दूसरे नंबर पर ला कर खड़ा कर दिया है। भाजपा छह से आठ सीटों पर मुकाबले में आ गई है, सर्वेक्षणों में उसका वोट भी अन्नाद्रमुक से ज्यादा बताया जा रहा है। अगर भाजपा 1999 वाला आंकडा भी छू लेती है, यानी किसी घोर द्रविड़वादी दल के साथ गठबंधन किए भाजपा अगर 4 या पांच सीटें जीत लेती है, तो दक्षिण में भाजपा की सीटें कांग्रेस से ज्यादा हो जाएँगी।

# भारत में पर्यावरण क्यों नहीं बनता चुनावी मुद्दा?

> एक बार अटल बिहारी वाजपेयी ने मजाक में एक सवाल पूछा था कि ये आम चुनाव हमेशा गर्मी के महीने में ही क्यों होते हैं? हालांकि वो मजाक में ही यह पूछ रहे थे लेकिन उनके ऐसा पूछने के पीछे के गहरे निहितार्थ थे। स्वतंत्र भारत का पहला आमचुनाव गर्मियों में नहीं सर्दियों में हुआ था। अक्टूबर 1951 से फरवरी 1952 के बीच। उसके बाद से अधिकांश चुनाव फरवरी के आसपास होते रहे लेकिन जब मध्यावधि चुनाव होने लगे तो सिलसिला गड़बड़ा गया। वर्ष 2004 के बाद से लोक सभा के चुनाव अप्रेल और मई के गर्म महीनों में ही हो रहे हैं। सरकारें भी पूरे पांच साल काम कर पा रही हैं इसलिए 2004 से लेकर अब तक हर पांच साल बाद गर्मियों का सीजन चुनाव का सीजन बन जाता है।

**संजय तिवारी**

अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सीजन पर सवाल उठाया तो संभवतः गर्मी के कारण चुनाव प्रचार और मतदान में होनेवाली परेशानी को देखते हुए उठाया होगा। चिलचिलाती गर्मी में लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव सबको भारी पड़ता है। हालांकि 2004 के बाद से मतदान बढ़ता जा रहा है जब चुनावी महीनों में तापमान भी ऊंचा होता है। लेकिन यह पता लगाने की जरूरत है कि क्या गर्मी बढ़ने से वोटिंग पर भी नकारात्मक असर पड़ता है?

बहरहाल जब अटल बिहारी वाजपेयी सवाल कर रहे थे तब गर्मी का ऐसा सितम नहीं था जैसा अब बढ़ता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण अब धरती का तामपान बढ़ रहा है और साल दर प्रकृति के मन मिजाज में गर्मी आ रही है। इस साल तो वैसे भी अल नीनो का असर है इसलिए सर्दियों ने जहां सितम किया वहीं गर्मी भी अप्रैल के पहले पखवाड़े में ही 40 डिग्री तक पहुंच गयी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस साल गर्मी रिकार्ड कायम करेगी। मार्च के महीने में ही वैश्विक स्तर पर औसत गर्मी में 1.68 डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज की जा चुकी है। अंतरराष्ट्रीय एजंसियों का कहना है कि यह पहली बार हो रहा है कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार 1 डिग्री सेल्सियस से अधिक की बढ़त दर्ज गयी है। धरती का यह बढ़ता तापमान जलवायु परिवर्तन का असर है जिसके कारण पूरी धरती के अस्तित्व पर ही संकट के बादल मंडरा रहे हैं। जल, जीवन सब पर इसका नकारात्मक असर हो रहा है।

जलवायु परिवर्तन के कारण न सिर्फ खेती किसानी को नुकसान हो रहा है बल्कि सामान्य व्यक्ति के लिए जीवन जीने में तरह तरह का संकट पैदा हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के खतरे बहुत हैं लेकिन न तो यह आम आदमी के लिए कोई मुद्दा है और न ही सरकारों या कारोबारियों के लिए चिंता का विषय। जिस विकास के कारण मानव जीवन, प्रकृति, पर्यावरण और समूचे जीव जगत पर यह संकट मंडराया है उसे सीमित करने या उसको पर्यावरण अनुकूल बनाने के प्रयास सिर्फ रस्म अदायगी भर हैं। वैश्विक स्तर पर कुछ एनजीओ हैं जो पर्यावरण को रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हैं। वो भी इसलिए क्योंकि इस चिंता को व्यक्त करने के लिए उन्हें पैसा मिलता है। यह पैसा उन्हें वो लोग देते हैं जो उस बिजनेस लॉबी के विरोध में अपना नया %ग्रीन बिजनेस% खड़ा करना चाहते हैं जिसके कारण पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। ऐसे में एनजीओ द्वारा व्यक्त की जानेवाली चिंताओं या प्रयासों का कोई खास असर समाज पर होता नहीं। लोगों को यही लगता है कि यह तो एनजीओ का धंधा है, और वो अपना धंधा कर रहे हैं।



फिर सवाल आता है सरकारों का कि वो इस पर्यावरणीय बदलाव को रोकने के लिए क्या प्रयास कर रही हैं। यहां से यह मुद्दा राजनीतिक रूप लेता जरूर है लेकिन भारत जैसे देश में सिर्फ सरकार के स्तर पर ही इसकी चर्चा होती है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में यहां के सरकारी प्रतिनिधि जाते हैं और अपनी बात कहकर वापस आ जाते हैं। मसलन अभी पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री मोदी कॉप 28 में शामिल होने यूएई गये थे। वहां उन्होंने कहा कि अपने हेल्थ कार्ड की तरह प्रकृति के हेल्थ कार्ड के बारे में भी सोचने का समय आ गया है। वादे और दावे चाहे जितने बड़े बड़े किये जाएं लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसे देशी विदेशी सम्मेलनों से जनता को कोई खास मतलब होता नहीं है। वह सिर्फ भुक्तभोगी होती है। जिन वैश्विक नीतियों के कारण पर्यावरण के सामने संकट पैदा हुआ है न तो उसको निर्धारित करने में उसकी कोई भूमिका होती है और न ही उसे यह महसूस होता है कि इन नीतियों के कारण उसका जीवन किस प्रकार प्रभावित हो रहा है। भारत और चीन जैसे देश में जहां आर्थिक विकास ही इस समय इकलौता विकास बन गया है वहां अधिक से अधिक औद्योगिक माल खरीदकर संपन्न होने का दिखावा करना ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसलिए नेता वैश्विक मंचों से पर्यावरण बचाने की चाहे जो आवाज दें लेकिन जब देश में आते हैं और चुनाव में जाते हैं तो उसी औद्योगिक आर्थिक विकास का वादा करते हैं जिसके कारण पर्यावरण और हर जीव के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हुआ है।

इसलिए चुनाव में नेता भी नहीं चाहते कि पर्यावरण या प्रदूषण कोई मुद्दा बने। जनता तो खैर इसे लेकर कहीं से जागरुक है ही नहीं। भारत जैसे देश में शहरी जीवन का आकर्षण इतना अधिक बढ़ा है कि गंदे से गंदे पर्यावरणीय माहौल में हम रहने के लिए तैयार हैं, बस रहनेवाली जगह किसी शहर के आसपास होनी चाहिए। धनाढ्य वर्ग इस तरह के पर्यावरणीय प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है क्योंकि सारे कल कारखाने उसी के हाथ में है। लेकिन कम से कम वह इतना सचेत है कि बाकी सबको गिफ्ट में प्रदूषण देकर खुद स्वच्छ वातावरण में रहना अफोर्ड कर लेता है। इसलिए भारत में अभी स्वच्छ पर्यावरण कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। अगर मुद्दा होता तो शायद इस बात की चर्चा जरूर होती कि जिस बनारस से मोदी दस साल से नेतृत्व कर रहे हैं उसने अन्य विकासपरक उपलब्धियों में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है जिसकी चर्चा जरूर होती। बनारस ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता अर्जित की है। बीते दो साल की सर्दियों में बनारस में पीएम 2.5 मैटर की मात्रा में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है। इसके कारण वाराणसी का वातारण दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे शहरों से अधिक शुद्ध हुआ है। हालांकि इस बार कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपने अपने घोषणापत्र में पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को शामिल किया है। भाजपा ने इस पर अधिक जोर दिया है क्योंकि वो बीते दस सालों से सरकार में हैं और समझती है कि औद्योगिक विकास के साथ साथ वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रदूषण को भी नियंत्रित करना होगा। लेकिन बात तब तक नहीं बनेगी जब तक जनता खुद स्वच्छ हवा और स्वच्छ जल की मांग नहीं करती।

संक्षिप्त समाचार

## पांच मैचों की सीरीज में भारतीय हॉकी टीम की चौथी हार

● ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से दी शिकस्त



**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। पांच मैचों की श्रृंखला में यह मेहमान टीम की चौथी हार है। बिजली कड़कने के कारण 40 मिनट देरी से शुरू हुए मैच में चारों गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर आए। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत की मदद से 12वें मिनट में बढ़त बनाई थी लेकिन जेरेमी हेवर्ड (19वां मिनट, 47 वां मिनट) ने दो और जैक वेल्क (54वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। पहले टेस्ट में भारत को 1-5, दूसरे में 2-4 और तीसरे में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

● **न्यूजीलैंड हॉकी टीम के दौरे के 100 वर्ष पूरे होने का मनाएगा जश्न** - न्यूजीलैंड भारतीय सेना की हॉकी टीम की ओर से 1926 में किए गए दौरे के सौ वर्ष होने का जश्न मनाने जा रहा है। तीन माह तक चले इस दौरे की टीम में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद भी शामिल थे। माना जाता है कि इसी दौरे से ध्यानचंद का अंतरराष्टीय स्तर पर उदय हुआ था। भारत में न्यूजीलैंड के राजदूत डेविड पाइन ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 2026 दोनों देशों के संबंधों का विशेष वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि इस जश्न के लिए एक समिति का गठन हो चुका है और समय के अनुसार चीजें आगे बढ़ती चली जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम हर खेल में भारत के साथ जुड़ाव का जश्न मनाएंगे। चाहे ये क्रिकेट हो, वेटलिफ्टिंग, जूडो या फिर बॉक्सिंग। हमें उम्मीद है कि भारत के प्रधानमंत्री 2026 में इस जश्न में शामिल होने न्यूजीलैंड आएंगे। भारतीय हॉकी संघ के गठन के बाद 1926 में पहली बार न्यूजीलैंड टीम भेजी गई थी। इस दौरे पर भारतीय टीम ने 21 मैच खेले, जिसमें 18 उसने जीते। इस दौरे पर ध्यानचंद ने शानदार प्रदर्शन कर वहां के लोगों का दिल जीता था।

पेरिस ओलंपिकः

## ओलंपिक से पहले भारत को झटका

● दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम ने इस पद से दिया इस्तीफा, कारण भी बताया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है। आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का एलान किया था। भारत की दिग्गज मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस बहुराष्ट्रीय प्रतियोगित में देश के दल के प्रमुख (शेफ डी मिशन) के अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 21 मार्च को शेफ डी मिशन नियुक्त किया था। मैरी कॉम ने पद से हटने के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है और कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है। मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा- देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी, लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नही उठा सकूंगी।

# अपनी मानसिकता और शरीर को पहले रखना प्राथमिकता: जेसन रॉय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय ने कहा है कि उन्हें अपनी मानसिकता और शरीर को पहले रखने के लिए मौजूदा आईपीएल 2024 सीजन से हटना पड़ा, जहां उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ खेलना था। रॉय के आईपीएल 2024 से हटने का मतलब था कि केकेआर को इंग्लैंड के साथी सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट को साइन करना पड़ा। श्रेयस अय्यर के पीठ के निचले हिस्से की चोट के कारण बाहर होने और शाकिब अल हसन के सीज़न के लिए उपलब्ध नहीं होने के बाद रॉय आईपीएल 2023 में केकेआर में आए और आठ मैचों में 35.63 की औसत और 151.60 के स्ट्राइक-रेट से 285 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। मुझे लगता है कि इस साल के आईपीएल को मिस करना एक बहुत बड़ा निर्णय था। केकेआर ने पिछले साल एक अच्छे वर्ष के बाद मुझे रिटेन करके मुझ पर इतना भरोसा किया और पूरे साल और अन्य सभी प्रतियोगिताओं में उनके लिए उपलब्ध रहा, मुझे लगा जैसे मैं उनका एहसानमंद हूं।

रॉय ने द एथलीट्स वॉयस पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड में कहा कि यह एक बहुत बड़ा निर्णय था, लेकिन मैंने यह निर्णय सिर्फ इसलिए लिया क्योंकि यह मेरी बेटी का पांचवां जन्मदिन था। मैं अपने साल की शुरुआत के बाद काफी थक गया था।

इस वर्ष, 2023 में भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम से बाहर होने के बाद, रॉय ने आईएलटी20 के दो मैचों में अबू धाबी नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व करने से पहले डरबन के सुपर जाइंट्स के लिए एसए20 खेला। वह पीएसएल 2024 में क्वेटा ग्लैडियेटर्स के लिए खेलेंगे।

मैं बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेलकर आया हूं, इसलिए मैं केकेआर के प्रति बहुत ईमानदार था और हमारे बीच एक शानदार रिश्ता है। उन्होंने कहा, मैं क्यों नहीं आ रहा हूं, इस पर सहमति और इस तरह की बातें। वे पूरी तरह से समझ गए, इसलिए मैं इसके लिए उनका बहुत आभारी हूं, लेकिन मुझे खुद को सबसे पहले रखना था। रॉय की आईपीएल 2024 से वापसी भी दो साल पहले की सीख से हुई, जब उन्हें खेल से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने के लिए मजबूर होना पड़ा और गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल 2022 से चूक गए। वह मेरे लिए बहुत बड़ी सीख थी, आप जानते हैं कि इस वर्ष यह निर्णय लेने में सक्षम होना, और यह एक निश्चित तरीके से दिख सकता है। लेकिन इसका किसी और से कोई लेना-देना नहीं है। यह आपका निर्णय है - मेरा एक युवा परिवार है, मैं एक वयस्क व्यक्ति हूं और मैंने बहुत सारे विचारों के बाद यह निर्णय लिया है। मैं सिर्फ एक सुबह उठा और सोचा, आप जानते हैं क्या - मुझे वास्तव में भारत के लिए उस उड़ान पर जाने का मन नहीं है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि इस पर बहुत विचार किया गया है, और इसके बारे में बात करना बहुत आसान हो गया है और निर्णय लेना कहीं अधिक आसान हो गया है, सिर्फ इसलिए कि आप जानते हैं, खासकर पिछले अनुभवों से, कि यह आपके लिए क्या कर सकता है।

## हिटमैन बोले हम जीत सकते हैं भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, सन्यास पर कही ये बात...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्होंने अभी संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। घरेलू धरती पर विश्व कप का खिताब जीतने का मौका गंवाने के बाद रोहित को उम्मीद है कि भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 में खेलेगा। 36 वर्षीय रोहित, दक्षिण अफ्रीका में भारत की 2007 पुरुष टी20 विश्व कप जीत और इंग्लैंड में 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीत के सदस्य थे। वह और भारत घरेलू मैदान पर 2023 पुरुष वनडे विश्व कप खिताब जीतने की कगार पर थे, लेकिन अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार ने उन उम्मीदों को खत्म कर दिया। ये वही साल था जब भारत को लंदन के द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी हार मिली थी।



रोहित ने ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस के एक एपिसोड में कहा कि मैंने वास्तव में संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। लेकिन, मैं नहीं जानता कि जिंदगी आपको कहां ले जाती है। मैं इस समय भी अच्छा खेल रहा हूं - इसलिए मैं सोच रहा हूं कि मैं इसे जारी रखूंगा। कुछ और साल और फिर, मुझे नहीं पता कि मैं वास्तव में वह विश्व कप जीतना चाहता हूं और 2025 में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल होगा, उम्मीद है कि भारत इसमें सफल होगा।

# मैंने भारत में जो देखा, वो कहीं नहीं देखा...

## आईपीएल डेब्यू में धमाके के बाद मैकगर्क की जुबां पर आई दिल की बात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की युवा सनसनी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने आईपीएल डेब्यू में धमाका कर दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का हिस्सा मैकगर्क ने शुक्रवार को लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वन डाउन उतरे मैकगर्क के बल्ले से 35 गेंदों में 55 रन निकले। उन्होंने दो चौके और पांच छक्के ठोके। उन्होंने पृथ्वी शॉ (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 और कप्तान ऋषभ पंत (41) के संग तीसरे विकेट के लिए 77 रन की अहम साझेदारी की। डीसी ने 168 रन का टारगेट 11 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैकगर्क आईपीएल डेब्यू मैच में फिफ्टी जड़ने वाले 22वें खिलाड़ी हैं।

डीसी ने चोटिल पेसर लुंगी एनगिडी के रिप्लेसमेंट के रूप में मैकगर्क को स्क्वॉड में शामिल किया था। वह 50 लाख रुपये के बेस प्राइस पर डीसी से जुड़े थे। आईपीएल डेब्यू में यादगार पारी खेलने के बाद 22 वर्षीय मैकगर्क की जुबां पर दिल की बात आ गई। उन्होंने भारत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत में आईपीएल में जैसे शानदार माहौल है, वैसा कभी अनुभव नहीं किया। उन्होंने मैच के बाद कहा, मैंने पिछले पांच-छह बाहर बैठकर बिताए हैं और मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक रहा। मैं पहला गेम जीतने पर बेहद खुश हूं। मैं, बल्ले के बीच से खेलने की कोशिश की। बस गेंद को देखा और उसके अनुसार रिएक्ट किया, यही मैं पिछले 12 महीनों से कर रहा हूं और इसे क्यों ही बदलूं?

मैकगर्क से जब पूछा गया कि उनका सबसे ज्यादा पसंदीदा शॉट कौन-सा रहा तो कंगारू बल्लेबाज ने कहा, मुझे कवर के ऊपर का शॉट बहुत पसंद आया। मैं आमतौर पर ऑफ साइड पर इतने ज्यादा शॉट नहीं मारता। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं सीखना जारी रखूंगा। अपने स्ट्राइक रेट और साथ ही स्ट्राइक रोटेट करने पर फोकस कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यह एक स्किल है जो अनुभव के साथ आएगी और ज्यादा मैच खेलने से निश्चित रूप से इसमें मदद मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा, मैं यहां (भारत में आईपीएल खेलना) आकर रोमांचित हूं। यह एक अलग दुनिया में कदम रखने जैसा है। मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। प्रत्यक्ष अनुभव शानदार रहा है। भारत में बेहतरीन वक्त गुजर रहा है।+ बता दें कि दिल्ली की टीम लखनऊ के खिलाफ जीत के पॉइंट्स टेबल में 10वें स्थान से ऊपर उठकर नौवें पर पहुंच गई है। दिल्ली ने अब तक 6 मैचों में से दो जीते हैं। एलएसजी चौथे पायदान पर है।

### पहली आईपीएल पारी में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए हाईएस्ट स्कोर

116 - माइकल हसी (सीएसके) बनाम पीबीकेएस, मोहाली, 2008

55 - जेक फ्रेजर-मैकगर्क (डीसी) बनाम एलएसजी, लखनऊ, 2024

54 - विद्युत शिवरामकृष्णन (सीएसके) बनाम डीसी, चेन्नई, 2008

54 - कुमार संगकारा (पीबीकेएस) बनाम सीएसके, मोहाली, 2008

54 - अंगकृष रघुवंशी (केकेआर) बनाम डीसी, विशाखापट्टनम, 2024

कैंडिडेट्स शतरंज

## गुकेश की पहली हार, शीर्ष स्थान से फिसले

### प्रगनानंदा ने शीर्ष वरीय कारुआना से ड्रॉ खेला



**टोरंटो (कनाडा), एजेंसी।** रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद मात सहनी पड़ी। इस हार के बाद गुकेश (4) को संयुक्त शीर्ष स्थान भी गंवाना पड़ा। अब वह आर प्रगनानंदा और फैबियानो कारुआना के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रगनानंदा (4) और शीर्ष वरीय कारुआना (4) ने सातवें दौर की बाजी ड्रॉ खेली। विदित गुजराती (3.5) का भी अजरबैजान के निजात एबासोव (2) से मुकाबला बराबरी पर छूटा।

रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। चीन की झोंगयी तान (5) ने रूस की अलेक्जेंडर गोर्याचकिना (4.5) से ड्रॉ खेल महिला वर्ग में अपनी बढ़त को कायम रखा है।

**टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त** - सात दौर के बाद टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त हो चुका है। अब अगले सात दौर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले का फैसला होगा। टूर्नामेंट में पहली बार चीजें गुकेश की योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं। मध्य खेल तक गुकेश अच्छी स्थिति में थे, लेकिन उन्हें गैरजरूरी जटिलताओं को अपनाना महंगा पड़ा। वह बुरी तरह समय के फेर में फंस गए थे। प्रगनानंदा ने 41 चालों में फ्रेंच रक्षण का सहारा लेते हुए कारुआना से ड्रॉ खेला। गुजराती भी मध्य खेल में मजबूत स्थिति में थे, लेकिन एबासोव ने खेल के अंत में मजबूत रक्षण का परिचय देकर ड्रॉ खेला।

## धोनी की झलक के लिए फैन ने खरीदे 64,000 रुपए के आईपीएल टिकट, 3 बेटियों की फीस में की देरी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के भारत में एक से बढ़कर एक फैन है. उनकी दीवानगी फैंस के सिर पर चढ़कर बोलती है. धोनी के एक फैन ने दावा किया कि उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के टिकट को 64, 000 रुपये खर्च कर खरीदा, ताकि वो थाला का दीदार कर सकें. इसके लिए इस फैन ने बेटियों की स्कूल फीस में देरी कर दी. उन्होंने कहा कि वह पहले टिकट लेना चाहते थे, जिस वजह से उन्होंने अपनी 3 बेटियों की फीस में देरी कर दी. इस फैन के साथ उसकी तीन बेटियों ने थाला के मैच का दीदार किया.

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में इस फैन दावा किया. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में केकेआर के खिलाफ मैच के टिकट इस फैन ने 64 हजार रुपए खर्च कर खरीदे. धोनी 8 अप्रैल को आईपीएल 2024 में केकेआर के ख़िलाफ हुए मैच में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे. इस मैच को चेन्नई सुपर किंग्स ने 7 विकेट से जीता था. इस फैन ने दावा किया कि 64,000 रुपये खर्च कर जो टिकड खरीदे, उससे उन्होंने और उनकी 3 बेटियों ने मैच देखे. इस फैन ने दावा किया, मुझे टिकट नहीं मिला, इसलिए मैंने ब्लैक में 64,000 रुपये में टिकट खरीदे. मुझे अभी भी स्कूल की फीस जमा करनी है, लेकिन हम एमएस धोनी को सिर्फ एक बार देखना चाहते थे. इस फैन ने स्पोर्ट्सवॉक चेन्नई चैनल के साथ एक से यह बात कही.

**सोशल मीडिया पर फैन्स ने उठाए सवाल** - वहीं इस शख्स की बेटी ने एक वीडियो में कहा, मेरे पिता ने इन टिकटों को पाने के लिए बहुत मेहनत की है, जब धोनी खेलने आए तो हम बहुत खुश थे. हालांकि इस बात से सोशल मीडिया पर फैन्स काफी नाराज दिखे. उन्होंने शख्स की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े कर दिए, कई लोग इस फैसले की आलोचना करते हुए नजर आए.

चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में खेल रही है. अब तक आईपीएल में उसने 5 मैच खेले हैं, जहां 3 में उसे जीत मिली है और 2 में हार. अब चेन्नई का अगला मुकाबला 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से होगा ।

गरीबी में आटा गीला...

## लगातार हार के बीच आरसीबी को लगा तगड़ा झटका

### स्टार ऑलराउंडर मैक्सवेल हुए चोटिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अब तक आईपीएल 2024 बहुत खराब रहा. टीम ने 6 मैच खेल लिए हैं, जिसमें उन्हें सिर्फ 1 में ही जीत नसीब हुई है. बेंगलुरु सीज़न में 1 जीत हासिल करने वाली इकलौती टीम है. 1 जीत के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर मौजूद है. अब इन मुश्किल हालातों के बीच टीम को बड़ा झटका लगा है. टीम का स्टार ऑलराउंडर चोटिल हो गया है. दरअसल आरसीबी के लिए बिग शो कहे जाने वाले स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को अंगूठे में चोट लग गई है. एक रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में फील्डिंग के दौरान मैक्सवेल को चोट लगी थी. आकाश दीप की बॉलिंग पर ऑन साइड में फील्डिंग करते हुए मैक्सवेल का अंगूठा चोटिल हुआ था. चोट के बाद वह मैदान के बाहर चले गए थे. बेंगलुरु अपना अगला मैच 15 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी. हैदराबाद के खिलाफ मैक्सवेल बाहर हो सकते हैं.

**खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं मैक्सवेल** - मैक्सवेल ने अब तक इस सीज़न 6 पारियां खेल ली हैं, जिसमे 3 बार वह डक पर आउट हुए. इसके अलावा बाकी तीन पारियों में उन्होंने 03, 28 और 01 रन बनाया है. वहीं बॉलिंग में उन्होंने 4 विकेट झटके हैं.

**कौन हो सकता है मैक्सवेल का रिप्लेसमेंट?** - मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में बेंगलुरु ने ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया था. अब हैदराबाद के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले में एक बार फिर कैमरून ग्रीन को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया जा सकता है. इस बार ग्रीन को मैक्सवेल की जगह शामिल किया जा सकता है. अब देखना दिलचस्प होगा कि अगले मैच में मैक्सवेल की जगह किसे प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया जाता है. टीम 6 में से 5 मैच हार चुकी है ।

आईपीएल-2024

## आयुष बडोनी ने आईपीएल में एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन के 26वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला गया जिसमें ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली ने इस मैच को 6 विकेट से अपने नाम किया। इस मुकाबले में लखनऊ की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसमें उन्होंने 41 के स्कोर तक जहां अपने शुरुआती 2 विकेट गंवाए थे तो वहीं 94 के स्कोर तक टीम ने अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से लखनऊ के लिए मैच में लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचना काफी मुश्किल दिख रहा था, लेकिन 24 साल के युवा खिलाड़ी आयुष बडोनी ने अरशद खान के साथ मिलकर स्कोर को 167 के स्कोर तक पहुंचा दिया। आयुष के बल्ले से 35 गेंदों में 55 रनों की नाबाद पारी देखने को मिली जिसके दम पर उन्होंने आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी के एक खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।



**आईपीएल में नंबर-7 की पोजीशन पर आया बडोनी का दूसरा अर्धशतक** - आयुष बडोनी को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में नंबर 7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर भेजा था, जिसके बाद उन्होंने एक छोर से पारी को संभालने के साथ रनों की गति को भी बढ़ाने का काम किया। आयुष ने अरशद खान के साथ मिलकर 42 गेंदों में 73 रनों की साझेदारी। आयुष ने अपनी नाबाद 55 रनों की पारी के दम पर आईपीएल इतिहास में धोनी के खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। आईपीएल इतिहास में इस मुकाबले से पहले नंबर-7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय खिलाड़ी के तौर पर सिर्फ धोनी ने ही 2 फिफ्टी प्लस रनों की पारी खेली थी, वहीं बडोनी जो पहले एक बार इस कारनामे को अंजाम दे चुके थे उन्होंने दूसरी बार ऐसा करने के साथ धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बडोनी ने इससे पहले साल 2023 के आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लखनऊ के मैदान पर खेले गए मुकाबले में नंबर-7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 59 रनों की पारी खेली थी।



# रामनवमीं

## श्रीराम का जन्मोत्सव

कहा जाता है कि भारत पर्वों का देश है। यहां की दिनचर्या में ही पर्व-त्योहार बसे हुए हैं। भारतीय संस्कृति को दुनिया भर बहुत महत्व दिया जाता है। ऐसा ही एक पर्व चैत्र नवरात्रि के दिनों में मनाया जाता है, वो है.... रामनवमी।

भगवान विष्णु ने असुरों का संहार करने के लिए राम रूप में पृथ्वी पर अवतार लिया और जीवन में मर्यादा का पालन करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। तभी से लेकर आज तक मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जन्मोत्सव तो धूमधाम से मनाया जाता है, परंतु उनके आदर्शों को जीवन में नहीं उतारा जाता।

अयोध्या के राजकुमार होते हुए भी भगवान राम अपने पिता के वचनों को पूरा करने के लिए संपूर्ण वैभव को त्याग कर चौदह वर्षों के लिए वन चले गए। उन्होंने अपने जीवन में धर्म की रक्षा करते हुए अपने हर वचन को पूर्ण किया।

हम सभी तो रामनवमी और जन्माष्टमी तो उल्लासपूर्वक मनाते हैं पर उनके कर्म व संदेश को नहीं अपनाते। श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया गीता ज्ञान आज सिर्फ एक ग्रंथ बनकर रह गया है।

तुलसीदासजी ने रामचरित मानस में भगवान राम के जीवन का वर्णन करते हुए बताया है कि श्रीराम प्रातः अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करते थे जबकि आज चरण स्पर्श तो दूर बच्चे माता-पिता की बात तक नहीं मानते।

परिस्थिति यह है कि महापुरुषों के आदर्श सिर्फ टीवी धारावाहिकों और किताबों तक सिमट कर रह गए हैं। नेताओं ने भी सत्ता हासिल करने के लिए श्रीराम नाम का सहारा लेकर धर्म की आड़ में वोट बटोरे पर राम के गुणों को अपनाया नही।

यदि राम की सही मायने में आराधना करनी है और राम राज्य स्थापित करना है तो जय श्रीराम के उच्चारण के पहले उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात किया जाना चाहिए। तभी रामनवमी मनाने का संकल्प सही साबित होगा।

## श्रीराम के गाएं गुणगान

राम नाम उर मैं गहिओ जा कै सम नहीं कोई।।

जिह सिमरत संकट मिटै दरसु तुम्हारे होई।।

जिनके सुंदर नाम को ह्रदय में बसा लेने मात्र से सारे काम पूर्ण हो जाते हैं। जिनके समान कोई दूजा नाम नहीं है। जिनके स्मरण मात्र से सारे संकट मिट जाते हैं। ऐसे प्रभु श्रीराम को मैं कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं।

कलयुग में न तो योग, न यज्ञ और न ज्ञान का महत्व है। एक मात्र राम का गुणगान ही जीवों का उद्धार है। संतों का कहना है कि प्रभु श्रीराम की भक्ति में कपट, दिखावा नहीं आंतरिक भक्ति ही आवश्यक है। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं - ज्ञान और वैराग्य प्रभु को पाने का मार्ग नहीं है बल्कि प्रेम भक्ति से सारे मैल धूल जाते हैं। प्रेम भक्ति से ही श्रीराम मिल जाते हैं।

छूटहि मलहि मलहि के धोएं।<br>
धृत कि पाव कोई बारि बिलोएं।<br>
प्रेम भक्ति जल बिनु रघुराई।<br>
अभि अंतर मैल कबहुं न जाई।।

अर्थात् मैल को धोने से क्या मैल छूट सकता है। जल को मथने से क्या किसी को घी मिल सकता है। कभी नहीं। इसी प्रकार प्रेम-भक्ति रूपी निर्मल जल के बिना अंदर का मैल कभी नहीं छूट सकता। प्रभु की भक्ति के बिना जीवन नीरस है अर्थात् रसहीन है। प्रभु भक्ति का स्वाद ऐसा स्वाद है जिसने इस स्वाद को चख लिया, उसको दुनिया के सारे स्वाद फीके लगेंगे।

भक्ति जीवन में उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितना स्वादिष्ट भोजन में नमक।

भगति हीन गुण सब सुख ऐसे।<br>
लवन बिना बहु व्यंजन जैसे।।

अर्थात - जिस तरह नमक के बिना उत्तम से उत्तम व्यंजन स्वादहीन है, उसी तरह प्रभु के चरणों की भक्ति के बिना जीवन का सुख, समृद्धि सभी फीके है।

रामनवमी के दिन क्या करें:

**1. प्रभु से भक्ति करते हुए मांगे-**

नाथ एक वर मांगऊं राम कृपा करि देहु।<br>
जन्म-जन्म प्रभु पद कमल कबहुं घटै जनि नेहु।।

हे प्रभु राम! मैं आपसे केवल एक ही वर मांगता हूं, इसे देने की कृपा करें। प्रभु आपके चरण कमलों में मेरा प्रेम जन्म-जन्मांतर में कभी न घटे।।

**2. प्रभु से अनुपम प्रेम भक्ति मांगे-**

परमानंद कृपानयन मन परिपूरन काम।<br>
प्रेम भगति अनपायनी देहु हमहि श्रीराम।।

हे प्रभु श्रीराम! आप हमें अपनी अत्यंत पावन और तीनों प्रकार के तापों अथवा जन्म-मरण के क्लेशों का नाश करने वाली अनुपम प्रेम भक्ति का वरदान दीजिए।

**3. प्रभु से शरण में लेने की प्रार्थना कीजिए-** प्रभु मेरे मन में आप निवास करें। आप मेरे आंतरिक मैल को स्वच्छ करके उसमें भक्ति का समावेश करें। हे दीनानाथ, मैं आपकी शरण में हूं। मुझ शरणागत की रक्षा करें। इस प्रकार निष्कपट भक्ति करने से प्रभु प्रसन्न होकर हर मनोरथ पूर्ण करेंगे। प्रभु की दया और रक्षा के भरोसे सच्चा मनुष्य संसार में सदा निर्भय और निर्लिप्त बना रहता है। प्रभु अपनी शरण में आए जीवों की रक्षा स्वयं करते हैं। प्रभु कहते है कि - मम पन सरणागत भयहारी।।

अर्थात् - शरणागत के भय को दूर करना मेरा प्रण है। वे फिर कहते हैं-

जो सभीत आवा सरनाई। रखिहऊं ताहि प्राण की नाई।।

अर्थात् जो भयभीत होकर मेरी शरण में आया है, तो मैं उसे प्राणों की तरह संभाल कर रखूंगा।



## कामदा एकादशी पारणा

**समय** - चैत्र शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी के रूप में जाना जाता है। चैत्र नवरात्रि और राम नवमी के बाद यह पहली एकादशी है। अंग्रेजी कैलेण्डर के अनुसार वर्तमान में यह मार्च या अप्रैल के महीने में आती है।

**लाभ** - कामदा एकादशी का उपवास करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिल जाती है। हिन्दू धर्म में किसी ब्राह्मण की हत्या करना सबसे भयंकर पाप है। यह माना जाता है कि ब्राह्मण की हत्या का पाप भी कामदा एकादशी उपवास करने से मिट जाता है।

एकादशी के व्रत को समाप्त करने को पारणा कहते हैं। एकादशी व्रत के अगले दिन सूर्योदय के बाद पारणा किया जाता है। एकादशी व्रत का पारणा द्वादशी तिथि समाप्त होने से पहले करना अति आवश्यक है। यदि द्वादशी तिथि सूर्योदय से पहले समाप्त हो गयी हो तो एकादशी व्रत का पारणा सूर्योदय के बाद ही होता है। द्वादशी तिथि के भीतर पारणा न करना पाप करने के समान होता है।

एकादशी व्रत का पारणा हरि वासर के दौरान भी नहीं करना चाहिए। जो श्रद्धालु व्रत कर रहे हैं उन्हें व्रत तोड़ने से पहले हरि वासर समाप्त होने की प्रतिक्षा करनी चाहिए। हरि वासर द्वादशी तिथि की पहली एक चौथाई अवधि है। व्रत तोड़ने के लिए सबसे उपयुक्त समय प्रातःकाल होता है। व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को मध्यान के दौरान व्रत तोड़ने से बचना चाहिए। कुछ कारणों की वजह से अगर कोई प्रातःकाल पारणा करने में सक्षम नहीं है तो उसे मध्यान के बाद पारणा करना चाहिए।

कभी कभी एकादशी व्रत लगातार दो दिनों के लिए हो जाता है। जब एकादशी व्रत दो दिन होता है तब स्मार्थ-परिवारजनों को पहले दिन एकादशी व्रत करना चाहिए। दुसरे दिन वाली एकादशी को दूजी एकादशी कहते हैं। सन्यासियों, विधवाओं और मोक्ष प्राप्ति के इच्छुक श्रद्धालुओं को दूजी एकादशी के दिन व्रत करना चाहिए। जब-जब एकादशी व्रत दो दिन होता है तब-तब दूजी एकादशी और वैष्णव एकादशी एक ही दिन होती हैं।

भगवान विष्णु का प्यार और स्नेह के इच्छुक परम भक्तों को दोनों दिन एकादशी व्रत करने की सलाह दी जाती है।

## तब आप भगवान के करीब पहुंचने लगते हैं

भगवान आपसे कुछ नही चाहता। जब आप कुछ भी करते हैं सिर्फ उसका आनंद प्राप्त करने के लिए, और उसमें से कुछ भी नहीं चाहते, वही सेवा है। सेवा से आपको तत्काल संतोष और दीर्घकालिक गुणवत्ता प्राप्त होती है। भगवान से निकटता बढ़ती है।

अपने स्वयं के भीतर भगवान को देखना ध्यान है और आपके बाजू के व्यक्ति में भगवान को देखना सेवा है। अक्सर लोगों में भय होता है कि दूसरे लोग उनका शोषण करेंगे यदि वह सेवा करेंगे।

सनकी होये बिना सजग और बुद्धिमान रहें। सेवा से योग्यता आती है और ध्यान के गहन में जाने में सहायता मिलती है और ध्यान से आपकी मुस्कुराहट वापस आ जाती है।

..............................

# क्या धर्म के पालन से मिलती है सुख और शांति?

*वेदों में शरीर सहित मन-मस्तिष्क और आत्मा को स्वस्थ और सेहतमंद बनाए रखने के हजारों उपाय दिए गए हैं। आयुर्वेद, योग, वास्तु और ज्योतिष के बगैर हिन्दू धर्म कुछ नहीं। प्राचीनकाल में हमारे ऋषि-मुनियों ने कुछ नियम और कुछ ऐसे पौधों की खोज की थी जिसका हमारे जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान होता है।*

**ये दस बातें जो आपके जीवन को बदल देंगी...**

ऋषि-मुनियों ने ऐसे ही नियमों, पौधों, फूल आदि को धर्म से जोड़कर उसके पालन के लिए नियम और परंपरा का निर्माण किया गया ताकि व्यक्ति उसका पालन करते हुए अनेक शारीरिक और मानसिक रोगों से दूर रहकर आत्मिक शांति का अनुभव कर सके। आओ जानते है कि धर्म का पालन करने से कैसे और कौन से रोगों से मुक्ति रहा जा सकता है।

**प्रातः काल के नियम:** प्रातःकाल जब निद्रा से जागते हैं तो सर्वप्रथम बिस्तर पर ही हाथों की दोनों हथेलियों को खोलकर उन्हें आपस में जोड़कर उनकी रेखाओं को देखते हुए एक देवमंत्र का एक बार मन ही मन उच्चारण करते हैं और फिर हथेलियों को चेहरे पर फेरते हैं।

जिस तरह सूर्य का उजाला पहले धरती पर फैल जाता है लेकिन सूर्य दिखाई नहीं देता उसी तरह जब हम आंखें खोल लेते हैं लेकिन हमारी चेतना में पूर्णतः जागरण नहीं हो पाते हैं ऐसे में उठते ही काम पर लग जाने से मन और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इसीलिए कुछ देर रुककर देवमंत्र बोलकर पहले मस्तिष्क को अपनी जाग्रत अवस्था में आने दें उसके बाद ही मस्तिष्क में पहले सबसे अच्छा मैसेज डालें और फिर दूसरा कार्य या वार्तालाप करें।

इसीलिए धर्म अनुसार कुछ देर बिस्तर पर ही बैठे रहने के बाद उठते हैं और उसके बाद सर्वप्रथम भगवान के दर्शन करते हैं या उनका नाम लेकर उठते हैं। इससे दिन की शुरुआत अच्छी होती है और मन-मस्तिष्क में अच्छे भावों का विकास होता है। धर्म में उल्लेखित है कि व्यक्ति को जल्दी सोकर जल्दी उठना चाहिए।

**स्नान नियम:** ब्रह्मा ने सृष्टि रचना करने के बाद अपने दूत से कहा कि जाओ लोगों से कह दो कि वे दो बार नहाएं और एक बार भोजन करें। यही नियम है। लेकिन उस दूत की बात का पालन लोगों ने उल्टा किया। ऐसे में धर्माचार्यों ने एक नियम बनाया। वह नियम यह था कि संधिकाल में जब भी संध्यावंदन करें तो आचमन करना जरूरी है। तीर्थ या मंदिर में जब भी जाएं तो शरीर के सभी 9 छिद्रों को जल से अच्छी तरह धोकर जाएं तभी व्यक्ति पवित्र माना जाता है इसलिए पवित्रता के नियम बनाए गए।

**स्नान योग का महत्व:**

स्नान के सात प्रकार है: मंत्र, भोम, अग्नि, वायव्य, दिव्य, वरुण और मानसिक। रूप, तेज, बल, पवित्रता, आयु, आरोग्य, निर्लोभता, दुःस्वप्न का नाश, तप और मेधा ये 10 गुण उक्त स्नान करने वाले को प्राप्त होते हैं। स्नान का हिन्दू धर्म में बहुत महत्व माना गया है। इसीलिए नदियों में स्नान के नियम बनाए गए।

**संध्यावंदन या पूजा नियम:** स्नान के बाद पूजा करने का नियम है। पूजा से मस्तिष्क और मन में शांति और मजबूती का विकास होता है। कैसे? पूजा में फूल चढ़ाते हैं, कपूर जलाते हैं, सुगंध फैलाते हैं। पंचामृत ग्रहण करते हैं।

पूजा करते वक्त कपूर जलाया जाता है। कपूर से वातावरण शुद्ध होता है और हमारे प्राणों में ऑक्सीजन का विकास होता है। आयुर्वेद में कपूर के सैकड़ों गुणों का उल्लेख मिलता है। पूजा के बाद पंचामृत और चरणामृत पीने का नियम है। इसके भी कई लाभ हैं। इसमें तुलसी, दूध, दही आदि का प्रयोग होता है, जो कि हमें हर तरह के रोगों से बचाकर रखता है।

**जानिए क्या है चरणामृत और पंचामृत...**

पूजा में फूल और सुगंध का उपयोग किया जाता है जिसके चलते मन और मस्तिष्क में शांति और सकारात्मक विचारों का विकास होता है। अच्छा अनुभव करना जरूरी है। आजकल तो सुगंध चिकित्सा का प्रचलन भी चल पड़ा है।

भगवान को चढ़ने वाले हर फूल की अपनी खासियत है। कमल, गुलाब, गुड़हल, आंकड़ा, चमेली, गेंदा आदि फूलों की सुगंध को सूंघते रहने से जीवन में सुख-शांति आती है। सुख- शांति के चलते समृद्धि आती है। लक्ष्मी का वास वहीं होता है, जहां शांति और स्वच्छता होती है।

**भोजन के नियम:** जैसा खाओ अन्न, वैसा बने मन- यह हिन्दू धर्म की प्रसिद्ध कहावत है। भोजन से केवल भूख ही शांत नहीं होती




बल्कि इसका प्रभाव तन, मन एवं मस्तिष्क पर पड़ता है। एक प्रसिद्ध लोकोक्ति है- सुबह का खाना स्वयं खाओ, दोपहर का खाना दूसरों को दो और रात का भोजन दुश्मन को दो।

**भोजन-पानी के संपूर्ण हिन्दू नियम:**

**जरूरी है भोजन के नियम-**

हिन्दू धर्म में बताया गया है कि भोजन कब करना चाहिए, कैसे करना चाहिए और भोजन के पश्चात क्या करें व क्या न करें। इसके अलावा क्या-क्या न खाएं और क्या-क्या खाना जरूरी है, यह सब धर्म में लिखा है। प्रत्येक दिन, पक्ष और अयन के अनुसार ही भोजन चयन किया जाता है। शराब और मांस का सेवन करना वर्जित माना गया है।

अनीति (पाप) से कमाए पैसे के भोजन से मन दूषित होता है वहीं तले हुए, मसालेदार, बासी, रुक्ष, मांसाहार एवं गरिष्ठ भोजन से मस्तिष्क में काम, क्रोध, सेक्स, तनाव जैसी वृत्तियां जन्म लेती हैं। भूख से अधिक या कम मात्रा में भोजन करने से तन रोगग्रस्त बनता है। भोजन के पूर्व जल का सेवन करना उत्तम, मध्य में मध्यम और भोजन पश्चात करना निम्नतम माना गया है।

**उपवास के नियम:** उपवास का मुख्य उद्देश्य आंतों (पेट) को आराम देना एवं रसना (जिव्हा) संयम के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति करना है। आत्मिक लाभ के साथ ही उपवास से शारीरिक लाभ मिलते हैं। उपवास करने से आंतों को पूर्ण आराम मिलता है। निराहार रहने से शरीर में जमा वसा (ग्लाइकोजन) एवं स्टार्च का पाचन हो जाता है जिससे मोटापा नहीं बढ़ता।

**उपवास शक्ति सिद्धि योगा:**

उपवास करने से शरीर में उत्पन्न होने वाले टॉक्सिन पेशाब एवं पसीने के रूप में बाहर निकल जाते हैं। इस प्रकार उपवास के कई लाभ हैं। परंतु उपवास के नाम पर फरियाली, खिचड़ी, चिप्स आदि दिनभर खाते रहने से लाभ के बजाय हानि ही होती है वहीं यदि उपवास सही तरीके से नही छोड़ा जाए तो भी शारीरिक नुकसान हो सकता है।

**संस्कारों का पालन :** संस्कार हमारे जीवन को सभ्य और सुसंस्कृत बनाने का एक तरीका है। संस्कारहीन व्यक्ति पशुवत है। हमारे ऋषि-मुनियों ने सोच-समझकर ऐसे संस्कार निर्मित किए जिनका विज्ञान से भी संबंध सिद्ध होता है। संस्कारों के प्रमुख प्रकार 24 बताए गए हैं जिनमें से 16 ही अब प्रचलन में हैं।

**जानें हिंदू संस्कार:**

**इन संस्कारों के नाम है:** गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णवेधन, विद्यारंभ, उपनयन, वेदारंभ, केशांत, सम्वर्तन, विवाह और अंत्येष्टि। उक्त संस्कारों का वैदिक विधि से पालन किया जाना चाहिए अन्य कोई विधि धर्म के विरुद्ध मानी गई है। संस्कारों से जीवन जहां अनुशासनबद्ध बनता हैं वहीं इससे जीवन का सफर सरलता से कट जाता है। किसी भी प्रकार के कष्ट नहीं होते।

अतः जिस व्यक्ति के गर्भाधान से वेदारंभ तक के संस्कार ठीक-ठीक उम्र में हुए हैं उनके जीवन में उन्हें सफलता और समृद्धि के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता है।

**ज्योतिष और वास्तु के नियम:** जहां मंदिर, पीपल, बढ़ और नीम का वृक्ष एक ही जगह हो वहां घर होना चाहिए। घर की दिशा पश्चिम, वायव्य, उत्तर या ईशान में होनी चाहिए। घर के अंदर के वास्तु भी नियमों के अनुसार होना चाहिए।

दूसरी बात तथाकथित ज्योतिषियों और उनकी किताबों से दूर रहें। उनका ज्ञान आपके जीवन में भ्रम और डर को बढ़ाकर नकारात्मक शक्तियों को उभार देगा। ज्योतिष ज्ञान का संबंध भी वास्तु से होता है। ग्रह-नक्षत्रों का हमारे जीवन पर प्रभाव पड़ता है लेकिन उसी प्रभाव से बचने के लिए ही घर को वास्तु अनुसार बनाया जाता है। इसके अलावा आप धर्म के नियमों का पालन करते हैं तो किसी भी ग्रह-नक्षत्र का बुरा प्रभाव आपके जीवन पर नहीं पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एनवायटी और सिएना सर्वे में खुलासा, राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन की लोकप्रियता में इजाफा



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** देश की दिशा, अर्थव्यवस्था और बाइडन की उम्र के बारे में संदेह के बावजूद अमेरिका के लोग राष्ट्रपति जो बाइडन के पीछे एकजुट होना फिरसे शुरू हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन की लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। यह न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना पोल के एक सर्वे में खुलासा हुआ है। इस सर्वे के अनुसार, जब इस सर्वे से दो महीने पहले एक सर्वे फरवरी में की गई थी जिसमें दोनों नेताओं के बीच 5त्न का अंतर था। जो अब घटकर महज एक प्रतिशत रह गया है। इस सर्वे में जब लोगों से पूछा गया था कि राष्ट्रपति चुनाव आज हों तो आप किसे वोट देंगे? अमेरिकी मतदाताओं ने फरवरी में 48त्न लोग ट्रंप के साथ और 43त्न लोगों ने बाइडन का समर्थन किया था। वहीं इस नए सर्वे में अमेरिका के लोगों ने 46 त्न लोग ट्रंप के साथ तो 45 त्न लोग राष्ट्रपति बाइडन के साथ दिखें।

### मॉल हमले के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बिशप पर सामूहिक प्रार्थना के दौरान चाकू से हमला



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में फिर से एक बार एक घटना ने सनसनी फैला दी है। यहां एक सामूहिक प्रार्थना के दौरान असीरियन पादरी को कैमरे पर चाकू मार दिया गया। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभी हाल ही में सिडनी के बॉन्डी जंक्शन के एक मॉल में एक चाकूबाज द्वारा छह लोगों की हत्या करने का मामला सामने आया था। इसके बाद यह घटना घटी है। बता दें कि मीडिया से जो खबरें मिल रही है उसकी मानें तो सिडनी में एक प्रार्थना सभा के दौरान बिशप मार मारी इमैनुएल पर एक संदिग्ध ने हमला किया और उन पर चाकू से लगातार कई बार वार कर दिया। घटना सोमवार रात करीब 7 बजे वेकले के क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में एक लाइव स्ट्रीम के दौरान हुआ। घटना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें बिशप इमैनुएल को लोगों से बात करते देखा जा सकता है, इसी बीच एक आदमी उनके पास आता है और उन पर कई बार चाकू से वार करता है। इसके बाद पर्शियन लोग उसे बचाने के लिए दौड़ पड़ते हैं। बिशप मार मारी इमैनुएल ईसाई रूढ़िवादी, सीओवीआईडी आदेशों, लॉकडाउन, फ्रीमेसन और फिलिस्तीन के खिलाफ इजरायली आक्रामकता का विरोध करने के लिए प्रसिद्ध हैं।

### कंटेनर जहाज को शिपिंग नियमों का उल्लंघन करने पर किया गया जब्तः ईरान

**पेरिस, एजेंसी।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने एमएससी एरीज़ कंटेनर जहाज की हिरासत को इस आधार पर उचित ठहराया है कि उसने शिपिंग नियमों का उल्लंघन किया था और ईरानी अधिकारियों को उचित प्रतिक्रिया प्रदान करने में विफल रहा । सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए की एक रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात से भारत जा रहे जहाज ने अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी की थी। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा इज़रायल पर मिसाइल और ड्रोन हमला शुरू करने से कुछ घंटे पहले शनिवार को एरीज़ को आईआरजीसी की नौसेना ने हिरासत में लिया था। आईआरजीसी जहाज को इज़रायल से जुड़ा हुआ मान रहा है। कच्चे तेल के शिपमेंट पर नज़र रखने वाली एक ऑनलाइन सेवा टैंकरट्रैकर्स ने एक्स पर बताया कि कंटेनर जहाज वर्तमान में केशम और होर्मुज द्वीपों के बीच ईरानी समुद्री सीमा में है और पिछले साल ईरान द्वारा जब्त किए गए तीन टैंकरों से बहुत दूर नहीं है।

# भारत ने अपनी सेना को आधुनिक बनाने और रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए उठाए हैं कदम

**वाशिंगटन ,एजेंसी।**
शीर्ष अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने कांग्रेस को बताया कि 2023 में भारत ने खुद को एक वैश्विक नेता के रूप में प्रदर्शित किया क्योंकि उसने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधि का मुकाबला करने की अधिक इच्छा दिखाई और अपनी सेना को आधुनिक बनाने और रूसी मूल-उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए।

रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस की टिप्पणी चीन का मुकाबला करने वाली रक्षा खुफिया पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान आई।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को खुफिया और विशेष अभियानों पर उपसमिति से कहा, पिछले वर्ष के दौरान, भारत ने समूह 20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक नेता के रूप में प्रदर्शित किया है और पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक



ऑफ चीन) पूरे भारत-प्रशांत क्षेत्र में गतिविधि का मुकाबला करने की अधिक इच्छा जाहिर की है।

उन्होंने कहा, भारत ने प्रशिक्षण, रक्षा बिक्री और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान के साथ सहयोग को गहरा करने के माध्यम से फिलीपींस जैसे क्षेत्रीय दक्षिण चीन सागर दावेदारों के साथ इंडो-पैसिफिक में उन्नत साझेदारी की है।

चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान समुद्री क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। क्रूस ने कहा, 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी मूल के उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने अपने पहले घरेलू स्तर पर निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है।

क्रूस ने कहा, रूस भारत का सबसे महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार बना हुआ है। अपनी रक्षा अधिग्रहण साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद भारत मास्को से एस-400 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली जैसे हथियार हासिल करना जारी रखे हुए है।

उन्होंने सांसदों से कहा, 2024 में, भारत शायद अपने राष्ट्रीय संसदीय चुनावों को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयास के हिस्से के रूप में %मेक इन इंडिया% पहल पर ध्यान केंद्रित करेगी - जिसका उद्देश्य बीजिंग का मुकाबला करना है।

2020 के गलवान संघर्ष में 20 भारतीय सैनिकों और कम से कम पांच पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) सैनिकों की मौत के बाद भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। अक्टूबर 2023 में, वरिष्ठ भारतीय और पीएलए अधिकारी अपनी बीसवें दौर की वार्ता के दौरान पूर्वी लद्दाख में शेष दो गतिरोध स्थानों के विवादों को सुलझाने में विफल रहे। क्रूस ने सांसदों को बताया कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र में लगभग 50,000-60,000 सैनिक बनाए रखे हैं।

## यूएस में हिंदुओं पर हो रहे हमले पर भारवंशी सांसद ने जताई चिंता; बाइडन प्रशासन से की ये मांग

**वॉशिंगटन।**
अमेरिका में इस साल भारतीय मूल के 11 छात्रों की मौत हो चुकी है। वहीं, यूएस में हिंदुओं के खिलाफ भी हमलों में वृद्धि हुई है। वहां के मंदिर पर हमले हो रहे हैं। इस मामले पर भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने चिंता जाहिर की। वॉशिंगटन में सोमवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, देश में हिंदुओं के खिलाफ हमले हो रहे हैं। सोशल मीडिया और दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए फेक न्यूज फैलाए जा रहे हैं। श्री थानेदार और चार अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों - रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने हाल ही में न्याय विभाग को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों और पूजा स्थलों पर हमलों में हालिया वृद्धि की जांच की मांग की थी। उन्होंने आगे कहा, एक हिंदू होने के नाते मुझे पता है कि हिंदू धर्म क्या है। यह एक बहुत ही शांतिपूर्ण धर्म है। यह ऐसा धर्म नहीं है जो दूसरों पर हमला करता है। हालांकि, इस समुदाय को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जाता है, गलत समझा जाता है, कभी-कभी जानबूझकर ऐसा किया जाता है। हमारे पूजा-स्थलों पर हमले हो रहे हैं। इन हमलों के आरोपियों के खिलाफ मामले भी दर्ज नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि इससे समुदाय को ऐसा महसूस होता है जैसे उनकी परवाह करने वाला कोई नहीं है। इसका मतलब है कि समुदाय भय में जी रहा है। उन्होंने कहा कि समुदाय कानून प्रवर्तन से अनिवार्य रूप से कोई मदद नहीं मिलने के कारण प्रतिकूल स्थिति में रह रहा है। श्री थानेदार ने कहा कि स्थानीय कानून प्रवर्तन, संघीय जांच ब्यूरो और न्याय विभाग के बीच प्रयासों में समन्वय की आवश्यकता है। श्री थानेदार ने कहा कि इस समय समुदाय के लोगों को एक साथ खड़ा होना होगा और हमें बताना होगा कि हम देश में समानता की मांग कर रहे हैं।

## पति का पैसा हड़पने के लिए रोज कॉफी में मिलाकर देती थी ब्लीच, खुल गई शातिर पत्नी की पोल

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
संयुक्त राज्य अमेरिका में एक महिला ने अपने पति को कॉफी में ब्लीच डालकर जहर देने का अपराध स्वीकार कर लिया है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक 40 वर्षीय मेलोडी फेलिकानो जॉनसन कई महीनों तक रोजाना अपने पति की कॉफी में जानलेवा ब्लीच मिलाया करती थी। फॉक्स न्यूज के अनुसार, 40 वर्षीय महिला मेलोडी फेलिकानो जॉनसन ने 11 जुलाई और 18 जुलाई, 2023 को अपने पति के कॉफी में थोड़ी मात्रा में ब्लीच डालने की बात स्वीकार की। पति रॉबी जॉनसन ने कहा कि उसका मानना है कि उसकी पत्नी उसके मरने के बाद मिलने वाला इंश्योरेंस का पैसा हड़पना चाहती थी। इसलिए उसे मारने की कोशिश कर रही है। पिछले सप्ताह मेलोडी फेलिकानो जॉनसन को ग्रैंड जूरी ने फर्स्ट-डिग्री के तहत मर्डर करने की कोशिश और खाने या पीने के समान में जहर मिलाने के दो मामलों में दोषी ठहराया गया है। मूल रूप से मेलोडी पर प्रथम-डिग्री हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया था और अगस्त 2023 में उसने खुद को दोषी नहीं ठहराया था। लेकिन अब उसने छोटे अपराधों के लिए दोषी ठहराया है और प्रत्येक मामले में चार महीने से लेकर दो साल तक की जेल की सजा का सामना करना पड़ रहा है।

# ईरान की मिसाइलों को आईडीएफ ने हवा में किया तबाह

**यरूसलम , एजेंसी।**
कुछ दिनों पहले इजरायल ने ईरान पर मिसाइलों से हवाई हमले किए। इजरायल ने दावा किया कि ईरान की ओर से 170 ड्रोन, 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें और 120 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई। हालांकि, उनमे से 99 प्रतिशत हमलों को रोक दिया गया था।

इजरायल डिफेंस फोर्स ने कुछ वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए हैं, जिसमें देखा जा सकता है इजरायल की ताकतवर डिफेंस सिस्टम की वजह से ईरान की ओर से दागे गई मिसाइलों को हवा में नष्ट किया जा रहा है।

इजरायल का रक्षा कवच कहे जाने वाले आयरन डोम ने हवा में इन मिसाइलों को नष्ट किया है। हालांकि, कुछ मिसाइलों को एयर डोम ट्रेस नहीं कर सका, जो इजरायल के नेवातिम एयरबेस के आसपास टकरा गई। आईडीएफ ने पोस्ट में लिखा,99 प्रतिशत अवरोधन दर इस तरह




दिखती है। इजरायल के एयर डिफेंस ने अधिकांश ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को एरो एरियल डिफेंस सिस्टम की मदद से इजरायली क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही मार गिराया। आइए जानते हैं कि आखिर इजरायल की वो ताकत क्या है, जिसकी मदद से उसने एक बार फिर मध्य पूर्व के आसमान में अपनी बादशाहत कायम की है।

इजरायल ने एरो 2 के बाद उन्नत श्रेणी के एरो 3 को भी शामिल किया है। इसका काम हवा में लंबी दूरी के लक्ष्य को नष्ट करना है। इसका रॉकेट मैक 9 (लगभग 11,000 किमी प्रतिघंटा) की रफ्तार से दुश्मन की मिसाइल को नष्ट कर सकता है।

डिफेंस सिस्टम में मिसाइल लॉन्चर, ग्रीन पाइन फायर कंट्रोल और एक सिट्रान ट्री बैटल मैनेजमेंट सिस्टम शामिल है। ग्रीन पाइन रडार 2,400 वि लंबी दूरी तक लक्ष्य का पता लगाने और एक साथ 14 लक्ष्यों रोकने में सक्षम है। रडार 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को निशाना बना सकता है।

इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली कई स्तरों पर काम करती है। एरो डिफेंस सिस्टम इसके सबसे ऊपरी स्तर पर काम करता है, जिसे इजरायल की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने अमेरिकी मिसाइल रक्षा एजेंसी के साथ मिलकर तैयार किया है। 1980 के दशक के आखिरी वर्षों में इसके विकास पर काम शुरू हुआ था।

1990 के दशक में एरो 1 को कम से से कम सात परीक्षणों से गुजरना पड़ा और आगे चलकर एक हल्की मिसाइल के रूप में विकसित किया गया, जिसे एरो 2 नाम से जाना जाता है।





## हमले के बाद चीख रहे थे इजरायली, फेक वीडियो पर खुल गई ईरान की पोल

**येरुशलम, एजेंसी।** इजरायल पर हवाई हमलों के बाद ईरान दुनिया के निशाने पर है। अब फेक वीडियो चलाने को लेकर उसकी अपने ही देश में आलोचना और खिल्ली उड़ रही है। दरअसल, बीते दिनों ईरान ने इजरायल पर 300 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे थे। जिनमें से 99 फीसदी हमलों को इजरायल ने अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों की सैन्य मदद के साथ नाकाम कर दिया था। 300 में से सिर्फ 7 ही ड्रोन हमले जमीन तक पहुंच पाए। ईरान फेक वीडियो के जरिए ऐसा दावा कर रहा है कि उसने इजरायल को बड़ी चोट पहुंचाई है और हमले के बाद इजरायलियों में चीख-पुकार मच गई थी। उधर, इजरायल ने आधिकारिक रूप से जानकारी दी कि हमले में उसे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन, उसकी मातृभूमि पर बुरी नजर रखने वाले को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ेगा। इजरायल की ताबड़तोड़ वॉर कैबिनेट मीटिंग से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि ईरानी स्टेट मीडिया ने इजरायल पर हवाई हमलों के फुटेज जारी किए हैं। जिसमें उसने दावा किया गया कि जब इजरायल पर हवाई हमलों की बौछार की गई तो इजरायली घबरा गए और उनके चीख-पुकार मच गई। वे मारे डर के इधर-उधर भाग रहे थे। इस वीडियो की सत्यता से पता चला है कि यह वीडियो ब्रिटिश गीतकार लुई टॉमलिंसन के प्रशंसकों का है, जो उसे देखकर अपना आपा खो देते हैं और कलाकार की एक झलक पाने के लिए उसकी ओर भाग रहे हैं।

# मैंने लड़ाई क्यों नहीं की? सलमान रुश्दी ने अपनी किताब 'नाइफ' में किया 2022 में हुई भयावह घटना का जिक्र

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।**
ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी ने अपने नए संस्मरण नाइफ़ में 2022 में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में एक घातक छुरा घोंपने की घटना का जिक्र किया है, जिससे उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। उस दौरान उनका इलाज कैसे हुआ था इसकी जानकारी इस किताब में दी गई है। बता दें कि सलमान रुश्दी की ये किताब स्टोर्स में आज उपलब्ध कर दी गई है।

भारतीय मूल के लेखक, न्यूयॉर्क में रहने वाले मूल अमेरिकी, को तब से जान से मारने की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, जब उनके 1988 के उपन्यास द सेटेनिक वर्सेज को ईरान के सर्वोच्च नेता ने ईशनिंदा घोषित कर दिया था, जिससे रुश्दी मुक्त भाषण का वैश्विक प्रतीक बन गए।

लेकिन कई सालों के बाद, एक चाकूधारी हमलावर न्यूयॉर्क राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक कला सभा में मंच पर कूद गया था और उसने रुश्दी की गर्दन और पेट पर कई बार वार किए थे। इस हमले में रुश्दी ने दाहिनी आँख खो दी थी। द गार्जियन अखबार द्वारा जारी पुस्तक अंश के अनुसार, रुश्दी लिखते हैं, मैंने लड़ाई क्यों नहीं की? मैं भाग क्यों नहीं गया? मैं बस पिनाटा की तरह वहां खड़ा रहा और उसे मुझे मारने दिया।

तेहरान ने हमलावर के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। तेहरान ने कहा



कि इस घटना के लिए केवल रुश्दी दोषी है, जो अब 76 साल के हैं। संदिग्ध (तब 24) ने हत्या के प्रयास के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया है। न्यूयॉर्क पोस्ट के साथ एक इंटरव्यू में कथित हमलावर, जिसके माता-पिता लेबनान से संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए थे, ने कहा कि उसने द सैटेनिक वर्सेज के केवल दो पृष्ठ पढ़े हैं लेकिन उसका मानना ??है कि रुश्दी ने इस्लाम पर हमला किया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करने वाले समूह पीईएन अमेरिका की मुख्य कार्यकारी सुजैन नोसेल ने कहा कि उस भयानक दिन के बाद से... हम इस कहानी का इंतजार कर रहे हैं कि सलमान के संभावित हत्यारे आखिरकार उन्हें कैसे पकड़ पाए। उन्होंने कहा, एक मास्टर कहानीकार, सलमान ने अब तक इस कथा को अपने पास रखा है, जिससे हमें दूर से उनके साहस पर आश्चर्य होता है। नाइफ की रिलीज से पहले सीबीएस कार्यक्रम 60 मिनट्स के साथ एक साक्षात्कार में, रुश्दी ने बताया कि हमले से दो दिन पहले उन्होंने एक एम्फीथिएटर में चाकू मारे जाने का सपना देखा था - और इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर विचार किया। उन्होंने कहा, और फिर मैंने सोचा, मूर्ख मत बनो। यह सिर्फ एक सपना है। उन्होंने किताब में यह भी लिखा है कि उन्हें इस कार्यक्रम के लिए उदारतापूर्वक भुगतान किया जाना था, वह पैसा जिसे उन्होंने घर की मरम्मत के लिए उपयोग करने की योजना बनाई थी। रुश्दी को उन लेखकों की सुरक्षा के बारे में बात करने के लिए आमंत्रित किया गया था जिनकी जान को खतरा है। उन्होंने साक्षात्कारकर्ता से कहा, यह मेरे लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। द गार्जियन के अनुसार, रुश्दी ने किताब में कहा है कि हमले के बाद उन्हें बुरे सपने आए हैं। रुश्दी, जो मुंबई में पैदा हुए थे, लेकिन बाद में इंग्लैंड चले गए, अपने दूसरे उपन्यास मिडनाइट्स चिल्ड्रेन (1981) से सुर्खियों में आए, जिसने स्वतंत्रता के बाद के भारत के चित्रण के लिए ब्रिटेन का प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार जीता।

## वजन घटाने की नकली दवाएं बेच रहीं 250 वेबसाइट बंद, साइबर सिक्योरिटी फर्म ब्रैंडशील्ड ने की बड़ी कार्रवाई

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
वजन घटाने और मधुमेह रोकने के नाम पर नकली दवाएं बेचने वाली 250 से अधिक वेबसाइट को बंद कर दिया गया है। साइबर सिक्योरिटी फर्म ब्रेडशील्ड ने जीएलपी 1 वर्ग में यह कार्रवाई की। कंपनी के सीईओ योन केरेन ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और बाजार से जुड़ी 6,900 से अधिक अवैध दवाइयां हटाई गई हैं। इसमें भारत में 992, इंडोनेशिया में 544, चीन में 364 और ब्राजील में 114 दवाएं शामिल हैं। मोटापा घटाने का दावा करने वाली कंपनियों के बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका सहित कम से कम नौ देशों में ओजेम्पिक व अन्य जीएलपी-1 के नकली संस्करणों से जुड़े घातक प्रभाव सामने आए हैं। जीएलपी-1 यानी ग्लूकागन जैसा पेप्टाइड-1 एमिनो एसिड पर आधारित पेप्टाइड हार्मोन है, जो कुछ न्यूरॉन्स की ओर से मस्तिष्क को संदेश भेजता है और भूख को नियंत्रित करता है।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर चुनाव से पहले मंडरा रहे संकट के बादल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
डोनाल्ड ट्रंप का ऐतिहासिक मुकदमा सोमवार को शुरू हो गया, जिससे वह अमेरिकी इतिहास में आपराधिक मामले का सामना करने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए, जिससे नवंबर में होने वाले चुनाव में उनकी उम्मीदवारी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए।

दुनियाभर में रुचि के साथ देखे गए एक मुकदमे में ट्रंप को एक पोर्न अभिनेत्री को यौन संबंध बनाने के आरोपों के बारे में चुप कराने के लिए अपनी कंपनी के व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी कर उसे पैसे देने के आरोप में आपराधिक सजा और जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप की डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडेन पर मामूली



बढ़त है। चुनाव से सात महीने पहले उन्हें मैनहट्टन कोर्ट रूम में सप्ताह में चार दिन पेश होना पड़ेगा। इस मुकदमे में भले ही उन्हें दोषी ठहराया जाए, मगर उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने और चुने जाने से अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि संविधान आपराधिक सजा वाले उम्मीदवार पर मौन है।

मैनहट्टन मामला संभवत- चुनाव से पहले सुनवाई के लिए आने वाला एकमात्र आपराधिक मामला होगा, क्योंकि जॉर्जिया में चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला दूसरा मामला जो तेजी से आगे बढ़ रहा था, आरोपों के कारण अटक गया है। अभियोजक ने ट्रंप के खिलाफ हितों का टकराव पैदा करने के मामले में मुकदमा चलाने में मदद के लिए एक ब्वॉयफ्रेंड को करदाताओं को 650,000 डॉलर देने की कीमत पर काम पर रखा था।ट्रंप के खिलाफ 6 जनवरी, 2021 के दंगों के कारण चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला संघीय आपराधिक मामला भी लंबित है। यह मामला उस समय का है, जब कांग्रेस को बाइडेन के चुने जाने की पुष्टि करने से रोकने के लिए उनके समर्थकों ने कैपिटल में तोड़-फोड़ की थी। सुप्रीम कोर्ट को अब राष्ट्रपति पद के उनके दावों पर फैसला करना है।उनके खिलाफ एक और लंबित संघीय आपराधिक मामला वर्गीकृत दस्तावेजों को नष्ट करने को लेकर है।ट्रंप ने अदालत कक्ष में प्रवेश करने से पहले कहा ः यह राजनीतिक उत्पीड़न है, यह ऐसा उत्पीड़न है जैसा पहले कभी नहीं हुआ, किसी ने भी ऐसा कभी नहीं देखा है। अभियोजकों ने कहा है कि अभियोजन केवल यह दर्शाता है कि लोकतंत्र में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।वह जब निजी गुप्त सेवा गार्डों के साथ एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन में पहुंचे, तो बाहर उनका समर्थन करने वाले और उनका विरोध करने वाले लोग चिल्लाते हुए वहां जमा हो गए।अदालत कक्ष के अंदर ट्रंप अपने वकीलों के साथ एक मेज पर बैठे। उन्होंने अंतिम समय में न्यायाधीश जुआन मर्चन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाते हुए उन्हें खुद को सुनवाई से अलग करने के लिए कहा।मर्चन के साथ ट्रंप की कई झड़पें हुई हैं, उन्होंने मांग ठुकरा दी और मुकदमे को आगे बढ़ाया।मैनहट्टन के उप लोक अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने ट्रंप के खिलाफ मामलों की दोबारा गिनती शुरू की। उन्होंने कहा कि कुल 34 आरोप हैं। उन्होंने बचाव पक्ष के वकीलों के साथ बातचीत की कि विवादों पर मर्चन के सामने कौन से सबूत पेश किए जा सकते हैं।



# 17 अप्रैल को राम नवमी, जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि और महत्व

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन भगवान राम संग माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा की जाती है। आइए जानते है राम नवमी की पूजा विधि, शुभ मुहूर्त और कथा।

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत 16 अप्रैल को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट से शुरू हो जाएगी। नवमी तिथि का समापन 17 अप्रैल को दोपहर 03 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर राम नवमी का त्योहार 17 अप्रैल 2024 को मनाया जा जाएगा।

## राम नवमी शुभ मुहूर्त

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस तरह से राम नवमी पर पूजा के लिए कुल 2 घंटे और 35 मिनट का समय मिलेगा।

राम नवमी मध्याह्न का समय- 12. 20

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से लेकर 03 बजकर 24 मिनट तक।

गोधूलि मुहूर्त- शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।


## राम नवमी पूजा विधि

राम नवमी का त्योहार हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार होता है, जिसे देश-दुनिया में बहुत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। राम नवमी के दिन सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पवित्र होकर और साफ-सुथरे कपड़े धारण करें। फिर इसके बाद पूजा स्थल की सफाई करें। हाथ में अक्षत लेकर व्रत करने का संपल्प लें फिर भगवान राम की पूजा-अर्चना पूजन सामग्री के साथ आरंभ करें। सबसे पहले भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण और भगवान हनुमान की प्रतिमा को स्थापित करें और सबको रोली, चंदन, धूप, फूल, माला, इत्र आदि से षोडशोपचार पूजन करें। फिर इसके बाद भगवान राम की पूजा में कई तरह फल, मिष्ठान, फूल और गंगाजल का इस्तेमाल करें। भगवान राम की पूजा में तुलसी के पत्तों और कमल के फूल का प्रयोग अवश्य करें। इसके बाद अपनी इच्छा के अनुसार रामचरितमानस, रामायण और रामरक्षास्तोत्र का पाठ करें। अंत में भगवान राम, माता सीता और हनुमान जी की आरती करते हुए पूजा संपन्न करें। पूजा के बाद सभी प्रसाद वितरित करें।

## राम नवमी का महत्व

राम नवमी का त्योहार हर साल बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जन्म लिया था। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म अयोध्या के राजा दशरथ के यहां बड़े पुत्र के रूप में लिया था। धार्मिक मान्यता के अनुसार राम का जन्म रावण के वध के लिए हुआ था। इस कारण से हर साल राम नवमी का पर्व भगवान राम के जन्म दिवस के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार राम नवमी का त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पड़ता है और यह चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन भी होता है। पूरे देश में इस दिन शक्ति की आराधना के साथ राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा जाता है। देशभर इस दिन जगह-जगह धार्मिक जुलूस भी निकाले जाते हैं। राम नवमी के दिन मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस पूरे दिन उपवास रखकर मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से सीख लिया जाता है। सूर्यास्त के बाद व्रत का पारण करते हुए समापन किया जाता है।




# राम से भी बड़ा राम का नाम

**'राम' सिर्फ एक नाम नहीं है और न ही सिर्फ एक मानव। राम परम शक्ति हैं। प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शायद ही यह मालूम है कि वे अपने आसपास नर्क का निर्माण कर रहे हैं। इसीलिए यह चिंता छोड़ दो कि कौन प्रभु श्रीराम का अपमान करता है और कौन सुनता है। कौन जपता है और कौन नहीं जपता है।**

कहते हैं कि प्रभु श्रीरा राम का नाम राम से भी बड़ा है। राम राम जपने से कई लोगों को मोक्ष प्राप्त हो गया। राम एक महामंत्र है, जिसे हनुमान ही नहीं भगवान शिव भी जपते हैं। राम से पहले भी राम का नाम था। प्राचीन काल में राम ईश्वर के लिए संबोधित होता था।

## राम या मार

राम का उल्टा होता है म, अ, र अर्थात मार। मार बौद्ध धर्म का शब्द है। मार का अर्थ है- इंद्रियों के सुख में ही रत रहने वाला और दूसरा आंधी या तूफान। राम को छोड़कर जो व्यक्ति अन्य विषयों में मन को रमाता है, मार उसे वैसे ही गिरा देती है, जैसे सूखे वृक्षों को आंधियां।

## राम नाम कहने का अर्थ

- एक बार राम कहा तो संबोधन हुआ। राजस्थान में कहते हैं राम सा। आपके सारे दु:ख हरने वाला सिर्फ एकमात्र नाम है- 'हे राम।'
- दो बार राम कहा तो अभिवादन हुआ। उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कहते हैं राम राम।
- तीन बार राम कहा तो संवेदना हुई। जैसे 'ये क्या हुआ राम राम राम।'
- चार बार राम कहा तो भजन हुआ।

## तारणहार राम का नाम

राम का नाम जपने वाले कई संत और कवि हुए हैं। जैसे कबीरदास, तुलसीदास, रामानंद, नाभादास, स्वामी अग्रदास, प्राणचंद चौहान, केशवदास, रैदास या रविदास, दादूदयाल, सुंदरदास, मलूकदास, समर्थ रामदास आदि। श्रीराम-श्रीराम जपते हुए असंख्य साधु-संत मुक्ति को प्राप्त हो गए हैं।

## जीवन रक्षक नाम

प्रभु श्रीराम नाम के उच्चारण से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जो लोग ध्वनि विज्ञान से परिचित हैं वे जानते हैं कि 'राम' शब्द की महिमा अपरम्पार है। जब हम 'राम' कहते हैं तो हवा या रेत पर एक विशेष आकृति का निर्माण होता है। उसी तरह चित्त में भी विशेष लय आने लगती है। जब व्यक्ति लगातार 'राम' जप करता रहता है तो रोम-रोम में प्रभु श्रीराम बस जाते हैं। उसके आसपास सुरक्षा का एक मंडल बनना तय समझो। प्रभु श्रीराम के नाम का असर जबरदस्त होता है।

## चौपाई

*हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता?*
*रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए?*

## भावार्थ

हरि अनंत हैं (उनका कोई पार नहीं पा सकता) और उनकी कथा भी अनंत है। सब संत लोग उसे बहुत प्रकार से कहते-सुनते हैं। रामचंद्र के सुंदर चरित्र करोड़ों कल्पों में भी गाए नहीं जा सकते।

# भगवान राम के बारे में 10 बातें

संसार के पालनहार भगवान श्री विष्णु जी ने धर्म की स्थापना और अधर्म के समूल नाश के लिए त्रेतायुग में धरती पर मनुष्य रूप में अवतार लिया था। भगवान विष्णु के अनेक अवतारों में से एक अवतार त्रेता युग में सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी में सूर्यवंश कुल के राजा दशरथ की महारानी कौशल्या के गर्भ से चैत्र मास की नवमी तिथि अभिजीत मुहूर्त में राम जी ने जन्म लिया था। तब से लेकर आज तक युगों-युगों से चैत्र मास की नवमी तिथि को रामनवमी पर्व मनाया जाता है।

- भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है।
- उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है।
- राम जी स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण है जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं।
- भगवान राम समाज में व्याप्त ऊंच नीच के भेदभाव को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का उदाहरण इसे समझने के लिये सर्वोत्तम है।
- राम जी वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले हैं।
- भगवान श्री राम विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले परम पराक्रमी है।
- रामनवमी के दिन धूमधाम के साथ राम जन्मोत्सव मनाते हुए श्रीरामचरित मानस ग्रंथ का पाठ करना चाहिए।
- श्रीराम लला को मावा एवं पंजरी का भोग अति प्रिय है।
- श्रीरामनवमी के दिन उपवास रखने से जीवन में सुख समृद्धि आती है और ज्ञात-अज्ञात सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है।





# रामनवमी पर बने हैं शुभ योग

चैत्र माह की नवमी तिथि को बेहद खास माना जाता है। इस दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। इसके साथ ही सिद्धदात्री माता की पूजा के साथ ही नवरात्रि का समापन भी इसी दिन होता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। यही वजह है कि, चैत्र माह की नवमी तिथि को राम नवमी के नाम से भी जाना जाता है। हर साल इस दिन पूरे भारत वर्ष में राम जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से माना जाता है।

## भगवान राम की पूजा से मिलते हैं ये लाभ

राम नवमी के दिन विधि-विधान से भगवान राम की पूजा करने से भक्तों के संकट कट जाते हैं। भगवान राम की पूजा से आपकी रचनात्मक क्षमता का विकास होता है और बौद्धिक रूप से भी आप मजबूत होते हैं। घर परिवार में सुख-समृद्धि रखने वालों को भी राम जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। राम नवमी पर श्रीराम की पूजा करके आपके घर में सकारात्मकता आती है, इसके साथ ही राम जी की पूजा करने से माता पार्वती, हनुमान जी और भोलेनाथ का आशीर्वाद भी आपको प्राप्त होता है।

# जीवन को खुशियों से भर देंगे राम नवमी के अचूक उपाय

इस वर्ष रामनवमी पर्व 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दिन निम्न उपाय आजमाने से जीवन में खुशियां आती है।

- इस दिन 1 कटोरी में पानी लेकर रामरक्षा मंत्र ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नम- का 108 बार जाप करें। फिर घर के सभी कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे वास्तुदोष दूर होने के साथ ही घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएगी।
- दांपत्य जीवन में दूरियां कम करके प्रेम बढ़ाने के लिए महिला इस दिन खीर बनाकर उसे रात्रि में चन्द्रमा की रोशनी में एक घंटे तक रखने के बाद वह खीर दोनों मिलकर खा लें।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन..., का पाठ करें। ऐसा करने से व्यक्ति के दुख और कष्ट दूर होते हैं।
- रामनवमी पर प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी की गुणगान करें और हनुमान चालीसा का संपूर्ण पाठ करें। इससे जातक पर श्रीराम और हनुमान जी की कृपा बनी रहती है।
- राम नवमी के दिन राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इससे सभी तरह के सकंट दूर होकर आपकी रक्षा होगी।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के पूजन के समय राम नाम का जप जरूर करें। इससे जीवन में सुख एवं खुशहाली आएगी।
- राम नवमी के दिन रामायण या रामचरितमानस का पाठ करना या कराना अत्यंत ही शुभ माना गया है। इससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सारे दुग्ख दूर हो जाते हैं।
- रामनवमी के दिन सुंदरकांड का पाठ करने या कराने से जीवन में मंगल ही मंगल होता है। या सिर्फ फ्रमंगल भवन अमंगल हारी द्रवहुसु दसरथ अजिर बिहारी चौपाई का सम्पुट लगाकर पाठ करें। (चौपाई का अरद्धांश रामचरित मानस के पाठ के हर दोहे के पहले और बाद में पाठ किया जाता है तो उस अर्द्ध अंश को सम्पुट कहते हैं)



# राम जन्म की रोचक घटनाएं

**भगवान प्रभु श्रीराम का जन्म वाल्मीकि कृत रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को हुआ था। आओ जानते हैं जन्म की रोचक घटनाएं।**

- **राजा दशरथ ने किया था पुत्रेष्टि यज्ञ :**
  रामचरितमानस के बालकांड के अनुसार राजा दशरथ ने पुत्र की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। वशिष्ठजी ने श्रृंगी ऋषि को बुलवाया और उनसे शुभ पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। इस यज्ञ के बाद कौसल्या आदि प्रिय रानियों को पुत्र प्राप्त हुए।
- **शुभ योग में हुआ जन्म :**
  योग, लग्न, ग्रह, वार और तिथि सभी अनुकूल हो गए तब श्रीराम का जन्म हुआ। पवित्र चैत्र का महीना था, नवमी तिथि थी। शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित मुहूर्त था। दोपहर का समय था। न बहुत सर्दी थी, न धूप (गरमी) थी।
- **चारों और मौसम खुशनुमा हो गया :**
  वह पवित्र समय सब लोकों को शांति देने वाला था। जन्म होते ही जड़ और चेतन सब हर्ष से भर गए। शीतल, मंद और सुगंधित पवन बह रहा था। देवता हर्षित थे और संतों के मन में (बड़ा) चाव था। वन फूले हुए थे, पर्वतों के समूह मणियों से जगमगा रहे थे और सारी नदियां अमृत की धारा बहा रही थीं।
- **देवता उपस्थित हुए :**
  जन्म लेते ही ब्रह्माजी समेत सारे देवता विमान सजा-सजाकर पहुंचे। निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया। गंधर्वों के दल गुणों का गान करने लगे। सभी देवाता राम लला को देखने पहुंचे।
- **नगर में हुआ हर्ष व्याप्त :**
  राजा दशरथ ने नांदीमुख श्राद्ध करके सब जातकर्म-संस्कार आदि किए और द्वीजों को सोना, गो, वस्त्र और मणियों का दान दिया। संपूर्ण नगर में हर्ष व्याप्त हो गया। ध्वजा, पताका और तोरणों से नगर छा गया। जिस प्रकार से वह सजाया गया। चारों और खुशियां ही खुशियां थीं। घर-घर मंगलमय बधावा बजने लगा। नगर के स्त्री-पुरुषों के झुंड के झुंड जहां-तहां आनंदमग्न हो रहे हैं।